e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 82
शनिवार
23.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
अहंकार कभी न करें, सभी के साथ अच्छा व्यवहार करें।

ताजा खबरों के लिए देखें

**रोजा का समय**
इफ्तार (23.03.24): शाम 06:02 बजे
सेहरी (24.03.2024) सुबह 04 : 27 बजे




## भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किए गए पीएम मोदी

# भारत व भूटान सही दिशा में बढ़ रहे हैं आगे : पीएम मोदी

### वैश्विक नेतृत्व के उत्कृष्ट अवतार हैं नरेंद्र मोदी : भूटान नरेश

एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भूटान के राजा ने पीएम मोदी को ऑर्डर ऑफ ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित किया है। इसके साथ ही पीएम मोदी भूटान का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पाने वाले पहले गैर-भूटानी व्यक्ति हैं। स्थापना के बाद से अब तक यह पुरस्कार केवल चार प्रतिष्ठित हस्तियों को प्रदान किया गया है। पीएम मोदी भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पाने वाले पहले विदेशी शासनाध्यक्ष हैं। वहीं ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, आज मेरे जीवन का बहुत बड़ा दिन है, मुझे भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। हर पुरस्कार विशेष होता है, लेकिन जब आपको किसी देश से पुरस्कार मिलता है तो इससे पता चलता है कि दोनों देश सही रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। मैं प्रत्येक भारतीय के आधार पर इस सम्मान को स्वीकार करता हूं और इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और भूटान के बीच संबंध जितने प्राचीन हैं, उतने ही नए और समकालीन भी हैं। जब मैं 2014 में भारत का प्रधानमंत्री बना, तो मेरी पहली विदेश यात्रा के रूप में भूटान जाना मेरे लिए स्वाभाविक था। पीएम मोदी ने ये सम्मान 140 करोड़ देशवासियों को समर्पित किया है।पीएम मोदी को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित करने के बाद भूटान के राजा ने कहा कि नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और वैश्विक नेतृत्व के उत्कृष्ट अवतार हैं। उनके नेतृत्व में, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है और 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। प्रधानमंत्री मोदी भारत की प्राचीन सभ्यता को प्रौद्योगिकी और नवाचार के एक गतिशील केंद्र में बदलकर नियति के प्रतीक के रूप में उभरे हैं।



### भारत और भूटान के बीच रेल संपर्क पर बनी सहमति

**भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान के बीच रेल संपर्क को लेकर सहमति जता चुके हैं और इस संबंध में एमओयू पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। बयान में कहा गया है कि समझौता ज्ञापन में भारत और भूटान के बीच दो प्रस्तावित रेल संपर्क का प्रावधान किया गया है, जिसमें कोकराझार-गेलेफू रेल संपर्क और बनारहाट-समत्से रेल संपर्क और उनके कार्यान्वयन के तौर-तरीके शामिल हैं। इसके अनुसार ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण उपायों के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन का उद्देश्य ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा विकसित 'स्टार लेबलिंग' कार्यक्रम को बढ़ावा देकर घरेलू क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने में भूटान की सहायता करना है। बयान में कहा गया कि भूटान के प्रधानमंत्री की मौजूदगी में दोनों पक्षों ने ऊर्जा, व्यापार, डिजिटल संपर्क, अंतरिक्ष, कृषि और युवा संपर्क पर कई समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया।**

### दो दिन की भूटान यात्रा पर पीएम मोदी

पीएम मोदी ने भूटान की अपनी दो दिवसीय राजकीय यात्रा शुरू करते हुए शुक्रवार को भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की। भूटान नरेश से मुलाकात से पहले मोदी का भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी 'पड़ोस प्रथम' की नीति के तहत भूटान के साथ भारत के अनूठे संबंधों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भूटान पहुंचे। अपने आगमन के कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह खूबसूरत देश में यादगार स्वागत के लिए भूटानी लोगों के आभारी हैं। उन्होंने भारत-भूटान मित्रता के नयी ऊंचाइयां छूते रहने की आशा जताई।

## अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी तानाशाही रवैया : चम्पाई सोरेन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी द्वारा किए गए गिरफ्तारी पर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सहित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सवाल उठाया है। साथ ही इसे तानाशाही रवैया बताया है। चम्पाई सोरेन ने शुक्रवार सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि राजनीतिक दलों को तोड़ने, विधायकों को डराने-धमकाने व लालच देकर सरकारें गिराने, मीडिया पर कब्जे तथा कंपनियों से वसूली के बाद अब विपक्ष के मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी आम बात हो गई है। जरा सोचिए कि एक मेयर का चुनाव जीतने के लिए सारे नियमों को ताक पर रखने वाले ये लोग लोकसभा का चुनाव जीतने के लिए किस हद तक जायेंगे? आजादी के सात दशकों बाद यह देश लोकतंत्र से चलेगा या तानाशाही से, यह फैसला आपको करना है। चम्पाई ने कांग्रेस के बैंक अकाउंट को फ्रिज करने पर भी सवाल किया है। उन्होंने कहा है कि इनकम टैक्स द्वारा चुनावों के ठीक पहले कांग्रेस के बैंक अकाउंट को फ्रीज करना वास्तव में भारत के लोकतंत्र को फ्रीज करने की कोशिश है। सारी एजेंसियों को लगाने और सुप्रीम कोर्ट द्वारा अवैध ठहराए गये चुनावी बॉन्ड में हजारों करोड़ लेने के बाद यह स्टेप भाजपा के डर को दर्शाता है। चम्पाई ने सवाल करते हुए कहा है कि चुनावों की घोषणा के बाद क्या आप विपक्षी दलों को चुनाव लड़ने से रोकना चाहते हैं? इन चुनावों में लोकतंत्र के इन विरोधियों को जनता द्वारा करारा जवाब मिलेगा। हेमंत सोरेन के एक्स पर उनकी ओर से उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने पोस्ट किया है। उन्होंने कहा है कि शासन का मतलब तानाशाही हो गया है। देश का हर एक कोना इनके जुल्म की गवाही हो गया है। इन्हें लगता है कि करोड़ों लोगों का नेतृत्व कर रहे जन नेताओं को गिरफ्तार कर ये फिर से गद्दी पर बैठ जाएंगे। देश की स्वाभिमानी-निडर जनता इनके भ्रम और अहंकार का मुंहतोड़ जवाब देगी। इंडिया झुकेगा नहीं।

**चम्पाई ने कांग्रेस के बैंक अकाउंट को फ्रिज करने पर भी सवाल किया है। उन्होंने कहा है कि इनकम टैक्स द्वारा चुनावों के ठीक पहले कांग्रेस के बैंक अकाउंट को फ्रीज करना वास्तव में भारत के लोकतंत्र को फ्रीज करने की कोशिश है।**

## क्विक न्यूज

### गिरिडीह में ट्यूशन पढ़ने जा रहे दो छात्रों को ट्रक ने रौंदा, मौत

**गिरिडीह :** गिरिडीह-बेंगाबाद मुख्य मार्ग स्थित महुआर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने शुक्रवार को बाइक सवार दो छात्रों को रौंद दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। दोनों छात्र बाइक पर सवार होकर ट्यूशन पढ़ने जा रहे थे। बताया जाता है कि बेंगाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले पंकज पंडित और सुभाष पंडित बाइक पर सवार होकर ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रहे थे। तभी महुआर के पास उनकी बाइक एक तेज रफ्तार मालवाहक ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। स्थानीय लोगों ने दोनों छात्रों को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जिप अध्यक्ष मुनिया देवी सदर अस्पताल पहुंचीं और परिजनों को सांत्वना दी।

### लाखों रुपये के ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी :** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और नक्सलबाड़ी थाने की पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर लाखों रुपये के ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम मतलू शेख है। वह मालदा जिले के कालियाचक का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार दोपहर को गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ और नक्सलबाड़ी पुलिस ने नक्सलबाड़ी के सतभैया इलाके के एशियन हाईवे- 2 पर अभियान चलाकर मतलू शेख को पकड़ा। जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक किलो ब्राउन शुगर बरामद हुआ। जिसके बाद आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि आरोपित ब्राउन शुगर बेचने के उद्देश्य से कालियाचक से नक्सलबाड़ी आया था। बरामद ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत 50 लाख है। नक्सलबाड़ी थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### मुखिया को अपराधियों ने मारी गोली, भर्ती

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला अंतर्गत पांकी थाना क्षेत्र के मुखिया संघ के अध्यक्ष जितेंद्र पांडे को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही घटना की जानकारी मिलते ही पांकी थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर घायल जितेंद्र पांडे को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना के बाद से पांकी थाना की पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### पूर्व सीएम हेमंत ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की याचिका, हाईकोर्ट के आदेश को दी चुनौत

**रांची :** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है. इस याचिका के माध्यम से उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दो गई थी.अपनी याचिका में उन्होंने यह मांग की है कि आने वाले दिनों में आहूत होने वाले विधानसभा के सत्र में उन्हें शामिल होने की अनुमति दी जाये. दरअसल, हेमंत सोरेन मनी लाउंड्रिंग के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं. पिछले महीने हुए विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए उन्होंने पीएमएलए कोर्ट और हाईकोर्ट से अनुमति मांगी थी। लेकिन दोनों ही अदालतों ने उन्हें सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी थी.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $26^0$ |
| न्यूनतम | $12^0$ |

# लातेहार : छह अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार:** लातेहार पुलिस ने बरवाडीह थाना क्षेत्र के केचकी संगम के पास लूटपाट की योजना बना रहे छह अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अपराधियों में विशाल कुमार वर्मा उर्फ बिट्टू (उचहरा, पिपराटांड, पलामू), डब्लु कुमार सिंह(पगार, पिपराटांड, पलामू), शशिकांत कुमार उर्फ गुड्डू (जमुनीयाडीह, तरहसी,पलामू), बुद्धेश्वर उरांव (बुडका, सिसई,गुमला), विष्णु उरांव (भरगांव, भरनो, गुमला) व सत्यप्रकाश सिंह (गुरटुरी, तरहसी, पलामू ) शामिल है। पुलिस ने अपराधियों के पास से दो देशी पिस्तौल, दो देशी कट्टा,11 जिंदा कारतूस, 12 मोबाइल, एक कार, एक रायपुरी चाकू, सेंधमारी औजार, 8090 रुपए नगद, ताला तोड़ने का औजार, कटर ब्लेड, शूटर काटने का औजार समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। इसकी जानकारी एसपी अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गुरुवार की रात बरवाडीह के केचकी संगम के पास कुछ अपराधी बड़े अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए हैं। इसके बाद बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देशन पर एक छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसका नेतृत्व प्रशिक्षु आईपीएस सह बरवाडीह थाना प्रभारी ललित मीणा कर रहे थे। छापेमारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर सभी छह अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जबकि चार अन्य अपराधी जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहें। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी अपराधी लातेहार, पलामू, गुमला,खूंटी जिले में लूटपाट, डकैती समेत कई कांडो को अंजाम दिया करते थे। छापेमारी अभियान में प्रशिक्षु आईपीएस सह बरवाडीह थाना प्रभारी ललित मीणा, बरवाडीह पुलिस अवर निरीक्षक राधेश्याम कुमार, मनिका थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा, पुलिस अवर निरीक्षक अनूप कुमार, अनुराग, सत्येंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, सुनील कुमार, हवलदार कलीमुल्ला आजाद, जवान सुनील गिद्ध, पिथो सोरेन, धनपति टुडू समेत बरवाडीह थाना के रिजर्व गार्ड व सैट-45 के जवान शामिल थे।

## भारतीय रेलवे चलाएगा 571 होली ट्रेनों सहित 1098 स्पेशल ट्रेनें

**नई दिल्ली (एजेंसी):** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव।ने कहा है कि होली के मौके पर 571 होली ट्रेनों सहित 1098 अतिरिक्त विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है. साथ ही रेलवे की ओर से 30 लाख यात्रियों की अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध कराई गई है. होली से चार-पांच दिन पहले और चार-पांच दिन बाद तक ट्रेनों में काफी संख्या में लोगों की आवाजाही बनी रहती है. स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए उचित व्यवस्था की गई है.

## कोर्ट ने केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर भेजा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सीएम अरविंद केजरीवाल को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर भेज दिया है. हालांकि ईडी ने केजरीवाल की रिमांड 10 दिन के लिए मांगी थी. लेकिन कोर्ट ने 6 दिन की रिमांड पर भेजा है. वह 28 मार्च को दोपहर 2 बजे कोर्ट में पेश होंगे. केजरीवाल की होली जेल मे मनेगी. कोर्ट के फैसले के पहले दोनों पक्षों ने कोर्ट में दलीलें दीं. केजरीवाल की ओर से पेश हुए वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध किया. साथ ही ये सवाल भी उठाया कि जब ईडी के पास सब कुछ है तो गिरफ्तारी क्यों की गई है. उधर देशभर में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए हैं.



**शराब घोटाले का सरगना हैं अरविंद केजरीवाल:** राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत को बताया कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली शराब घोटाले के किंगपिन (सरगना) हैं. ईडी ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली शराब नीति के गठन में सीधे तौर पर शामिल थे. केजरीवाल ने रिश्वत लेने के लिए कुछ खासों लोगों का पक्ष लिया. अपराध की आय का इस्तेमाल आम आदमी पार्टी के गोवा चुनावों के लिए किया गया था.ईडी ने कहा कि दो बार कैश का ट्रांसफर हुआ था. शराब घोटाले का आरोपी विजय नायर केजरीवाल के लिए काम कर रहा था. नायर दरअसल केजरीवाल के घर के पास ही रह रहा था. वह केजरीवाल का करीबी था. वह दरअसल बिचौलिये की तरह काम कर रहा था. केजरीवाल ने दक्षिण लॉबी से रिश्वत मांगी थी. हमारे पास उनके खिलाफ रिश्वत मांगने के पुख्ता सबूत हैं. ईडी ने कोर्ट को बताया कि शराब घोटाले में आरोपी कविता के बयान भी लिए गए हैं.
दर्ज बयानों के मुताबिक केजरीवाल ने कविता से मुलाकात की और उनसे कहा कि उन्हें दिल्ली शराब नीति पर मिलकर एक साथ काम करना चाहिए. ईडी ने केजरीवाल को लेकर कई दावे किए हैं.



**संक्षिप्त खबरें**

## बुजर्ग व्यक्ति से पच्चास हजार की हुई लूट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लेस्लीगंज :** पलामू में अपराधी इतना बेख़ौफ़ हो गए हैं कि दिन प्रतिदिन कभी हत्या, पैसे और गहने लूट का मामला सामने आते रहता है ऐसा ही कुछ छिनतई का मामला लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के गोराडीह निवासी 73वर्षीय मुनेश्वर पांडे के साथ हुई है। मुनेश्वर पांडे कि पोती के कुछ दिन बाद शादी है जिसके लिए उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक लेस्लीगंज से 50000रु. निकासी कर अपने घर गोराडीह पैदल जा रहे थे जगतपुरवा पहुंचते ही अज्ञात बाइक सवार लोगो ने पैसे को लूट ले गए। घटना बृहस्पतिवार समय करीब 1:00बजे दिन की है सुचना मिलते ही लेस्लीगंज पुलिस मौके पर पहुंच अनुसन्धान जारी कर दिया है।

# राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी कराएगी ब्रज की रास होली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शनिवार को ब्रज की रास होली की झलक देखने को मिलेगी। रेड़मा में रांची रोड स्थित राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। जहां रंग-गुलाल, स्वाल्पाहार के अलावा बाहर से आए कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक गीत, नृत्य, संगीत का रंग पर झुमने का मौका मिलेगा। जिसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि होली उमंग, उल्लास, उत्साह को संचार करने वाला उत्सव है। होली मिलन समारोह मिलजुल कर एकता, सद्भाव, भाईचारगी का संदेश देने का अवसर प्रदान करता है। इसी सोच के साथ ब्रज की रास होली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रंगारंग झांकियों पर झुमने पर लोग विवश होंगे। देवेंद्र तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक धर्मनिष्ठ सनातनी धर्मरक्षक श्री अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय एवं राष्ट्रीय सचिव भूदेव सोनू मिश्रा की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। साथ ही विप्र परिवार समेत सनातन धर्मावलंबी को होली मिलन समारोह में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

## चैनपुर प्रखंड परिसर में होली मिलन समारोह मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधि एवं पंचायत समिति ने एक-दूसरे पर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि रंगों का त्योहार होली सभी जाति धर्म मिलकर मनाते हैं। इसमें सभी लोग आपसी द्वेष भुलाकर एक दूसरे पर रंग लगाते हैं। उन्होंने सभी लोगों से चैनपुर प्रखंड में आपसी भाईचारे के साथ होली मनाने का अनुरोध किया। उप प्रमुख सुनील सिंह ने लोगों से कहा कि होली एक ऐसा त्योहार है जिसमें ऊंच-नीच या बड़ा-छोटा नहीं देखा जाता है। सभी लोग एक दूसरे पर रंग लगाकर एक दूसरे के गले लग जाते हैं। प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि को एक अभिभावक की भूमिका निभाने का अनुरोध किया। सभी अपने क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से होली मनवाने का अनुरोध किया। मौके पर बबलू चौरसिया, ध्रूप कुमार गुप्ता, प्रदीप दुबे, कमल किशोर, शुकुल रवि, संजय प्रसाद, विधायक प्रत्याशी मुन्ना कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थें।

## अवैध उत्खनन कर बालू का कारोबार करने वालों के विरुद्ध लगातार छापामारी जारी




**हुसैनाबाद/पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैदरनगर थाना क्षेत्र के पंसा गांव से अवैध बालू लेकर ट्रैक्टर के आने की गुप्त सूचना पर पुलिस ने हैदरनगर पंसा मुख्य पथ पर बुधवार की रात जब्त कर थाना लाया है। पुलिस के वाहन आते देख ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि कोयल व सोन नदी से अवैध तरीके से उत्खनन कर बालू का कारोबार करने वालों के विरुद्ध पुलिस की लगातार छापामारी जारी है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के उत्पाद व बिक्री के अलावे अवैध बालू के व्यवसाय से जुड़े लोगों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। जब्त बालू लदे वाहन की सूचना जिला खनन पदाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई के लिये दे दी गई है।

## जनता द्वारा चुने हुए मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी लोकतंत्र को शर्मसार करने वाली घटना है



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिल्ली मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी राजनीतिक साजिश है। सबसे अधिक भय भाजपा को अरविंद केजरीवाल से ही है। उक्त बातें भवनाथपुर विधान सभा के आम आदमी पार्टी के नेता मंटु पांडेय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को ईडी के टीम के द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी एक राजनीतिक साजिश के तहत किया गया है। जो कि लोकतंत्र को शर्मसार करने वाली घटना है। एक चुनी हुई सरकार के मुख्यमंत्री को उनके आवास से गिरफ्तार कर भाजपा अपनी लोकसभा में आने वाले रोड़ा को समाप्त कर चुनाव मैदान खाली रखना चाहती है।जारी विज्ञप्ति में उन्होंने यह भी कहा है कि सारे विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओ को ईडी, सीबीआई का भय दिखाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी चुनावी मैदान साफ करने में लगे हुए। क्योंकि वह जानते हैं कि इनके बाहर रहते सरकार बना पाना संभव नही है।जबकि सबसे अधिक भ्रष्टाचारी नेता भाजपा में है।उनमे से कोई मुख्यमंत्री तो कोई उपमुख्यमंत्री बन कर पाक साफ बना हुआ है। वाकई में भरष्टाचार पर वार होता तो भाजपा के कई शीर्ष नेतृत्व जेल में होते। लेकिन सिर्फ और सिर्फ अपनी सत्ता बचाने के लिए सरकारी तंत्रों का दुरुपयोग किया जा रहा है। भाजपा का देश में विपक्षी दलों को समाप्त करने की यह सरकारी योजना नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रहा है। जो कि बहुत ही दुःखद है। ऐसी ही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में सरकार द्वारा लगातार विपक्ष के माध्यम से जनता की आवाज को दबा दिया जाएगा, और एक हिटलर शाही शासन को बढ़वा मिलेगा। जो कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नही है। वाकई में केंद्र सरकार द्वारा भरष्टाचार पर नकेल कसने की प्रक्रिया शुरू है, तो सबसे भाजपा में शामिल उन भरष्ट नेताओ पर भी नकेल कसे और उन्हें जेल भेजे।

# मोहम्मदगंज पुलिस ने अवैध जावा महुआ व शराब को जब्त कर किया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद/पलामू :** मोहम्मदगंज लोकसभा चुनाव और होली पर्व को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार मोहम्मद गंज थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध गुरुवार को मोहम्मद गंज थाना क्षेत्र के कादल कुर्मी गांव में थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी के नेतृत्व में विशेष छापामारी किया गया। जिसमे काफी मात्रा में जावा महुआ व शराब को जब्त कर उक्त स्थल पर ही नष्ट कर दिया गया। छापामारी अभियान के दौरान पुलिस को देखकर कारोबारी मौके से फरार हो गए। कारोबारियों द्वारा छापामारी अभियान में नुकसान को कम करने के लिए शराब माफियाओं द्वारा ड्रम की जगह बेट में जावा महुआ तैयार किया जा रहा था। अभियान में 65 केजी जावा महुआ तथा कई लीटर तैयार महुआ शराब बरामद किया गया। छापामारी दल को देखकर शराब माफियाओं ने निर्माण स्थल से फरार हो गए। मौके पर मोहम्मद गंज थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे। थाना प्रभारी ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## आपसी भाईचारा व प्रेम वाला पर्व है होली : वीरेंद्र कुशवाहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** अनुमंडल क्षेत्र के कुकही पंचायत के गोरेवटा गांव में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप वीरेंद्र कुशवाहा वरिष्ठ समाजसेवी धर्मेंद्र मेहता पूर्व मुखिया जितेंद्र पासवान मुकेश मेहता ने सयुंक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक मेहता ने किया। और कार्यक्रम का आयोजक पूर्व जिला परिषद उम्मीदवार संतोष मेहता सहित अन्य लोग शामिल थे। मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुशवाहा ने कहा की लोगों से प्यार सौहाद्र और मोहब्बत वाली होली है। सभी लोगो से प्रेम के साथ होली मनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह अपने आप में संतोष मेहता के द्वारा किया गया एक अनोखे तरह का आयोजन है, जिससे समाजिक सौहाद्र का संदेश जाए। उन्होंने कहा कि यह त्योहार समाज में प्यार सौहाद्र बांटने का त्योहार है। हुसैनाबाद के वरिष्ठ समजसेवी धर्मेंद्र मेहता ने कहा की होली मिलन समारोह की आयोजन से समाज की एकता मजबूत होती है और इस तरह का आयोजन होना चाहिए जिसके लिए संतोष भाई बधाई का पात्र है। वही अपने संबोधन में पूर्व जिला परिषद उम्मीदवार संतोष मेहता ने कहा कि यह आपसबो के आशीर्वाद से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। और अपने आप में अनूठा भी है जो कई सामाजिक संदेश देता है। इस अवसर पर इलाके के प्रसिद्ध गायक सुरेंद्र सहनी पलामू और सिकेंद्र तूफानी बिहार और उनकी टीम ने अपने वादन गायन और नृत्य से लोगों का दिल जीत लिया। वहीं इस कार्यक्रम मुख्य रूप से मुकेश मेहता, अरुण कुमार, राजीव कुमार शर्मा, रविशंकर कुमार, यमुना यादव, नरेंद्र सिंह, मनोज मेहता, जगनारायण मेहता, पप्पू पासवान, गुड्डू कुमार, सहित गांव के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## होली महापर्व को लेकर थाना परिसर में हुआ शांति समिति की बैठक



**खरौंधी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर में खरौंधी प्रखंड विकास रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में बीडीओ रविंद्र कुमार ने उपस्थित हिंदू,मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगो से होली पर्व शांति वातावरण तथा भाई चारे के साथ मनाने की अपील किया. उन्होंने उपस्थित लोगो से कहा की होलिका दहन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था तथा होली के दिन किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित न हो इस पर सभी लोग नजर बनाये रखे।अंचलाधिकारी सुनील कुमार ने कहा की खरौंधी थाना अंतर्गत सभी गांवों में दोनों समुदाय आपस में मिलकर भाई चारे की तरह आपस में मिलकर होली पर्व को शांति पूर्ण मनाये. ताकि किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना न घटे. और कोई भी व्यक्ति असामाजिक तत्वों का प्रयोग ना करें साथ ही किसी भी अपवाहों पर ध्यान न दें अगर किसी व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर अपवाह फैलाया जाता है तो इसकी सूचना तुरंत थाना को दें. साथ ही अगर कहीं पर किसी व्यक्ति द्वारा कोई और आसामाजिक तत्वों का प्रयोग किया जाता है तो इसकी भी सूचना थाना को दें। वहीं थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने कहा कि होली पर्व में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के साथ होली शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर अवैध महुआ शराब पर पूर्ण रूप पाबंदी लगाने के लिए क्षेत्र में लगातार पुलिस गस्ती दल को तेज करने के साथ जुआरियों और हुड़दंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। ताकि होली पर्व में किसी प्रकार की अराजकता फैलाने वालें असामाजिक तत्वों को बक्सा नही जायेगा और वैसे लोगो को चिन्हित कर करवाई किया जायेगा. इसके साथ ही थाना प्रभारी ने सूचना दे। किसी भी तरह को आसामाजिक तत्वों के द्वारा कोई घटना ना घटे इसकी सूचना तुरंत थाना प्रभारी को दें। मौके पर उपस्थित खरौंधी उप प्रमुख देवदत् प्रसाद आर्य, राजकेश्वर यादव, अजय मेहता, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, गोरखनाथ चौधरी, कृष्णा शाह, राजेश कुमार राजक, रामकृपाल दिवेदी, बृजबिहारी दुबे, देवबंश गुप्ता, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## रंगों का पर्व होली को लेकर पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** रंगों का त्योहार होली को लेकर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी एवं प्रशिक्षु एस पी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के संयुक्त नेतृत्व में प्रखंड प्रशासन व पुलिश प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च सेन्हा थाना के समीप से प्रारम्भ हो कर मुख्य पथ से ठाकुरबाड़ी, बड़ी मस्जिद, कोइरी मुहल्ला, साहु मुहल्ला, सरना टोली, अस्पताल रोड होते हुए पुनः मुख्य पथ में पँहुचा। वही प्रशिक्षु एस पी सह थाना प्रभारी ने आम जनों से अपील करते हुए कहा कि पर्व त्यौहार के दौरान हुड़दंगी करने का कोसीस न करें और शांति तथा सौहार्द से मिलजुल कर खुशी खुशी त्यौहार मनाये जिसे क्षेत्र में अमन चैन स्थापित हो डीजे बाजा में भड़काऊ गाना बजाने से बचें जिसे किसी को ठेस न पँहुचे और त्योहार के अवसर पर शांति व्यवस्था कायम रहे। मौके पर एस आई मनोज कुमार, पंकज यादव, मनीष कुमार, अविनाश राम, ए एस आई रामचन्द्र मांझी, अल्बिना लकड़ा सहित अन्य सभी पुलिस कर्मी व जवान शामिल थे।

# पवित्र माह ए रमजान महीना के दूसरे जुम्मे की नमाज रोजेदारों ने मस्जिदों में किया अदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पवित्र माह ए रमजान महीना के दूसरे जुम्मे की नमाज शुक्रवार को अनुमंडल मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के रोजेदारों ने मस्जिदों में नमाज अदा की। रमजान मुबारक के दूसरे जुम्मे की नमाज में रोजेदारों की काफी भीड़ देखा गया। नगर उंटारी मस्जिद, चेचरिया मस्जिद, बरडीहा मस्जिद, नरही मस्जिद, कधवन मस्जिद, कोइन्दी मस्जिद, सोनबरसा मस्जिद में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने दूसरे जुम्मे की नमाज पढ़कर जिले में अमन-चैन एवं खुशहाली की दुआ मांगी. मोहतमीम मौलाना अब्दुल कादिर साहब में कहा कि पवित्र रमजान रहमतों एवं बरकतों का महीना है. इस माह में अल्लाह की इबादत से हर दुख दूर होता है .उन्होंने कहा कि इस्लाम की बुनियाद पांच चीजों पर कायम है पहला कलमा पढ़ना, दूसरा नमाज पढ़ना, तीसरा रमजान में रोजे रखना, चौथा जकात अदा करना और पांचवा हज करना। उन्होंने कहा कि नमाज जकात और हज का सवाब तो सबको मालूम है लेकिन रोजे का सवाब केवल अल्लाह ही जानता है। उन्होंने रोजेदारों से इमानदारी से रोजा रखने और अल्लाह की इबादत करने का अपील किया. दूसरा जुम्मा के मौके पर बच्चे, युवा एवं बूढ़े लोग मस्जिदों में जहां खुदा की इबादत की, वहीं महिलाएं भी अपने-अपने घरों में खुदा की बंदगी की.नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने देश के अमन-चैन, खुशहाली के लिये अल्लाह से दुआएं मांगी। मौके पर सदर तौहिद खान, शमीम खान, आमीन खान, लालबाबू खान, आजाद खान, तस्लीम खान, महमूद आलम, शोएब आलम, फिरोज आलम, तौवाब खान, सदर मुश्ताक अहमद शेख़, शमीम अख्तर, मसउवर अंसारी, साबिद अंसारी, डॉ रिज़वान अहमद, डॉ असगर अली रइस अंसारी, साजिद रजा, मकसूद, इंतजार, गुलाम, रासीब, कासिफ, नौसाद सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**एमएसए स्कूल में हुआ भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन**

## आपसी एकता और प्रेम को बढ़ाता है होली पर्व : मो. शफीक अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पोखराहा खुर्द स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने बच्चों को अबीर गुलाल लगाकर होली का मुबारकबाद दिए। इस दौरान स्कूली बच्चों ने अपने शिक्षकों को अबीर-गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और होली के गानों पर नृत्य कर एवं फाग गीत गाकर खुब मस्ती की। इस अवसर पर स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने कहा कि होली भारतीय समाज का एक प्रमुख त्योहार है इस उत्सव का संबंध किसी जाति धर्म भाषा या क्षेत्र से ना होकर समभाव से है। होलिका दहन समाज में उपस्थित दुराचार पर सदाचार कि विजय के साथ साथ समाज में व्याप्त समस्त बुराईयों के अंत का प्रतिक है। मौके पर उपस्थित प्राचार्या सुनिता प्रसाद ने बच्चों को होली की मुबारकबाद देते हुए बताया कि होली मुख्यत भाईचारे और आनंदोल्लास का त्योहार है। उन्होंने बच्चों को रसायनिक रंगों के बजाय चंदन, गुलाबजल, केसु एवं पलाश के फूलों से बना हुआ रंगों से होली खेलने को प्रेरित किया। उप प्राचार्य अफज़ल शफीक ने कहा कि होली मेल मिलाप का त्योहार है। इसमें सभी को गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए। कार्यक्रम का अध्यक्षता राहुल पाण्डेय सर कर रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुशबू सोनी, घुंघरू सिंह, नवल किशोर सिंह, राहुल पाण्डेय, किशन कुमार, बबीता शर्मा, खुशी शर्मा, स्मृति स्नेहा, नेहा प्रवीण, गुलशन खातून सहित उपस्थित ड्राइवर, वार्डन, गार्ड साहब व सभी अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज, 2.91 लाख का जुर्माना भी लगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद/पलामू :** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। 11 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 11 लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 11 लोगों पर 2.91 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें शैलेश कुमार सिंह, बिमला देवी, राजा कुमार, अरुण सिंह, सूबा सिंह, हरबिंदर सिंह, सीताराम मेहता, राजेश्वर राम,अभिनंदन गुप्ता, संतोष गुप्ता, बिंदेश्वरी यादव के नाम शामिल हैं। सभी हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता राम प्रसाद मेहता, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, उबैद अहमद व अशोक मेहता शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुक्तान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस माह होली की वजह 26 को लगने वाला शिविर 29 मार्च को हैदरनगर के तिवारी कांप्लेक्स में लगाया जाएगा। शिविर में बिल का भुगतान समेत अन्य समस्या का समाधान किया जाएगा।

## मतदान केन्द्रो में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जागरुकता कार्यक्रम को बनाए सफल : बीडीओ



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड कैरो कार्यालय सभागार में 22 मार्च शुक्रवार को प्रखण्ड सह अंचलाधिकारी छन्दा भटाचार्य की अध्यक्षता में बी एल ओ,सुपरवाइजर की बैठक हुई। उक्त बैठक मे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह प्रखण्ड निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि, लोकतंत्र में चुनाव एक अहम प्रक्रिया है जो प्रत्येक पांच वर्षो में आता है इसे हम सबको मिलकर शांतिपूर्वक, सही तरीके से चुनाव संपन्न कराने में सहयोग करना है,सभी को मतदान प्रतिशत बढाने के जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाना, प्रत्येक बूथ में साफ सफाई, पेयजल,शौचालय,रैम्प आदी कि सुविधा बहाल करना है, 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के वृद्ध वृद्धा को यदि वे मतदान केंद्र तक आने में सक्षम नही है तो उन्हें घरों में मतदान करने की सुविधा प्रदान करना है। हम सबको आदर्श आचार संहिता का ख्याल रखते हुए अपने कार्यो को निष्पक्ष रूप निबटारा करना है। उक्त बैठक मे मुख्य रूप से सुपरवाइजर दिनेश कुमार, बीएलओ परवेज अख्तर, पंचम एतवा पहान, रामप्रसाद पाल, समीम अंसारी, नसीमा खातून, सुचित्रा उरांव, सुनीता देवी, मंसूर आलम, आदि उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## 400 पार के संकल्प के साथ देश मे तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प ले : राय

**रांची ।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह आयोजित की गई। इस समारोह में रामगढ़ मांडू के नेता, जिला परिषद सदस्य सर्वेश सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए।शामिल होने वाले कुणाल किशोर, सियाराम सिंह, मिथिलेश पाठक, परमेश्वर सिंह, मुकेश सिंह, अमरीका सिंह, प्रकाश ठाकुर, रौशन सिंह, प्रबल चौहान, रघुनाथ सोरेन, संजय सोरेन, कृष्णा सिंह, चंद्रिका भोक्ता, सुरेंद्र महतो, योगेंद्र प्रसाद, ईश्वर गंझू, धर्मजीत सिंह आदि शामिल हैं।पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं जॉइनिंग कमिटी के प्रदेश संयोजक रविन्द्र राय एवं प्रदेश महामंत्री राज्यसभा आदित्य साहू ने सभी का पार्टी का पटका एवं माला पहनाकर स्वागत किया।इस अवसर पर रविन्द्र राय ने सभी को बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे देश के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए झारखंड भी तैयार है।उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन से 400 पार का संकल्प पूरा होगा।झारखंड में 14 लोकसभा सीट पर एनडीए की जीत होगी।

## ईडी की छापेमारी के बाद एसएसपी ने तुपुदाना ओपी प्रभारी को हटाया

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह को पद से हटा दिया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि छापेमारी के बाद तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह को हटा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 21 मार्च को ईडी ने तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह और कांग्रेस नेता सह जमीन कारोबारी लाल मोहित नाथ शाहदेव के यहां छापेमारी की थी। इस दौरान आठ मोबाइल और 12.50 लाख रुपये सहित कई सामान बरामद किये थे।

# रमजान मुबारक का दूसरा जुमा अदा की गई, इफ्तार का भी हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** देश सहित झारखंड और इसकी राजधानी रांची में भी माहे रमजान के मुबारक महीने का दूसरा जमा अदा की गई । रांची शहर के सभी मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबी के लोगों ने जुमे की नमाज अदा की। रांची शहर की सबसे पुरानी अपर बाजार स्थित जामा मस्जिद, हंडा मस्जिद, डोरंडा स्थित बाबा रेशालदार दरगाह स्थित मस्जिद,कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला स्थित जामा मस्जिद, थडपखना मस्जिद, डॉ फ़तेहुल्लाह मस्जिद , कांटा टोली चौक स्थित मस्जिद आसरा, मौलाना आजाद स्थित नूरी मस्जिद, जारिया मस्जिद, मणिटोला , हिंदपीढ़ी की मस्जिदें एवं बरियातू , कांके,हरमू, ओरमांझी , पुंदाग सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई । सभी मस्जिदों के इमाम ओ खतिब ने देश और राज्य की



खुशहाली, अमन चैन की दुआ की। साथी ही यह भी बताया गया कि रांची शहर के आसपास के कई स्थानों एवं घरों, अपार्टमेंटों में 10 दिनों की तरावीह नमाज पढ़ाई जा रही थी वह संपन्न हो गई है । अब सिर्फ मस्जिदों में पूरे महीने रमजान की तरावीह खत्मे कुरान पढ़ाई जा रही है जो ईद के चांद रात तक जारी रहेगी ।

**इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन :** वहीं सदर थाना क्षेत्र के गौसनगर के रहने वाले समाजसेवी मो आशिक कुरैशी के आवास पर दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया। इस मौके पर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद, जमीयतुल कुरैश के महासचिव परवेज़ कुरैशी, नौशाद कुरैशी, परमवीर अब्दुल हमीद समिति के अध्यक्ष इम्तियाज मुन्ना, मासुक कुरैशी , बबलू कुरैशी, सिकंदर कुरैशी,कोलह कुरैशी, मोइनुद्दीन कुरैशी, कैलु इस्तियाक, अफजल कुरैशी, तालिब , रिंकल, सद्दाम कुरैशी, इमरान, दानिश, अशब व दुआ मौलाना कासमी ने पढ़ाया।

# कांटा टोली फ्लाईओवर का नाम परमवीर अब्दुल हमीद के नाम पर रखा जाए : परमवीर अब्दुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांटा टोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य लगभग इसी साल में संपन्न हो जायेगा। लेकिन अब इस फ्लाईओवर को लेकर नई राजनीति शुरू हो गई है। पिछले 13 मार्च 2024 को बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के नेतृत्व में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात की और कांटाटोली फ्लाईओवर का नामांकन नेताजी सुभाष चंद्र बोस फ्लाईओवर के रूप में अंकित किए जाने का अनुरोध किया। इसके बाद लंबे समय से ही परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद स्मारक समिति के बैनर तले एक जुलाई को अमर शहीद परमवीर अब्दुल हमीद की जयंती और 10 सितंबर को उनका शहादत दिवस मनाते चली आ रही समिति ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को अवगत कराया है कि कांटाटोली फ्लाई ओवर का नाम परमवीर अब्दुल हमीद के नाम पर ही होगा क्योंकि इस क्षेत्र में



पत्रचार भी परमवीर अब्दुल हमीद के पते पर ही होती है।

**क्या कहते हैं समिति के लोग:** परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद स्मारक समिति के अध्यक्ष मुन्ना ने कहा कि कांटा टोली स्थित चौक का नामकरण परमवीर अब्दुल हमीद चौक के नाम पर ही है। लंबे समय से इसी पते पर पत्रचार भी होते चला आ रहा है। सिर्फ झारखंड कैबिनेट से मंजूरी मिलने का इंतजार है। अविभाजित बिहार से ही स्थानीय लोगों, सैन्य विभाग, प्रशासनिक सहित राज्य सरकार पूर्व सरकारों भी इस अवगत हैं । आने जयंती और शहादत दिवस पर कई कार्यक्रम में राजनीतिक, गैर राजनीतिक संस्थाएं एवं सभी राजनीतिक पार्टियों के गणमान्य लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई बार इस स्थल पर परमवीर अब्दुल हमीद के तस्वीर पर माल्यार्पण कर चुके हैं। इस फ्लाईओवर का नाम अब्दुल हमीद के नाम रखने के लिए प्रस्ताव पत्र तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी को सौंप चुकी है। इस पर पुनः मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मांग करते हैं कि हमारी लंबित मांगों को पूरा करते हुए कांटा टोली फ्लाईओवर का नामकरण परमवीर अब्दुल हमीद के नाम करें। वहीं समिति के सचिव मोहम्मद शहाबुद्दीन ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलकर फ्लाई ओवर का नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर करने की मांग की है यह अनुचित है। हमारी समिति स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस का सम्मान करती है । लेकिन जहां तक नामकरण का सवाल है इस पर पहल हमारी समिति ने पहले की है इसलिए मांग करने वाले लोग हमारी समिति की भावनाओं की कद्र करें।

# 11 थानेदारों से एसएसपी ने मांगा स्पष्टीकरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मुड़ में है। वहीं एसएसपी चंदन सिन्हा ने आदर्श आचार संहिता के दौरान वारंट, कुर्की के निष्पादन में शिथिलता बरतने वाले थानेदार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई से पूर्व स्पष्टीकरण मांगा गया। स्पष्टीकरण को लेकर थानेदारों को तय समय सीमा तक जवाब देने का निर्देश दिया गया है। शहर के कुल 11 थाना प्रभारियों के पर यह कार्रवाई की गई है।

**थानेदारों से मांगी गई स्पष्टीकरण:** शहर के लोअर बाजार थाना, नगड़ी , सदर, हिंदपीढ़ी, बुड़मू, रातू, बेडो चान्हो, बरियातू,कांके, नामकुम थाना शामिल हैं। इन थाने दारों से कहा गया है कि अपने अपने क्षेत्रों के अपराधियों जो चुनाव के दौरान बड़ी घटना कर सकते हैं, मतदाताओं को डरा धमका सकते हैं , फरार हैं सबको गिरफ्तार करने को कहा है।

# लोकसभा चुनाव के दौरान मीडिया कर्मी भी पोस्टल बैलेट से करेंगे मतदान : के. रवि कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 में मीडिया कर्मियों को 'आवश्यक श्रेणी' में रखा गया है। चुनाव कवरेज के दौरान अपने कर्तव्य पर उपस्थित सभी वैसे मीडिया कर्मी, जिन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कवरेज के लिए ''प्राधिकार पत्र'' जारी किया गया है, इस बार पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

## कैसे प्राप्त करें पोस्टल बैलेट

मीडिया कर्मी अपने संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं निर्वाची पदाधिकारी कार्यालय से



फॉर्म 12डी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अधिकृत वेबसाइट से फॉर्म 12डी डाउनलोड किया जा सकता है।

## फॉर्म कहां और कैसे करें जमा

चुनाव की अधिसूचना के 5 दिनों के भीतर नोडल पदाधिकारी के प्रमाण पत्र के साथ उक्त फॉर्म को संबंधित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जाएगा। पोस्टल बैलेट के माध्यम से कब करना है मतदान। चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दिवस के 6 दिन पूर्व से निर्धारित मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व तक मीडिया कर्मी पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण वोट दे सकते हैं। उक्त 3 दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केन्द्र सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यरत रहेंगे। पोस्टल बैलेट केन्द्र संबंधित निर्वाची पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया जायेगा, जहां मीडिया कर्मियों को भरे हुए पोस्टल बैलेट जमा करना होगा।

# संत ज़ेवियर्स कॉलेज में स्प्रिंग फोटोग्राफी फेस्टिवल 2024 आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** संत जेवियर्स कॉलेज में शुक्रवार को जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन विभाग और आई.क्यू.ए.सी के संयुक्त फोटो पत्रकारिता पर आधारित दो दिवसीय झारखण्डः प्रकृति का रंगमंच : कैमरे की नजर से विषय पर स्प्रिंग फोटोग्राफी फेस्टिवल 2024 आयोजित की गयी। फोटो फेस्टिवल का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. फादर नाबोर लकड़ा ने उपस्थित अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर किया। आमंत्रित सभी अतिथि एवं विद्यार्थीयों का स्वागत करते हुए जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन विभाग के प्रमुख डॉ संतोष कुमार कीड़ो ने कहा कि झारखंड की खिलखिलाहट और वसंत की खूबसूरती को विद्यार्थियों ने फोटोग्राफी की कला के द्वारा कैमरे में क़ैद किया है जिसे दर्शाने के लिये स्प्रिंग फोटोग्राफी फ़ेस्टिवल का आयोजन किया गया। फोटो जर्नलिस्ट दिवाकर प्रसाद ने कहा कि फोटो पत्रकारिता मीडिया का एक ताकतवर हथियार है। रेक्टर फादर एलेक्स एक्का ने कहा फोटो जर्नलिज्म को एक बहुत अच्छा पेशा है। प्राचार्य फादर डॉ नाबोर लकड़ा ने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए जुनून होना आवश्यक है । उप-प्राचार्य डॉ प्रदीप रॉबर्ट कुजूर , सहित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में परीक्षा नियंत्रक डॉ बी के सिन्हा, आईक्यूएसी को-कोऑर्डिनेटर डॉ शिव कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. फादर प्रभात कैनेडी सोरेन, डीएसडब्ल्यू डॉ. संजय सिन्हा उपस्थित हुए। इस दौरान पत्रकारिता विभाग के डॉ नील कुसुमू, वाईएन झा, समवेग, आलोक, संजय व विभाग के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे ।

# बाबूलाल मरांडी ने जेपीएससी पीटी परीक्षा रद्द करने की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स के जरिए हाल में लिए गये जेपीएससी परीक्षा (पीटी) को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने लिखा है कि राज्य के मुख्य सचिव तत्काल मामले का संज्ञान लेकर छात्रों के हित में प्रारंभिक परीक्षा रद्द करें।

बाबूलाल मरांडी ने इस परीक्षा की जांच को लेकर पूर्व में सीबीआई जांच का आग्रह भी मुख्य सचिव से



किया था।

मरांडी ने लिखा है कि जेपीएससी ने अधूरी तैयारी के साथ परीक्षा आयोजित कराई, जिसमें कई अनियमितता देखने को मिली। उन्होंने लिखा है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि जेपीएससी के प्रश्न पत्र परीक्षा के दो घंटे पूर्व ही फेसबुक पर अपलोड कर दिए गए हैं। एक और सूचना है कि प्रथम पाली तथा द्वितीय पाली की परीक्षा में सामान्य अध्ययन के 22 प्रश्न रिपीट हो गए हैं। साथ ही चार प्रश्न भी गायब हैं। परीक्षा से दो घंटे पहले पेपर लीक होने और 22 प्रश्नों के रिपीट होने से परिणाम में बड़ा अंतर आ सकता है। इससे जेपीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ी प्रमाणित हो रही है।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेतृत्व करने वाला राजा नहीं हो सकता है : सुदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेतृत्व करने वाला राजा नहीं हो सकता है। लोकतंत्र जनता से, जनता के लिए और जनता के द्वारा चलने वाली व्यवस्था है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता, जनता के सेवक होते हैं। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान सैनिक प्रकोष्ठ कांग्रेस के नेता सह निलय इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरपर्सन भूतपूर्व सैनिक भीम मुंडा



के साथ प्रदीप उरांव, प्रदीप कुमार, गंगाधर प्रसाद, अफरोज अंसारी (छोटू) समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप जब सत्ता पर बैठे लोगों पर लगने लगे, तो राज्य के लिए दुखद होता है। नियमों का उल्लंघन करने और नीयत में खोट रहने की वजह से राज्य में अराजकता का माहौल बना है। इससे राज्य को बाहर निकालने की जिम्मेदारी हम सब पर है। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ देवशरण भगत, राजेंद्र मेहता, पूर्व डीआईजी संजय रंजन, डॉ रीना गोडसारे, जितेंद्र सिंह, ज्ञान सिन्हा, हरिश कुमार, डॉ पार्थो, बंटी यादव, सुनिल यादव, रमेश गुप्ता, प्रभा महतो, अमित कुमार, दयाशंकर झा इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# शराब के साथ दो आरोपित गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** होली पर्व के मद्देनजर स्टेशनों और ट्रेनों में विशेष चौकसी बरती जा रही। शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान दो लोगों को प्लेटफॉर्म संख्या एक पर बैग के साथ संदेहास्पद अवस्था में देखा गया। बैग की जांच करने पर उसमें से 12 शराब की बोतल बरामद की गई। बरामद शराब का बाजार मूल्य 8 हजार 800 रुपए बताया गया। इसके बाद दोनों आरोपितों राजेश कुमार और राजकुमार को गिरफ्तार किया गया। दोनों बिहार के नवादा के रहने वाले हैं। पूछताछ में दोनों आरोपितों ने बताया कि ट्रेन संख्या 18624 से बिहार ले जाकर अधिक कीमत में शराब को बेचते, लेकिन पकड़े गए। आरपीएफ के रांची मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक उप निरीक्षक रवि शेखर ने बताया कि जब्त शराब के दोनों आरोपितों गिरफ्तार किया गया। टीम का नेतृत्व रांची के उपनिरीक्षक सूरज पांडे कर रहे थे।

## जयप्रकाश को बांका से राजद का टिकट मिलने पर दी बधाई

**रांची :** राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव ने जयप्रकाश नारायण यादव को बधाई देते हुए कहा कि झारखंड के प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए लालू यादव ने बांका से उम्मीदवार बनाया। शुक्रवार को पटना में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव और राबड़ी यादव के हाथों उन्हें सिंबल प्राप्त हुआ। राजद झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव और मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने उन्हें जीत की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी।

# भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित नहीं होने पर राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष ने शहादत का किया फैसला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भगत सिंह के शहादत दिवस पर राष्ट्रीय युवा शक्ति आंदोलन के अध्यक्ष उत्तम यादव ने 23 मार्च को शहादत देने का निर्णय किया है। उन्होंने भगत सिंह के अपमान से दुखी होकर यह फैसला किया है। राष्ट्रीय युवा शक्ति ने शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित चिल्ड्रन पार्क में संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। राष्ट्रीय युवा शक्ति के संरक्षक जगदीश सिंह जग्गू और योगेश कुमार रॉक ने संयुक्त रूप से कहा कि एक सच्चे देश प्रेमी होने के नाते भगत सिंह को सम्मान नहीं मिलने से उत्तम




यादव दुखित हैं और लज्जित होकर इस तरह का कदम उठाने के लिए विवश हैं। लगातार एक वर्ष से संघर्ष करने के बाद भगत सिंह की प्रतिमा के लिए दो गज जमीन भी नहीं मिली। इसके लिए उत्तम 25 फरवरी से राजभवन के समक्ष लगातार धरने पर बैठे हुए थे लेकिन दो दिन पूर्व जिला प्रशासन ने आचार संहिता का हवाला देकर धरना स्थल से हटा दिया।

उन्होंने कहा कि जो भगत सिंह से प्यार करते हैं उनके लिए हंसते-हंसते शहादत देना कोई बड़ी बात नहीं है। अब उत्तम यादव देशभक्ति का महत्व को बनाए रखने के लिए और देश की जनता को जागृत करने के लिए शहादत देने वाले हैं। राष्ट्रीय युवा शक्ति शहीदे आजम भगत सिंह का प्रतिमा मोरहाबादी में स्थापित किया था, जिसे प्रशासन ने हटा दिया, जो हम नगर वासियों पर एक कलंक है। यदि यह प्रतिमा राजधानी रांची में स्थापित होती है तो यह पूरे रांची के लिए गौरव का विषय है। संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय उपाध्यक्ष नितेश वर्मा शैलेश तिवारी और अनुराग तिर्की सहित अन्य मौजूद थे।

# जल संकट एक वैश्विक समस्या : वाईके दास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** विश्व जल दिवस पर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जेएसपीसीबी) और रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को जल संरक्षण विषय पर युवा संवाद सह साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन धुर्वा स्थित कार्यालय परिसर में किया गया। मौके पर जेएसपीसीबी के सदस्य सचिव वाईके दास ने कहा कि जल संकट एक वैश्विक समस्या है। पूरी दुनिया आज जल के संकट से जूझ रहा है। सभी लोग गिरते हुए भूजल से चिंतित हैं कि कैसे जल के संकट से निजात मिलेगा। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों जैसे नल के जल को बेवजह बर्बाद करना, आरओ मशीन के वेस्ट पानी का संरक्षण करना, रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि से काफी हद तक जल संकट से बचा जा सकता है। राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि जल का संरक्षण करना सभी की नैतिक जिम्मेदारी और कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रकृति की ओर से



प्रदत्त संसाधनों का उचित प्रयोग करते हुए जितनी आवश्यकता है उतनी पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से कहा कि जल है तो जीवन है यह केवल नारा नहीं है बल्कि सामूहिक प्रयास करने का सटीक विचार है। युवा संवाद के बाद जल संरक्षण को लेकर साइकिल रैली का शुभारंभ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय परिसर से किया गया। रैली धुर्वा गोल चक्कर, पुराना विधानसभा, बिरसा चौक होते हुए पुनः कार्यालय में आकर समाप्त हुआ। साइकिल रैली में जल है तो कल है, जल ही जीवन है, एनएसएस ने ठाना है, जल संरक्षण के लिए जगाना है, आज ही निश्चय करें, जल का संचय करें आदि नारे लगे। रैली के बाद सभी ने आसपास के पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर और बाहों के घेरा बनाकर जल संरक्षण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

# डोरंडा थाना मे शांति समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** डोरंडा थाना में शुक्रवार को थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद के नेतृत्व में आगामी होली पर्व को शांति पूर्वक संपन्न करने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से अगजा के समय विशेष सतर्कता कैसे बरती जाए इस पर चर्चा की गई। वहीं होली के समय मस्जिदों के आस पास विशेष सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई। थाना प्रभारी ने शांति समिति के बैठक में पहुंचे सभी लोगो को आपसी भाईचारगी के साथ पर्व को मनाने की बात कही। साथ ही रह भी



कहा कि पुलिस आप की सेवा मे 24 घंटे तात्पर्य है।बैठक में डोरंडा महावीर मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार डोरंडा, कन्हैया सिंह, सेंट्रल मुहर्रम के अध्यक्ष अशरफ अंसारी, मुमताज गद्दी, मौलाना मनी रुद्दीन, वार्ड 45 के निवर्तमान पार्षद नसीम गद्दी उर्फ पप्पू गद्दी, नसीमुल हक, फारुख, मो शोएब अंसारी, मो गुलाम सर्वर उर्फ पिंकू, मंसूर कुरैशी आदि शामिल थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## बुढ़मू थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया

**बुढ़मू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची वरीय पुलिस पदाधिकारी के आदेश के आलोक में बुढ़मू थाना अंतर्गत एंटी क्राइम चेकिंग किया गया। जांचों क्रम में वांछित कागजात एवं हेलमेट न होने के कारण कुछ वाहनों को थाना लाया गया है,एवं अग्रतर कार्रवाई हेतु डीटीओ रांची को पत्राचार किया गया है।बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार ने बतलाए की कुछ दिन पहले ही सभी को आग्रह किया गया था की जिनके पास ऑनर बुक ड्राइविंग लाइसेंस हेलमेट नहीं है वो घर से निकलने से पहले अपने सभी कागजात साथ में ले के चले पर पर उनके बात को अनसुनी किया गया, आज थाना प्रभारी ने बतलाए की बढ़ते अपराधी घटनाओं को देखते हुए और लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए बुढ़मू थाना क्षेत्र में कहीं भी और कभी भी वाहन चेकिंग अभियान चलाई जा सकती है।इस लिए अभिभावकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि नाबालिक बच्चे को गाड़ी न दें नही तो अभिभावकों पर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा। जांच दल में,स्थ्ढ आशीष रंजन, हवलदार विष्णु यादव, आरक्षी राजेश सिंह,और चुनमुन सिंह शामिल थे।



## सरना प्रार्थना सभा से धर्म परिवर्तन हो रही बंद

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज राजाडेरा खिजरीटोली प्रार्थना सभा में सैकड़ों महिलाओं ने कलश लेकर सरना पूजा स्थल पर जल चढ़ाकर पूजा अर्चना किये इस मौके पर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा सरना धर्म की वजह से आज मानव जाति सुरक्षित है क्योंकि हमारा धर्म कहता है प्राकृतिक जल जंगल की सेवा और रक्षा करना,क्योंकि हमारा सरना माँ प्राकृतिक पेड़ पौधों में विराजमान है और जबतक पेड़ पौधा जीवित है तक तक मानव जाति सुरक्षित है वहीं धर्म माँ चारी उराँव ने कहा खिजरी टोली प्रार्थना के वजह से आज इस क्षेत्र के आदिवासी समुदाय में धर्म परिवर्तन बंद हो गया है और लोग इस सरना स्थल पर आकर शादी विवाह, गाड़ी की पूजा अर्चना सभी आदिवासी रीति रिवाजों से किया जाता है और गरीब परिवारों को समय समय पर मद्दत भी किया जाता हैसरना स्थल पर धर्म माँ चारी उराँव ने गरीब महिलाओं को सरना साड़ी देकर सम्मानित किया गयाइस मौके पर बंधु उराँव,सुखराम उराँव,प्रेम उराँव,सुनीता उराँव,जौरी देवी, दुलारी टोप्पो,सरिता उराँव,अनु उराँव,मंटू उराँव,आदि सैकड़ों महिला पुरूष उपस्थित थे।



## विहिप का छोटा मुरी में धर्म प्रसार

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा मुरी में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद ने धर्म प्रसार के क्रम में ग्राम टोली का निर्माण किया गया।इस टोली में ग्राम प्रमुख दिनेश चौधरी को बनाया गया। प्रमुख सुरेन कोईरी को बनाया गया एवं सदस्य तुलसी मुंडा ग्राम प्रधान को बनाया गया।इस निर्माण कार्य में सिल्ली प्रखंड के धर्म रक्षक अरूणा पांडे, प्रखंड सह मंत्री सुधीर साहू, प्रखंड के मातृ शक्ति सविता पोद्दार, महामंत्री शिवलाल महतो सम्पर्क में मौजूद रहे।



## बुढ़मू शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**बुढ़मू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुढ़मू थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति का बैठक एवं होली मिलन समारोह का आयोजन थाना प्रभारी रामजी कुमार के नेतृत्व किया गया, बुढ़मू थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक खलरी डीएसपी आर एन चौधरी की अध्यक्षता की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए बीडीओ धीरज कुमार ने कहा कि होली रंगों का त्योहार एवं भाईचारे का पर्व है इसे शांतिपूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ मनाएं। किसी के बहकावे में आकर हुड़दंग ना मचाएं। वहीं डीएसपी ने कहा शराब के नशे में वाहन ना चलाए हेलमेट का उपयोग हमेशा करें। रंगों का त्योहार को आपस में मिलकर भाईचारे के साथ मनाएं।और मंडार इस्पेक्टर जयप्रकाश राणा ने कहा की किसी को जबरन रंग ना लगावें। छोटे बड़ों का सम्मान करें।उन्होंने कहा की होली के दिन पुलिस प्रशासन क्षेत्र में गस्ती करते रहेगें किसी प्रकार का अप्रिय घटना हो या किसी प्रकार का समस्या हो तो पुलिस को तुरंत सुचीत करे। बैठक समापन के बाद आपस में एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।जिसमें पुलिस उपाधीक्षक खलारी, पुलिस निरीक्षक मांडर अंचल, अंचलाधिकारी सचिचानंद कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरज कुमार के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य प्रतिनिधिगण, बुद्धिजीवी, समाजसेवी एवं आम जनता ने भाग लिया एवं आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण माहौल में मनाने का संकल्प लिया। साथ ही लोकसभा चुनाव का भी चर्चा किया गया।



## लुपुंग पंचायत भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के लूपुंग पंचायत भवन में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुखिया सीमा कुमारी गोंझू, पंचायत के सभी वार्ड सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुखिया ने वार्ड सदस्यों के साथ एक बैठक की। जिसमे में पंचायत क्षेत्र में चलाए जाने वाले विकास योजनाओं की समीक्षा की। सभी वार्ड सदस्यों के साथ गावों में विकास कार्यो को लेकर विचार विमर्श किया गया। मुखिया ने कहा कि होली के दिन पंचायत के सभी गांवों में लोग सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाए इसका हम सभी ध्यान रखें। इस मौके पर उप मुखिया पंचमी देवी, रिंकू देवी, ललित महतो, सामचांद नायक, ग्राम प्रधान श्याम कालिंदी, रोजगार सेवक युधिष्ठिर महतो, फनी भूषण समेत सभी जन प्रतिनिधि मौजूद थे।



## बिजली तार की चपेट मे आने से एक बैल की मौत

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंडअंतर्गत कर्रा तोरपा रोड स्थित पोढ़ा ग्राम स्थित खेत के ऊपर से गुजर 11 हजार बिजली का तार में फोल्ड होने के कारण जमीन में गड़े अर्थिंग में करंट आ गया जिससे खेत में चर रहे बैल की मौत हो गयी. घटना शुक्रवार लगभग 3 बजे की है बैल मालिक पोढ़ा निवासी बिरसा होरो ने बताया कि बैल की मृत्यु होने पर मेरी और मेरे परिवार के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गयी है खेती-बारी कर मैं अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता हूं अगर मुआवजा नहीं मिला तो मेरे सामने आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी।



# पर्व-त्योहार और चुनाव को लेकर पिपरवार पुलिस सतर्क

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** आगामी लोकसभा चुनाव और विभिन्न पर्व त्योहार को लेकर सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में स्थानीय पिपरवार पुलिस पुरी तरह से सर्तक है।पिपरवार के सीमांत क्षेत्रों में पुलिस के द्वारा बैरियर लगाकर वाहनों की जांच और हर आने जाने वालों की तलाशी ली जा रही है।जानकारी के अनुसार चतरा-रांची, और चतरा हजारीबाग के सीमांत क्षेत्र पर पिपरवार पुलिस के द्वारा बैरियर लगाया गया है,जिसमें प्रत्येक दिन वाहनों की जांच और आने-जाने वाले लोगों की तलाशी ली जा रही है।चतरा पुलिस अधीक्षक विकास पाण्डेय के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की तलाशी ली जा रही है।इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि आने वाले पर्व त्योहार और लोकसभा चुनाव को लेकर पिपरवार पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और सीमांत क्षेत्रों में बैरियर लगाकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के माध्यम से शरारती तत्व एवं मनचलो पर कड़ी नजर रखी जा रही है।उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी लोगों से मोटर अधिनियम एक्ट का पालन करते हुए वाहन चलाने के वक्त सीट बेल्ट लगाने,दो पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेन्ट का उपयोग करने, नशा का सेवन नहीं करने, क्षमता से अधिक लोगो के वाहन में नहीं बैठने, नाबालिक से वाहन नहीं चलाने की अपील की है।उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह अभियान आगे भी जारी रहेगी।



## आजसू पार्टी प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शिविर कल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली नगर आजसू पार्टी कार्यालय में शुक्रवार देर शाम एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे आगामी 24 मार्च दिन रविवार को सिल्ली थाना के समीप स्थित प्रेम वाटिका मेरेज हॉल में आयोजित आजसू पार्टी के प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय समिति सदस्य सह सिल्ली नगर प्रभारी राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह ने एवं संचालन भरत देव साय ने किया। बैठक में पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू बुद्धिजीवी मंच के सदस्य, प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र करमाली समेत पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारी शामिल हुए। बैठक में कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन को लेकर पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी एवं चुल्हा प्रमुखकों के सक्रिय सहभागिता पर विशेष चर्चा की गई। वहीं ग्राम प्रभारीयों को कई निर्देश दिया गया। मौके पर नवल किशोर गुप्ता, भागवत सोनार, रवि सिंह, शशि सोनार, संजीत सिंह देव, मनोज सिंह,निर्मल मंडल, हेमंत नायक, विपुल राय, निमाइ रजक, दीपक सेन गुप्ता, मंजूर आलम, गौतम रविदास, महादेव नायक आदि उपस्थित थे।

## विश्व जल दिवस के अवसर पर बोरी बांध का किया गया निर्माण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** विश्व जल दिवस के अवसर पर जिले के मुरहू प्रखंड अंतर्गत कोड़ाकेल पंचायत के घघारी व कोलोम्दा गांव के मध्य बहने वाली बनई नदी पर नदी बचाओ अभियान के तहत सामुदायिक प्रयास से एक बोरीबांध का निर्माण मदईत (श्रमदान) परंपरा के तहत किया गया। इस मौके पर झालसा, रांची के निर्देश पर डालसा, खूंटी की सचिव राजश्री अपर्ना कुजूर, प्रशिक्षु जिला जज प्राची मिश्रा, मुखिया मरियम होरो, डालसा पीएलवी अगस्त नायक, शांति नाग, जगरनाथ सिंह मुंडा, ग्रामप्रधान सुशील बोदरा, सेवा वेलफेयर सोसाइटी के देवा हस्सा समेत समस्त ग्रामीणों ने श्रमदान किया। बोरीबांध तैयार हो जाने के बाद मदईत परंपरा के तहत नदी के बगल में ही सारे लोगों ने सामुहिक रूप से भोजन किया। भोजन की व्यवस्था सहयोग विलेत व इसी गांव की बेटी नेमन बोदरा के द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी। मौके पर डालसा सचिव राजश्री अपर्ना कुजूर ने नदी और जल को बचाने के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि दुनिया का 70 फीसदी हिस्सा पानी से घिरा है, लेकिन उसमें से पीने योग्य पानी लगभग तीन फीसदी ही है। 97 फीसदी पानी ऐसा है जो पीने लायक ही नहीं है। अब तीन फीसदी पानी पर पूरी दुनिया जीवित है। उन्होंने कहा कि भारत में एक वर्ष में उपयोग किए जाने वाले जल की शुद्ध मात्रा अनुमानित 1,121 बिलियन क्युबिक मीटर है। जबकि वर्ष 2025 में पीने वाले पानी की मांग 1093 और 2050 तक बढ़कर 1447 बीसीएम तक पहुंच सकती है। डालसा सचिव द्वारा ग्रामीणों को यह संकल्प भी दिलाया गया कि जल ही जीवन है और हमें जल का संरक्षण करना अति आवश्यक है। मौके पर मुखिया मरियम होरो के द्वारा उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। ग्रामप्रधान सुशील बोदरा ने कहा कि ग्रामसभा घघारी के द्वारा लगातार चार वर्षो से बोरीबांध का निर्माण कर नदी को बचाने और जल संरक्षण का काम किया जा रहा है। इससे फायदा यह हुआ है गांव में चार सोलर लिफ्ट एरिगेशन के माध्यम से गांव के सारे किसान खाली पड़ी जमीन पर खेती की जा रही है। इससे गांव को काफी फायदा हुआ है और धीरे-धीरे नदी का पुराना स्वरूप भी वापस आने लगा है। श्रमदान करने वालों में सुशील सोय, नमन बोदरा, पौलुश बोदरा, सुबास बोदरा, फुलमनी बोदरा, नीरल बोदरा, ज्योति बोदरा, मेरी बोदरा, जुनास बोदरा, फिलीप बोदरा, सुनील बोदरा, संतोष बोदरा, असिसन बोदरा, खतिरन बोदरा समेत सभी ग्रामसभा घघारी के नाम शामिल हैं।

## जल है जीवन : स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता के जरिए विश्व जल दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** आज मांडर प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय मांडर और राजकीयकृत मध्य विद्यालय मलटोटी में जल दिवस के अवसर पर चित्रकला स्पर्धा, नुक्कड़ नाटक और गायन स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, ऐसे में यह कथन सटीक है कि %जल ही जीवन है%। विश्व में कई जगहों पर पानी की कमी बनी रहती है। विकास के लिए तेजी से बढ़ रही फैक्ट्रियां और जनसंख्या के कारण जो पानी के सीमित संसाधन है, उन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और पानी का अत्यधिक उपयोग हो रहा है। जाने अनजाने पानी की बर्बादी और जल प्रदूषण के कारण लोग पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। इसी समस्या से विश्व को अवगत कराने, पानी की बर्बादी को रोकने, जल को प्रदूषित होने से बचाने के लिए विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इसलिए पानी के महत्त्व समझाने और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इस चित्रकला प्रतियोगिता में कुल 120 छात्र-छात्राएं भाग लिया। बच्चों को मार्गदर्शन देने का कार्य स्कूलों के शिक्षकों और पिरामल फाउंडेशन टीम ने किया।




## फितरा व जकात निकालने पर होती है ईबादत कबूल : हाफिज मुमताज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** इबादत का महीना माहे रमजान का असरा चल रहा है।रमजान महीने मे जुमे का काफी महत्व माना गया है,ऐसे मे पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे शुक्रवार को पवित्र रमजान महीने के दुसरे जुमे की नमाज अदा की गई।बचरा जामा मस्जिद मे जुमे की नमाज अदा करने के लिए लोगो की काफी भीड़ देखी गई।नमाज से पूर्व अपने तकरीर मे बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज ने फितरा एंव जकात पर प्रकाश डाला।उन्होने कहा कि माहे रमजान में अधिक से अधिक नेक काम करने से अल्लाह बंदो की गुनाहो को माफ करता है।रमजान के महीने में रोजा रखने,नमाज और कुरान पढ़ने के अलावा जकात और फितरा को भी विशेष महत्व दिया गया है और इसे मुस्लिम का फर्ज बताया गया है।फितरा एंव जकात के माध्यम से गरीब और असहाय लोगो की मदद की जाती है,इसलिए फितरा और जकात निकालना जरूरी है।उन्होने कहा कि रमजान के महीने में की गई इबादत जकात देने के बाद ही कबूल होती है।जकात निकालने से घरो मे बरकत होती है और फितरा निकालने से घरो से आफत एंव परेशानी दुर होती है।उन्होंने रमजान महीने में सभी लोगों से रोजा रखने,नमाज पढ़ने और कुरान पाक की तिलावत करने के अलावा गरीबों की मदद करने की भी अपील की।जुमे की नमाज के बाद उन्होने क्षेत्र,राज्य एंव देश की खुशहाली और अमन चैन के लिए दुआ की।क्षेत्र के बचरा, बहेरा, कल्याणपूर, राय, न्युमंगरदाहा, पुरानीराय सहित कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदो मे रमजान महीने के दुसरे जुमे की नमाज अदा की गई।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गणेश स्पोर्टिंग क्लब के खिलाड़ियों ने लहराया परचम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने 17वीं झारखंड स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए कूल पांच पदक प्राप्त कर खलारी पिपरवार कोलांचल क्षेत्र का नाम रौशन किया हैं।इस प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा 20 से 22 मार्च तक मेघा स्पोर्ट्स कंपलेक्स कुमैठा स्टेडियम देवघर मे कराया गया था।जिसमें गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के खिलाड़ी चिरैयाटांड़ किचटो निवासी प्रदीप कुमार ने अंडर-20 बालक वर्ग 800 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान,बमने पंचायत निवासी बबली कुमारी ने अंडर-18 बालिका वर्ग भाला फेक मे प्रथम स्थान,पाही निवासी पूनम कुमारी ने अंडर-18 बालिका वर्ग 400 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान,राय बस्ती निवासी अनोखी कुमारी ने अंडर-16 बालिका वर्ग 60 मीटर दौड़ मे दूसरा स्थान प्राप्त कर कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों के इस बेहतर प्रदर्शन पर क्लब राय के सचिव गणेश कुमार महतो ने सभी विजेता एथलेटिक्स खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।कोच गणेश महतो ने बताया कि उक्त सभी एथलेटिक्स खिलाड़ियों को गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। सभी खिलाड़ियों ने पूरे मेहनत के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।वर्तमान में विजेता खिलाड़ियों को सरकार की ओर से निःशुल्क खेल प्रशिक्षण,निःशुल्क 12वीं कक्षा तक पढ़ाई,रहने के लिए हॉस्टल,भोजन की व्यवस्था एवं खेल कीट सरकार की ओर से दिया जा रहा है। जिससे खिलाड़ियों का भी मनोबल बढ़ रहा है।

## ठाकुर गांव थाना में शांति समिति की बैठक और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठाकुर गांव :** आज ठाकुर गांव थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति का बैठक एवं होली मिलन समारोह का आयोजन थाना प्रभारी विनीत कुमार के नेतृत्व किया गया, ठाकुर गांव थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक बुढ़मू अंचल अधिकारी सचिचानन्द कुमार की अध्यक्षता में की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए बीडीओ धीरज कुमार ने कहा कि होली रंगों का त्योहार एवं भाईचारे का पर्व है इसे शांतिपूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ मनाएं। किसी के बहकावे में आकर हुड़दंग ना मचाएं। वहीं दिलीप कुमार ने कहा शराब के नशे में वाहन ना चलाए हेलमेट का उपयोग हमेशा करें। रंगों का त्योहार को आपस में मिलकर भाईचारे के साथ मनाएं।और ,स्थ्ढ अरविंद कुमार ने कहा की किसी को जबरन रंग ना लगावें। छोटे बड़ों का सम्मान करें।उन्होंने कहा की होली के दिन पुलिस प्रशासन क्षेत्र में गस्ती करते रहेगें किसी प्रकार का अप्रिय घटना हो या किसी प्रकार का समस्या हो तो पुलिस को तुरंत सुचीत करे। बैठक समापन के बाद आपस में एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। जिसमें पुलिस के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य प्रतिनिधिगण,बुद्धिजीवी, समाजसेवी कमल मोदी ठाकुर गांव मुखिया सचिन पहान, समाजसेवी दिनेश महतो, एवं आम जनता ने भाग लिया एवं आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण माहौल में मनाने का संकल्प लिया।

## होली के रंग मताधिकार के संग थीम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजीत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** शुक्रवार को पटेल बीएड कॉलेज काटमकुकू, लोधमा, खूंटी में 1ू00 स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से पटेल बीएड कॉलेज खूंटी में ÷होली के रंग÷,÷ मताधिकार के संग÷ थीम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें सत्र 2022 -24 तथा 2023- 25 के छात्र-छात्राओं ने होली के गाने तथा नाटक का भी प्रदर्शन किया साथ ही साथ मतदान के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक कराया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी जिला के एस?डी?एम? अनिकेत सचान, एवं डीओ खूंटी और बीडीओ स्मिता नगेशिया उपस्थित रही तथा विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण करा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी. छात्र-छात्राओं ने एक- दूसरे को बधाई देते हुए अबीर- गुलाल भी लगाया तथा हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आनंद लिया. इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली मिलन समारोह से सहयोग तथा एक दूसरे में प्रेम की भावना का विकास होता है. इस अवसर पर सभी व्याख्याता गण सह कर्मीगण व सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## रमजान के दूसरे जुम्मे की नमाज विभिन्न मस्जिदों में अदा की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** पवित्र माह रमजान के दूसरे जुमे की नमाज शुक्रवार को इटकी क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में अदा की गई। जुमे की नमाज को लेकर लोग सुबह से ही तैयारी में लग गये थे। दोपहर में अजान के साथ ही लोग मस्जिदों में पहुंचने लगे। देखते ही देखते मस्जिद नमाजियों से भर गयी। इटकी जामा मस्जिद में मौलाना तल्हा नदवी ने अपने खिताब में कहा कि पवित्र माह रमजान का पहला अशरा खत्म हो गया है। आज से दूसरा अशरा यानी मगफिरत का अशरा शुरू हो गया है। उन्होंने इस अशरे में लोगों को ज्याद से ज्यादा अपने गुनाहों से तौबा व अस्तगफार करने को कहा। अल्लाह इस अशरे में रोजादार बंदों की कसरत से मगफिरत किया करता है। उन्होंने कहा कि जो लोग मालदार हैं उन्हें अपने आय का ढाई प्रतिशत जकात निकलना चाहिये। इससे कारोबार में बरकत होता है और गरीब तबके भी ईद को खुशी खुशी मना सकते है। उन्होंने कहा कि इस्लाम हमे सिखाता है कि हम अपने रिश्तेदार, पास पड़ोस का ख्याल पहले करें। उन्होंने कहा कि इटकी क्षेत्र में इस वर्ष सदका ए फ़ित्र की रकम 60 रुपये तय किया गया है। जुमे की नमाज आदा करने के बाद नमाजियों ने सामूहिक रूप से अपने गुनाहों से तौबा अस्तगफार किया और देश व दुनिया के लिए अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी।

## रमजान का दूसरा जुम्मा की नमाज मस्जिदों में आदा की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** इस्लाम धर्म लंबियां का पवित्र माहे रमजान शुरू हो चुका है यह पहला अशरा रहमत और बरकतों वाला है इस महीना में मुसलमानों के लिए काफी अहम माना जाता है दूसरा जुम्मा को 11 रोजा की नमाज अदा की गई। मुस्लिम भाइयों ने सादगी से दुसरे जुम्मे की नमाज अदा की मुस्लिम समाज में खुशी का माहौल देखा गया मुस्लिम भाइयों ने जुमा की नमाज अदा करने को लेकर मस्जिदों में भीड़ उम्र पड़ती है युवाओं और बच्चों में रमजान को लेकर गजब का उत्साह देखा जाता है मस्जिदों में नमाज अदा किया जाता है मौके पर बावन बीघा मस्जिद के इमाम साजिद हुसैन ने कहा अल्लाह ताला का शुक्रिया अदा करते हुए हमें रमजान का पवित्र महीना नसीब हुआ इस महीने में बंदो को अल्लाह खुद अपने हाथों से नेकी प्रदान करते हैं यह बहुत ही रहमतों वाला महीना है इस महीना का सवाब से जो छूट गया वह दोबारा लौटकर नहीं आएगा। इसलिए हमें पाबंदी के साथ नमाज अदा करते हुए रोजा रखना है उल्लेखनीय है कि रमजान महीने में मुस्लिम समाज पाबंदी के साथ पांच वक्त नमाज अदा करते हुए रोजा रखते हैं यह महीना मुसलमानों के लिए काफी अहमियत रखता है 30 दिन तक रोजा रखने के बाद ईद उल फितर मनाते हैं।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## नवनियुक्त हाईस्कूल शिक्षकों ने डीईओ से वेतन भुगतान की लगाई गुहार



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवनियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को दस माह बीत जाने के बाद भी वेतन नहीं मिलने से उनके समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उपस्थित हो गया है। बताया गया कि सभी सहायक शिक्षक हैं, जिनकी नियुक्ति मई 2023 में हुई थी। बताया गया कि सभी शिक्षकों का नवंबर माह में ही सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन हो चुका है। उसके बाद वेतन आदेश भी हो चुका है। बताया गया कि कुछ शिक्षकों का मई 2023 से मार्च- 2024 तक में केवल नवंबर-2023 का वेतन मिला है। जबकि कई शिक्षकों का अभी तक एक माह का भी वेतन नहीं मिला है। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि गैर योजना मद कि शिक्षकों का पूरा वेतन भुगतान हो चुका है, जबकि योजना मद के शिक्षकों को अभी तक वेतन नहीं मिल पाया है। अपनी माँग को लेकर नवनियुक्त हाईस्कूल शिक्षक शुक्रवार को डीईओ ऑफिस पहुँच कर वेतन भुगतान की गुहार लगाई।

## अनन्य मित्तल ने जमशेदपुर पश्चिम वि.स के विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रहा है । इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया । निरीक्षण के क्रम में 1. प्राथमिक विद्यालय झारखंड बस्ती, डिमना मानगो 2. आदिवासी जनकल्याण विद्यालय, उलीडीह मानगो 3. साउथ प्वाइंट स्कूल, पोस्ट ऑफिस रोड मानगो 4. संकोसाई खड़िया बस्ती स्थित मध्य विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा शौचालय, रैंप, बिजली, पेयजल, आगमन एवं निकास द्वार आदि का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को मतदान केन्द्र में जरूरी सुविधा बहाल करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया ।

## गोबरघुसी एवं चुड़दा में हरिनाम संकीर्तन में पहुंचे विधायक प्रतिनिधि



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो नेता सह पटमदा के विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने गुरुवार की देर शाम गोबरघुसी एवं चुड़दा गांव में आयोजित 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन के जागरण रात्रि (अंतिम दिन) के मौके पर पहुंचकर मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। मौके पर मुख्य रूप से वीरेंद्र प्रताप सिंह, नीलरतन पाल, संजय सिंह, राजू कर्मकार, उकिल महतो आदि थे। इस संबंध में टुडू ने बताया कि पटमदा क्षेत्र में इन दिनों लगातार हरिनाम व राधानाम संकीर्तन का आयोजन हो रहा है और उसमें शामिल होना सौभाग्य की बात है क्योंकि इससे मन पवित्र हो जाता है।

## शराब दुकान के शटर का ताला तोड़ चोरों ने कीया हाथ साफ

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांड्रा बाजार में बस स्टैंड के समीप



मुख्य मार्ग के किनारे स्थित सरकारी लाइसेंसी शराब दुकान का बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर लाखों रुपए के ब्रांडेड शराब समेत लगभग 22 हजार रुपए नकद की चोरी कर ली। शुक्रवार की सुबह दुकान के कर्मचारी जब दुकान खोलने पहुंचे तो उन्होंने शटर का ताला टूटा हुआ पाया। साथ ही, ग्रिल भी कटा हुआ देखा। तत्पश्चात, इसकी सूचना कांड्रा थाना को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद मामले की जांच में जुट गई है। दुकान के कर्मचारी विश्वनाथ सिंह ने बताया कि स्टॉक मिलाने के बाद ही पता चल पाएगा कि कितने के शराब की चोरी की गई है।

## एंजेल वन ने आईपीएल के साथ की साझेदारी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टैक्नोलॉजी आधारित वित्तीय सेवा कंपनी




एंजेल वन लिमिटेड ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी 2024 से 2028 तक की पांच साल की अवधि के लिए है। इस दौरान कंपनी वित्तीय सेवा श्रेणी में आईपीएल के एसोसिएट पार्टनर के रूप में काम करेगी। साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, एंजेल वन लिमिटेड के चीफ ग्रोथ ऑफिसर प्रभाकर तिवारी ने कहा कि आईपीएल 2024 के लिए बीसीसीआई के साथ साझेदारी करने को लेकर हम बहुत उत्साहित हैं। ' एंजेल वन लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर दिनेश डी. ठक्कर ने कहा, 'आईपीएल एक प्रतिष्ठित आयोजन है जिसने पिछले कुछ वर्षों में प्रतिष्ठा और जुड़ाव दोनों में वृद्धि का अनुभव किया है, यह विकास की एक ऐसी यात्रा है, जो भारत में प्रमुख फिनटेक कंपनी के तौर पर एंजेल वन के विकास से भी मेल खाती है। हमारा प्राथमिक ध्यान मल्टी-सर्विस सैक्टर में विस्तार करने पर है, जहां हम अपने ग्राहकों की सभी वित्तीय जरूरतों को पूरा कर सकें।

# लोक सभा चुनाव को लेकर उद्यमियों संग डीसी ने की बैठक

### - शत- प्रतिशत मतदान के लिए उद्यमियों को किया जागरूक

प्रभात मंत्र संवाददाता




**सरायकेला :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ऑटो क्लस्टर सभागार गम्हरिया में जिले के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों , उपक्रमों में मतदाता जागरूकता हेतु गठित वोटर अवेयरनेस फोरम के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख के अंतर्गत मतदान दिवस के दिन संवैतानिक अवकाश संबंधी प्रावधान की जानकारी दी। उपस्थित प्रतिनिधियों को मतदाता पंजीकरण, निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान दिवस की सवैतनिक अवकाश संबंधी प्रावधानों की जानकारी देते हुए अपने प्रतिष्ठानों में नियोजित कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने सभी उद्यमियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि उनके सभी कर्मचारी अपना मतदान अवश्य करें। जागरूकता हेतु कार्य योजना बनाकर स्लोगन, हस्ताक्षर अभियान, ईङ्कटॉक समेत अन्य गतिविधियाँ व्यापक स्तर पर आयोजित किए जाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उपायुक्त द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ समारोह में उपस्थित सभी वरीय पदाधिकारी तथा विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठान, उपक्रमों में मतदाता जागरूकता हेतु गठित वोटर अवेयरनेस फॉर्म के प्रतिनिधियों नें भाग लिया।

## जमशेदपुर एफसी ब्लू क्यूब लीग का समापन समारोह आज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी शनिवार, को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के आर्चरी ग्राउंड में सुबह 7ः00 बजे से शुरू होने वाले जमशेदपुर एफसी ब्लू क्यूब लीग के ग्रैंड फिनाले की मेजबानी करेगी. 11 राउंड तक चलने वाली जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग ने 4 फरवरी 2024 को अपनी रोमांचक यात्रा शुरू की. लीग का अंतिम दिन जमशेदपुर एफसी ग्रासरूट्स फुटबॉल स्कूल के उभरते फुटबॉल सितारों द्वारा प्रदर्शित कड़ी मेहनत, समर्पण और खेल कौशल का जश्न मनाने का वादा करता है.ग्रासरूट्स के प्रमुख, कुंदन चंद्रा ने कम उम्र में फुटबॉल विकास शुरू करने के महत्व पर जोर दिया और कहा, फुटबॉल में सच्चा विकास आधार यानी जमीनी स्तर से शुरू होना चाहिए. खेल के मैदान पर बच्चे जुनून के साथ खेलते हैं. खूबसूरत खेल की नींव रखी जा चुकी है. जमीनी स्तर पर फुटबॉल सिर्फ एक चरण नहीं है. यह खेल का एक मूलभूत स्तंभ है. खेल के शुरुआती चरणों से लेकर पेशेवर लीग के शिखर तक, हमारे प्रसिद्ध सितारों सहित हर फुटबॉलर ने अपना योगदान दिया. 607 छात्रों वाली कुल 56 टीमों ने 28 पिचों वाले कुल 285 मैचों में सक्रिय रूप से भाग लिया और फुटबॉल के प्रति अपनी प्रतिभा और जुनून का प्रदर्शन किया।

## आजसू नेता और भाजपा समर्थक लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल हुए

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** लोकहित अधिकार पार्टी पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ। मौके पर उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम के समक्ष अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आजसू नेता मनोज गुप्ता एवं भाजपा की समर्थक रुक्मिणी देवी लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल हुए। रुक्मिणी देवी ने कहा कि मेरे पति कन्हैया साव जैसे अनगिनत लोग पूरा जीवन भाजपा का दरी बिछाने और झण्डा ढ़ोने में बीता दिया, परन्तु भाजपा आज अपने कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी राजनीतिक शोषक पार्टी बन चुकी है। मौके पर कृष्णा साहू,विनय कुमार गुप्ता, पिन्टु साव, श्याम साहू, विनय साव, गणेश साव, राजकिशोर साहू, इंदू देवी, शोभा गुप्ता, सरोज देवी,मीणा देवी , रीता देवी, सोनी देवी, रेखा देवी समेत सैकड़ों समर्थक उपस्थित रहें ।

## जोहार जाहेर सारना पूजा महली समिति का सरहुल महोत्सव सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के आगसिया में जोहार जाहेर सारना पूजा महली समिति द्वारा आयोजित चौथा वार्षिक सरहुल महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो नेता सुकराम हेम्ब्रम, प्रखंड प्रमुख गुरूपद मार्डी,पूर्व प्रमुख उमापद महली अध्यक्ष परेश महली, सचिव गुरूचरण महली आदि ने फीता काटकर किया। वहीं उपस्थित अतिथियों को पूजा समिति द्वारा माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। मंच संचालन रामगोपाल सिंह मुण्डा, दिनेश प्रामाणिक ने किया। श्रद्धालुओं ने पूजा पाठ कर अच्छी फसल, निरोगता व सुख शांति का कामना किया । वहीं रांची जिला के गितिलडीह के तुमवाल सरहुल नृत्य टीम द्वारा एक से बढ़कर एक सरहुल पांता नृत्य का प्रस्तुती किया गया। सरहुल नृत्य में ऐला रे सारजम बाहा , ऐलारे हाड़ागुन में, ऐला रे सुड़ा सगेन, ऐला रे नसरेध में गीत पर दर्शक जमकर थिरके। सरहुल महोत्सव में रात्रि को बंगाल के निपेन सहिस व डाक्टर सुखेन का टीम द्वारा मानभूम शैली का छौ नृत्य का भी आयोजन किया गया है। मौके पर कार्तिक महली, धनराज, दुबराज, गुरूचरण, रंजीत,देवलाल, अजित, रोहिदास महली आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## वार्ड सदस्यों का त्रिदिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजनगर :** राजनगर पंचायत भवन में पंचायती राज्य द्वारा वार्ड सदस्यों का त्रिदिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 21 मार्च से हो गया है। जिसमें पहले चरण का समापन 23 मार्च को होगा, वहीं दूसरा चरण का प्रशिक्षण 26 मार्च से 28 मार्च तक चलेगा। इसमें कुल पाँच बैच बनाये गए है। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजनगर पूर्वी क्षेत्र के 13 पंचायतों से सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का सही रूप में क्रियान्वयन हो सके।मौके पर प्रशिक्षक अमलेश कुमार सिन्हा ,सरोज सिंह सरदार,दास सोय, अमरजीत सिन्हा, रश्मि विशेय,आदि मौजूद थे।

## पटमदा डिग्री कॉलेज में बाहा बोंगा पर्व का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला परिसर में शुक्रवार को संथाली भाषा विभाग की ओर से बाहा बोंगा पर्व समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के छात्र - छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल कॉलेज के सचिव चंद्रशेखर टुडू ने छात्रों को बाहा बोंगा पर्व के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी। कॉलेज के छात्र - छात्राओं ने वाद्य यंत्रों के थाप पर पारंपरिक वेशभूषा में बाहा नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मौके पर जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, कॉलेज के उप प्राचार्य के पी महतो, श्रीकांत हांसदा, कमल कुमार महतो, गौतम गोराई, जितुलाल मुर्मू, दिवाकर टुडू, अभिराम महतो, भुवनेश्वर महतो, चंद्रशेखर महतो, सरस्वती महतो, माधुरी, डॉ गीता चक्रवर्ती, टुमता महतो, धातरी मुर्मू, अजय मुर्मू व लखन हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा एवं रेड एफ़एम ने ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** 93.5 रेड एफ़एम द्वारा 16 एवं 17 मार्च को जमशेदपुर के गणेश पूजा मैदान, कदमा में रेड कार्निवल का आयोजन किया गया जिसमें बैंक ऑफ बड़ौदा की सह-प्रायोजक के रूप में विशेष उपस्थिति रही। कार्निवल में बैंक की सभी शहरी शाखाओं ने सक्रिय सहभागिता की। बैंक ऑफ बड़ौदा ने रेड एफएम आरजे के साथ समन्वय में ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया, जहां ग्राहकों से बैंक ऑफ बड़ौदा पर कुछ प्रश्न पूछे गए और सही उत्तर देने वाले ग्राहकों को बैंक की ओर से गिफ्ट हैम्पर्स दिए गए। कार्यक्रम के दौरान भाग लेने वाले ग्राहकों को बैंक के स्टाफ सदस्यों द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा के वर्तमान कार ऋष्टा दर- 8.75 प्रतिशत की जानकारी भी दी गई ।

## विश्व कविता दिवस पर करीम सिटी कॉलेज में बज्म-ए- शायरी का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर ( स्पार्क ) ने विश्व कविता दिवस के अवसर पर बज्म- ए- शायरी का आयोजन किया गया। स्पार्क के इस वार्षिक कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं ने आमंत्रित मेहमान शायरों के समक्ष स्वरचित कविताएं और गजलें प्रस्तुत कीं। इस मौके पर आमंत्रित अंग्रेजी कवित्री डॉ बसूधरा राय, हिंदी कवित्री डॉ संध्या सिंह तथा उर्दू के शायर गौहर अजीज थे। डॉ मोहम्मद मोइज अशरफ ने संस्था की तरफ से तीनों मेहमान कवियों तथा शायर को तोहफे तथा पुष्प देकर स्वागत किया।कविता प्रस्तुति कार्यक्रम में तीन श्रेणियाँ रखी गई हिन्दी में तानिया पारकर, सहदेव महतो, सौरभ सिन्हा और हुमा महमूद ने भाग लिया। अंग्रेजी में शिऊली पलीत तथा श्रुति चटर्जी ने भाग लिया। उर्दू में आयशा फिरदौस, सफदर हारून तथा सैफ़ अली अंसारी ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने स्पार्क के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर एस एम यहिया इब्राहिम समेत सदस्यों तथा छात्र-छात्राओं को इस कार्यक्रम के लिए बधाई देते कहा, कि मनुष्य के जीवन में कविता का बड़ा महत्व है कविताएं हमें प्रसन्नता तथा हमारे जीवनप्रकाश प्रदान करती हैं।मंच संचालन मुस्कान कुमारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सहदेव महतो ने किया। कार्यक्रम में डा. एस एम याहिया इब्राहिम, डा इफ्तिखार नबी, डॉ जकी अख्तर, प्रो साकेत कुमार, और अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## जमशेदपुर के निजी स्कूलों में कक्षा 9 और 11 में 2000 से अधिक बच्चे फेल

### - अभिभावक संघ ने चार सूत्री मांग पत्र उपायुक्त को सौंप किया जांच की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के निजी विद्यालयों में कक्षा 9 व कक्षा 11 में 2000 से अधिक बच्चे फेल हुए हैं.साकची के राजेंद्र विद्यालय, टेल्को के हिल टॉप स्कूल, गोलमुरी के केरला समाजम मॉडल स्कूल और कदमा के डीबीएमएस स्कूल समेत अन्य निजी स्कूलों में स्टूडेंट फेल हुए हैं. इसे लेकर, अभिभावक प्रदर्शन कर रहे हैं. शुक्रवार को अभिभावक संघ के बैनर तले अभिभावकों ने डीसी ऑफिस में प्रदर्शन किया. अभिभावक संघ के अध्यक्ष डॉ उमेश कुमार ने बताया कि उन्होंने चार सूत्री मांग पत्र डीसी ऑफिस में सौंपा है. इसमें मांग की गई है कि निजी स्कूलों के टीचर स्टूडेंट को ट्यूशन पढ़ाते हैं. इस पर रोक लगाई जाए. क्योंकि, जो स्टूडेंट उनसे ट्यूशन पढ़ते हैं, उनको ऐसे नोट्स दे दिए जाते हैं. जिनसे अधिक से अधिक प्रश्न आते हैं. अन्य स्टूडेंट्स इससे वंचित रहते हैं. अभिभावक संघ ने निजी स्कूलों में पढ़ने वाले टीचर की योग्यता की जांच की भी मांग की. इस बात की जांच की जाए कि जो टीचर वहां पढ़ा रहे हैं. वह योग्य हैं, या नहीं हैं. एलकेजी में बेशुमार छात्र स्टूडेंट का नामांकन कर लिया जाता है. कक्षा 9 और कक्षा 11 में इनको छांटना होता है. इसलिए बच्चों को फेल किया जाता है. यही नहीं मांग की गई है कि निजी स्कूलों में जो कमजोर बच्चे हैं, एक्स्ट्रा क्लास लेकर उनको पढ़ाया जाए।

## सुंदरनगर चेशायर होम में विशेष बच्चों ने राधा-कृष्ण संग खेली होली, खूब उड़े फूल और गुलाल

### - होली के दिन नशा नहीं करने और हुड़दंग से बचने का पप्पू सरदार ने दिया संदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** शुक्रवार को सुंदरनगर स्थित चेशायर होम के विशेष बच्चों (दिव्यागों) ने राधा-कृष्ण, सुदामा और गोपियों संग फूलों और अबीर गुलाल की होली खेली। होली के गीतों पर स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ विशेष बच्चों तथा उपस्थित लोगों के पांव भी खूब थिरके। फूलों की पंखुड़ियां बरसाकर और गुलाल उड़ाकर विशेष बच्चे होली के रंग में रंग गए। यह नजारा चेशायर होम परिसर में दिखाई दिया। इसका आयोजन हर साल की तरह इस साल भी सिने तारिका माधुरी दीक्षित के फैन पप्पू सरदार द्वारा किया गया था। पप्पू ने अपने चिर-परिचित अंदाज जोकर के ड्रेस कोड में विशेष बच्चों संग खुशियां बांटी। साथ ही होली के दिन नशा नहीं करने और हुड़दंग करने से बचने तथा राधा-कृष्ण की तरह खुशियां बांटने का संदेश दिया। होली के गीतों पर विशेष बच्चों संग जोकर बने पप्पू सरदार ने जमकर डांस किया। राधा-कृष्ण बने कलाकारों पर फूलों की वर्षा तथा माधुरी दीक्षित की तस्वीर पर अबीर गुलाल लगाकर इस कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मौके पर चेशायर होम की हेड सिस्टर डेजी, सिस्टर रोज़ली, स्मिता एवं सरिता ने होली की बधाई देते हुए कहा कि होली के रंग खूब बिखरें, लेकिन भाई चारा के साथ, जोर जबरदस्ती रंग किसी को भी नहीं लगायें। मौके पर चेशायर होम के सभी सिस्टर एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने जल संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ विश्व जल दिवस मनाया

### मोबाइल वैन रैली, वाटर टेक प्रदर्शनी एवं पैनल डिस्कशन, 2 सीवेज पंपिंग स्टेशन का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टीएसयूआईएसएल) ने वाटर फॉर पीस ः क्रिएटिंग रिपल्स फॉर अ बेटर फ्यूचर थीम के तहत विश्व जल दिवस मनाया। कार्यक्रम में जल संरक्षण और स्थिरता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आकर्षक गतिविधियों की एक श्रृंखला देखी गई। उत्सव की शुरुआत शानदार जल बचाओ जागरूकता मोबाइल वैन रैली से हुई, जो सर दोराबजी टाटा पार्क से शुरू होकर जमशेदपुर की सड़कों से गुजरी। रैली को टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआईएसएल की सम्मानित वरिष्ठ नेतृत्व टीम के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसका उद्देश्य नागरिकों के बीच जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को जागृत करना था ।इसके अलावा रूसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस में जमशेदपुर के पूर्वी हिस्से में 2 सीवेज पंपिंग स्टेशनों का ऑनलाइन उद्घाटन, एक जल-तकनीकी प्रदर्शनी और एक पैनल चर्चा शामिल थी । टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष, चाणक्य चौधरी ने टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन किया ।पैनल चर्चा में टाटा स्टील, टाटा पावर और टाटा मोटर्स के उद्योग जगत के दिग्गजों ने भाग लिया, जिसमें टिकाऊ जल प्रबंधन प्रथाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया। प्रदर्शनी और तकनीकी प्रस्तुतियों में जल प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी कंपनियों के अभिनव समाधान और प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संपादकीय

# पूर्वानुमान में एक बार फिर मोदी सरकार

**तीसरी** बार सरकार बनाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इतने आत्मविश्वास से क्यों भरे हुए हैं, उसका उत्तर है- उनकी सरकार के प्रति जनता का भरोसा। जनता के इसी भरोसे की झलक हाल में आए विभिन्न निर्वाचन संबंधी पूर्वानुमानों (ओपिनियन पोल) में दिखायी देती है। सभी संस्थाओं के सर्वेक्षण में एक बात स्पष्ट तौर पर निकलकर आ रही है कि 2024 में एक बार फिर मोदी सरकार बन रही है। भारतीय जनता पार्टी और उसके गठबंधन को स्पष्ट और बड़ा जनादेश मिलता हुआ दिखायी दे रहा है। देश के कई राज्यों में भाजपा एक बार फिर विपक्ष की सफाई करती नजर आ रही है। विशेषकर जहाँ उसका मुकाबला सीधे तौर पर कांग्रेस से है, उन राज्यों में कांग्रेस का खाता खुलना भी कठिन दिख रहा है। गुजरात, राजस्थान, हिमाचल, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भाजपा अपना पुराना प्रदर्शन दोहराने जा रही है। वहीं, ओडीशा, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, आंध्रा, महाराष्ट्र और बिहार जैसे प्रदेशों में वह पहले से बेहतर प्रदर्शन करती दिखायी दे रही है। इस पूर्वानुमान को देखकर यह भी कहा जा सकता है कि भाजपा अब केवल उत्तर भारत की पार्टी नहीं रही है। यह ठीक बात है कि उसे भारत के दक्षिणी हिस्से के सभी राज्यों में बहुत सफलता नहीं मिल रही है लेकिन कुछ राज्यों में उसने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, जैसे कर्नाटक, आंध्र और तेलंगाना। जिस प्रकार के रुझान मिल रहे हैं, उनको देखकर भले ही तमिलनाडु से भाजपा को अपेक्षित परिणाम मिलता नहीं दिख रहा है लेकिन अंदरखाने तमिलनाडु को लेकर भाजपा में उम्मीद की एक लहर है। भाजपा दक्षिण के उन राज्यों में भी अपना खाता खोल सकती है, जिन राज्यों में अभी तक उसकी एक भी सीट नहीं आई है। मत प्रतिशत के मामले में तो यह कहा ही जा सकता है कि भारत के उत्तरी हिस्से से लेकर दक्षिणी हिस्से तक और पश्चिम से लेकर पूर्व तक भाजपा अपना प्रभाव जमाते हुए दिखायी दे रही है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर भाजपा ने इस बार जीत का बड़ा लक्ष्य लिया है। पार्टी ने भाजपा के लिए 370 सीटें और अपने गठबंधन राजग के लिए 400 पार का कठिन लक्ष्य सामने रखा है। भारतीय राजनीति में एक दशक पूर्व जिस प्रकार की स्थितियां बन गई थीं, उसके आधार पर आकलन करेंगे तो यह लक्ष्य असंभव प्रतीत होता है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी नाम के ब्रांड ने पिछले 10 वर्षों में भारत में नया राजनीतिक वातावरण बनाया है, जिसमें यह लक्ष्य असंभव नहीं है। जिस प्रकार से प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की नीतियों के प्रति जनता का विश्वास है, उसे देखकर फिलहाल अनुमान लगाने और विश्लेषण करने का कार्य ही किया जा सकता है। वास्तविक परिणाम क्या रहेगा, यह तो आनेवाले समय में जनता अपने मताधिकार के प्रयोग से बता ही देगी। विभिन्न संस्थाओं के सर्वेक्षण से प्राप्त रुझानों से निश्चित ही भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा और वे अधिक ऊर्जा के साथ प्रधानमंत्री मोदी द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रयत्न करेंगे। यह पूर्वानुमान कांग्रेस के लिए भी सबक हैं कि उसे अपनी नकारात्मक और अंध विरोध की राजनीति छोड़कर जनता के मन को समझना चाहिए और जनता के बीच के मुद्दों को उठाना चाहिए। वर्तमान समय में कांग्रेस जिन मुद्दों पर बात कर रही है, आम जनता का उनसे कोई सरोकार नहीं है।

भारतीय जनता पार्टी और उसके गठबंधन को स्पष्ट और बड़ा जनादेश मिलता हुआ दिखायी दे रहा है। देश के कई राज्यों में भाजपा एक बार फिर विपक्ष की सफाई करती नजर आ रही है। विशेषकर जहाँ उसका मुकाबला सीधे तौर पर कांग्रेस से है, उन राज्यों में कांग्रेस का खाता खुलना भी कठिन दिख रहा है। गुजरात, राजस्थान, हिमाचल, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भाजपा अपना पुराना प्रदर्शन दोहराने जा रही है। वहीं, ओडीशा, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, आंध्रा, महाराष्ट्र और बिहार जैसे प्रदेशों में वह पहले से बेहतर प्रदर्शन करती दिखायी दे रही है। इस पूर्वानुमान को देखकर यह भी कहा जा सकता है कि भाजपा अब केवल उत्तर भारत की पार्टी नहीं रही है। यह ठीक बात है कि उसे भारत के दक्षिणी हिस्से के सभी राज्यों में बहुत सफलता नहीं मिल रही है लेकिन कुछ राज्यों में उसने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, जैसे कर्नाटक, आंध्र और तेलंगाना। जिस प्रकार के रुझान मिल रहे हैं, उनको देखकर भले ही तमिलनाडु से भाजपा को अपेक्षित परिणाम मिलता नहीं दिख रहा है लेकिन अंदरखाने तमिलनाडु को लेकर भाजपा में उम्मीद की एक लहर है। भाजपा दक्षिण के उन राज्यों में भी अपना खाता खोल सकती है, जिन राज्यों में अभी तक उसकी एक भी सीट नहीं आई है। मत प्रतिशत के मामले में तो यह कहा ही जा सकता है कि भारत के उत्तरी हिस्से से लेकर दक्षिणी हिस्से तक और पश्चिम से लेकर पूर्व तक भाजपा अपना प्रभाव जमाते हुए दिखायी दे रही है।

### प्रदेश में मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा ओबीसी से आता है और जिसकी ओर उनका झुकाव होता है

# उत्तर प्रदेश में भाजपा के जातीय समीकरण के सामने पस्त विपक्ष

आशीष वशिष्ठ

**एक** पुरानी राजनीतिक कहावत है कि दिल्ली का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। कहते हैं यहां पर जिसने जितनी सीटें जीतीं, उसके लिए नई दिल्ली तक पहुंचने का रास्ता उतना ही आसान हुआ। उत्तर प्रदेश में विजय का परचम लहराने के लिए जातियों की समझ ही सब कुछ है। यहां विकास के नाम पर वोट भी तभी मिलता है, जब जातियों को सही तरह से साधा जाए। बात चाहे ओबीसी की हो, मुस्लिम की हो या सवर्ण समाज को साधने की, सभी का उत्तर प्रदेश की सियासत में अहम योगदान रहता है। यहां के बारे में एक कहावत चर्चित है कि यहां वोटर नेता को वोट नहीं देते बल्कि जाति को देते हैं। जाहिर है कि सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीट वाले उत्तर प्रदेश पर हर पार्टी की नजर है। यहां भारतीय जनता पार्टी से लेकर सपा, कांग्रेस और बसपा भी अपना जनाधार मजबूत करने में पूरी ताकत के साथ जुट गई है। जाति, धर्म और वर्ग के आधार पर अपने-अपने वोट बैंक को दुरुस्त करने के लिए खास रणनीति बनाई जा रही है। इस मद्देनजर जो एक कम्युनिटी प्रदेश की हर राजनीतिक पार्टी की नजर में है, वो ओबीसी समुदाय है। प्रदेश में मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा ओबीसी से आता है और जिसकी ओर उनका झुकाव होता है, वही पार्टी यहां सबसे मजबूत स्थिति में मानी जाती है। ऐसे में इन्हें लुभाने के लिए हर पार्टी अपने-अपने स्तर पर अपनी-अपनी रणनीति के अनुसार कोशिश कर रही है। उत्तर प्रदेश में ओबीसी वोट का प्रतिशत 52 फीसदी है। ये ओबीसी वोट, यादव और गैर यादव में बंटा हुआ है। यादव वोट 11 फीसदी है तो गैर यादव 43 फीसदी है। ओबीसी वोट में यादव जाति के बाद सबसे ज्यादा संख्या कुर्मी मतदाताओं की है। इसके बाद मौर्य और कुशवाहा और चौथे नंबर पर लोध जाति है। पिछड़ा वर्ग में पांचवीं सबसे बड़ी जाति के रूप में मल्लाह (निषाद) हैं। ओबीसी वोट बैंक में राजभर बिरादरी की आबादी दो फीसदी से कम है। राज्य में दलित वोट बैंक, जाटव और गैर जाटव में बंटा हुआ है। दलितों में जाटव जाति की संख्या कुल वोट का 54 फीसदी है। दलितों में 16 फीसदी पासी और 15 फीसदी वाल्मीकि जाति है। राज्य में सवर्ण मतदाता की आबादी 23 फीसदी है। इसमें सबसे ज्यादा 11 फीसदी ब्राह्मण, आठ फीसदी राजपूत और दो फीसदी




कायस्थ है। देश में उत्तर प्रदेश मुस्लिम जनसंख्या के हिसाब लिहाज से चौथा सबसे बड़ा राज्य है। यहां पर लगभग 20 प्रतिशत मुस्लिम रहते हैं। 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-अपना दल गठबंधन को 50.76 फीसदी वोट मिले थे। भाजपा ने 62 और अपना दल ने दो सीट जीती थीं। सपा-बसपा और आरएलडी गठबंधन को 38.89 फीसदी वोट मिले थे। सपा ने पांच और बसपा ने 10 सीटें जीती थीं। 2019 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस के लिए सबसे शर्मनाक रहा। उसे 6.31 प्रतिशत वोट शेयर के साथ सिर्फ एक सीट पर जीत मिली। अगर साल 2014 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत के साथ 71 सीट मिलीं और पार्टी के खाते में 42.3 फीसदी वोट गए। इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी और आरएलडी का खाता भी नहीं खुला। बसपा को 19.6 फीसदी वोट मिले। सपा ने पांच ही लोकसभा सीट जीती। उसे कुल 22.2 फीसदी वोट मिले। कांग्रेस ने दो सीटें जीती और उसका वोट फीसदी 7.5 रहा। थिंक टैंक सीएसडीएस और लोकनीति के एक सर्वे के मुताबिक 2019 के चुनाव में 82 फीसदी ब्राह्मणों ने भाजपा और उसके सहयोगियों के लिए वोट किया। 89 फीसदी राजपूतों ने भाजपा को वोट दिया। वैश्यों का 70 फीसदी वोट भाजपा के खाते में गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में निर्णायक माने जाने वाले जाटों का 91 फीसदी वोट भाजपा को मिला। वर्ण व्यवस्था की अन्य जातियों में से 5 फीसदी ने कांग्रेस, 84 फीसदी ने भाजपा गठबंधन और 10 फीसदी ने सपा-बसपा गठबंधन को वोट किया। ओबीसी की दूसरी बड़ी जाति कोइरी-कुर्मी का 80 फीसदी वोट भाजपा, 14 फीसदी वोट सपा-बसपा, कांग्रेस को 5 फीसद और अन्य दलों को 1 फीसदी वोट मिला। यादव-कोइरी-कुर्मी के अलावा ओबीसी की अन्य जातियों में से 72 फीसदी ने भाजपा, 18 फीसदी ने सपा-बसपा, 5 फीसदी ने कांग्रेस और 5 फीसदी ने अन्य दलों को वोट किया। अनुसूचित जाति की बड़ी जातियों में से एक जाटव है। इस जाति का 75 फीसद वोट सपा-बसपा, 17 फीसद भाजपा, 1 फीसद कांग्रेस और अन्य दलों को 7 फीसद वोट मिल। एससी की अन्य जातियों के वोटों में से भाजपा गठबंधन को 48 फीसद, सपा-बसपा गठबंधन को 42 फीसद, कांग्रेस को 7 फीसद और 3 फीसद ने अन्य दलों को वोट किया। उत्तर प्रदेश के 73 फीसद मुसलमानों ने सपा-बसपा गठबंधन, 14 फीसद ने कांग्रेस, 8 फीसद ने भाजपा गठबंधन और पांच फीसद ने अन्य दलों को वोट किया। अन्य जातियों में से 50 फीसद ने भाजपा गठबंधन, 35 फीसद ने सपा-बसपा, 1 फीसद ने कांग्रेस और 14 फीसद ने अन्य दलों को वोट किया। वास्तव में, सामान्य, गैर यादव ओबीसी, अन्य अति पिछड़े, और गैर जाटव दलित पर भारतीय जनता पार्टी की अच्छी पकड़ है। भारतीय जनता पार्टी को साल 2014, 2019 के लोकसभा चुनाव में और साल 2017 तथा 2022 के विधानसभा में अच्छी-खासी संख्या में ओबीसी वोटर्स का साथ मिला। सपा की नीतियों से असंतुष्ट ओबीसी समुदाय ने भाजपा का दामन थामा। भाजपा अपने इस समर्थन को आने वाली लोकसभा चुनाव में बरकरार रखना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी वोटर्स में अपना जनाधार बढ़ाने के लिए तमाम तरह के जतन कर रही है। इसका मकसद गैर-यादव पिछड़ी जाति के लोगों को लामबंद करना है। इसके अलावा ओम प्रकाश राजभर को एनडीए में लाना भाजपा की ओबीसी नीति का ही नतीजा है। संजय निषाद और अनुप्रिया पटेल पहले से ही भाजपा के साथ हैं। आरएलडी के एनडीए का हिस्सा बनने से यह वोट बैंक और मजबूत होगा। ओबीसी को समाजवादी पार्टी का कोर वोटर माना जाता है। इनमें भी यादव वोटर्स सपा के समर्पित समर्थक हैं। सत्ता पर काबिज भाजपा ने अपनी योजनाओं और राजनीतिक रणनीति की मदद से सपा के इस वोट बैंक में सेंधमारी की है।

उत्तर प्रदेश में विजय का परचम लहराने के लिए जातियों की समझ ही सब कुछ है। यहां विकास के नाम पर वोट भी तभी मिलता है, जब जातियों को सही तरह से साधा जाए। बात चाहे ओबीसी की हो, मुस्लिम की हो या सवर्ण समाज को साधने की, सभी का उत्तर प्रदेश की सियासत में अहम योगदान रहता है। यहां के बारे में एक कहावत चर्चित है कि यहां वोटर नेता को वोट नहीं देते बल्कि जाति को देते हैं। जाहिर है कि सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीट वाले उत्तर प्रदेश पर हर पार्टी की नजर है।

दृष्टि कोण

# आखिर यह साफ कैसे होगा, क्या जागरूकता और मतदान प्रतिशत बढ़ाकर हो सकता है कुछ

**पूरी** दुनिया में, चाहे उन्नत अर्थव्यवस्थाएं हों या छोटे देश, राजनीतिक दल धन पाना चाहते हैं। उन्हें मतदाताओं तक पहुंचने, उन्हें अपनी नीतियों के बारे में बताने तथा लोगों का इनपुट पाने के लिए धन की जरूरत होती है। ऐसा करने के लिए विभिन्न देशों के राजनीतिक दल राजनीतिक फंडिंग का सहारा लेते हैं। राजनीतिक दलों को कई चैनलों के माध्यम से फंडिंग मिल सकती है-व्यक्तियों और कॉरपोरेट्स द्वारा स्वैच्छिक योगदान से, सदस्यता अभियान के जरिये या राज्य फंडिंग के माध्यम से। रास्ते बहुत हैं, जिनमें मीडिया कवरेज, राजनीतिक दलों के लिए स्थान और अन्य संसाधनों का उपयोग के रूप में योगदान भी शामिल हैं। हालांकि फंडिंग का एक रूप जो राजनीतिक दलों के खजाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है, वह विभिन्न रूपों में कॉरपोरेट दान है। दुनिया भर में राजनीतिक दलों को मिलने वाले कॉरपोरेट दान को लेकर एक डर यह है कि ऐसे दानों से सरकारों के निर्णय लेने की प्रक्रिया न प्रभावित हो। चाहे अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा या कई अन्य उन्नत अर्थव्यवस्थाएं हों, कॉरपोरेट दान सामान्य बात है, ठीक उसी तरह, जैसे



सदस्यता शुल्क या अन्य रूपों में व्यक्तिगत चंदा लिया जाता है। लगभग हरेक देश में कानून द्वारा एक रूपरेखा तैयार की गई है, जिसके जरिये राजनीतिक दल चुनाव अभियान पर खर्च करने के लिए धन स्वीकार करते हैं। और इसकी एक सीमा होती है कि किस चुनाव में प्रत्याशी और राजनीतिक दल कितना खर्च कर सकते हैं। कई कॉरपोरेट अपने देशों में चुनिंदा या कई राजनीतिक दलों का समर्थन करते हैं, ताकि पार्टी की नीतियों के प्रति एकजुटता का संकेत दिया जा सके या किसी भी चुनाव परिणाम के साथ अपने हितों की रक्षा की जा सके। लेकिन इसमें कॉरपोरेट की भूमिका संदिग्ध हो जाती है, क्योंकि अक्सर कॉरपोरेट दान कुछ शर्तों के साथ मिलता है। अक्सर फंडिग की स्थिति स्पष्ट नहीं होती, बल्कि इसमें निहित स्वार्थ छिपे होते हैं। उदाहरण के लिए, 14 अप्रैल, 2021 को जॉर्जिया में प्रतिबंधात्मक रिपब्लिकन प्रायोजित मतदान कानून के जवाब में गूगल के सीईओ ने 200 अन्य सीईओ के साथ मिलकर द न्यूयॉर्क टाइम्स और द वाशिंगटन पोस्ट में एक खुला पत्र प्रकाशित करवा कर ऐसे 'किसी भी भेदभावपूर्ण कानून' का विरोध किया, जिससे अमेरिकियों के लिए मतदान करना और मुश्किल हो जाएगा। लेकिन एक दिक्कत थी-गूगल ने चुपचाप रिपब्लिकन स्टेट लीडरशिप कमिटी, एक ऐसा संगठन, जो जॉर्जिया कानून और इसी तरह के अन्य राज्यों के कानून का समर्थन करता है, के साथ 'चुनावी अखंडता' पर एक 'नीति कार्य समूह' को वित्त पोषित किया था। ब्रिटेन में पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन कॉरपोरेट फंडिंग के लिए आलोचनाओं के घेरे में आ गए, जिन्होंने दानदाता के पक्ष में नीतिगत समर्थन दिया था। वर्षों से, कई प्रमुख व्यवसायी राजनीतिक दलों के साथ लॉबिंग करते रहे हैं और जनादेश तथा नीति-निर्माण को प्रभावित करने के लिए फंड देते रहे हैं। हालांकि अब राजनीतिक दलों से दूरी बनाए रखने के लिए कॉरपोरेट्स ने चुनावी ट्रस्टों के जरिये फंडिंग का रास्ता ढूंढ लिया है। ये मूल रूप से कंपनियों द्वारा स्थापित ट्रस्ट हैं, जिनका उद्देश्य अन्य कंपनियों और व्यक्तियों से प्राप्त योगदान को राजनीतिक दलों में वितरित करना है। चूंकि ट्रस्टों द्वारा संग्रहीत धन को इकट्ठा किया जाता है, तो कोई आसानी से नहीं जान सकता कि किस कॉरपोरेट ने ट्रस्ट को धन दिया है और ट्रस्ट किसी राजनीतिक दल को कैसे वित्त पोषित करेगा। भारत में राजनीतिक फंडिंग और चुनाव कराने की लागत में उन दिनों की तुलना में बदलाव देखा गया है, जब चुनावी खर्च की कोई सीमा नहीं थी और न ही धन संग्रह के लिए कोई स्पष्ट तंत्र था। दान अधिकतर नकदी में होता था, जिसका मतलब था कि स्रोत का आसानी से पता नहीं लगाया जा सकता था और यह एक समानांतर काली अर्थव्यवस्था का भी समर्थन करता था। अन्य देशों की तरह हमने भी चुनावों पर खर्च करने के अपने तरीके बदल दिए हैं। राजनीतिक दलों को अपनी पारदर्शिता में सुधार करने के लिए कहा गया और बड़े नकदी दान को प्रतिबंधित कर दिया गया।

कुछ अलग

# बीड़ी-सिगरेट छोड़ें और स्वस्थ रहें

**धूम्रपान** के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मार्च के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे (धूम्रपान निषेध दिवस)' मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 13 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस पहली बार 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है, जो इस साल 'तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा' विषय के साथ मनाया जा रहा है। दरअसल यह गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मन-मस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। चूंकि बच्चों का मन कोमल होता है, इसीलिए तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद वे यह समझने की स्थिति में नहीं होते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्युशैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है। दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरुष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरुष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्ष में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है। धूम्रपान कितना खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सिगरेट के खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि बीमारियों में भी धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए।

देश दुनीया से

# एल डोराडो खतरे में है, पुतिन की नजर से उभरी है आशंका

**स्वीडन** मार्च के दूसरे सप्ताह में नाटो का 32वां सदस्य बन गया। प्रधानमंत्री उल्फ क्रीत्सेरसॉन ने वाशिंगटन में नाटो की सदस्यता हासिल की। इसके साथ स्वीडन ने करीब दो सौ साल पुरानी कूटनीतिक तटस्थता को खत्म कर दिया। रूस व अमेरिका के लंबे शीतयुद्ध के दौरान स्वीडन तटस्थ रहा, मगर यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद यूरोप में खौफ पेसरा है। वर्ष 2022 की जनवरी की बात है, तब तक यूक्रेन पर रूस का कहर शुरू नहीं हुआ था। बाल्टिक सागर में रूस के छह जंगी जहाज गश्त करते नजर आए। लिथुआनिया और पोलैंड की सीमा पर कैलिनिनग्राद में रूस का नौसैनिक अड्डा है। ये जहाज यहीं से आए थे। स्वीडन की पुलिस को पता चला कि स्वीडन के नाभिकीय संयंत्रों के आसपास कई ड्रोन देखे गए हैं। चौबीस घंटे के भीतर ही स्वीडन ने गोटलैंड के द्वीप पर सैन्य तैनाती में जबर्दस्त बढ़ोतरी कर दी। गोटलैंड पर इस कदर सैन्य तैनाती शीतयुद्ध के दशकों में भी नहीं देखी गई थी। रूस और स्वीडन के रिश्तों का इतिहास ही लंबी शत्रुता का है। 12वीं से 19वीं सदी तक रूस और स्वीडन के बीच करीब एक दर्जन युद्ध हुए हैं और कड़वाहट अब भी जारी है। यूक्रेन पर हमले के बाद



स्वीडन गोटलैंड द्वीप पर रूस के हमले को लेकर बेहद सशंकित है। यही डर उसे शताब्दी पुरानी कूटनीतिक तटस्थता छोड़कर नाटो की शरण में ले आया है। गोटलैंड बाल्टिक सागर में इतिहास का सबसे जीवंत स्मारक है। बांधिए कुर्सी की पेटी, टाइम मशीन अब रूस होते हुए गोटलैंड की तरफ उड़ान भरने को तैयार है। टाइम मशीन 16वीं-17वीं सदी में उड़ान भर रही है। ठीक पहचाना आपने यह रूस के पहले जार आइवन द टेरबिल हैं, जो मध्ययुगीन मस्कोवी शासन को रूस के दक्षिण में फैला रहे हैं। आइवन द टेरबिल ने मध्य एशिया से लेकर काला सागर के तट तक तातारों-कजाकों के शासन वाले इलाके और अस्त्राखान के खानेत को अपनी ताकत का एहसास करा दिया है। मगर इतिहास तो अब बनना शुरू हुआ है। अपनी सीट के सामने लगी स्क्रीन पर देखिए। यह 1708 का साल है। रूस की जानलेवा ठंड के बीच स्वीडन के सम्राट चार्ल्स बारहवें की सेना यूक्रेन के दक्षिण की तरफ बढ़ रही है। स्वीडन के सम्राट चार्ल्स पहले भी रूस की सेना को धूल चटा चुके थे, लेकिन मास्को उनकी पहुंच से दूर रहा। सम्राट की सेना सर्दी से हार रही थी। फिर भी हमला जारी था। पीटर द ग्रेट ने चार्ल्स को रोकने के लिए पोल्टावा के किले से जवाब देना शुरू कर दिया। 1708 में जंग की शुरुआत हुई। पहली मुठभेड़ भारी पड़ी। रूसी सेना की गोलाबारी में स्वीडन के सम्राट चार्ल्स घायल हो गए। किसी तरह जान तो बच गई, अलबत्ता सम्राट युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं थे। इसलिए सेना की कमान फील्ड मार्शल कार्ल गुस्ताव रेंकिओल्ड और जनरल लुडविग ल्यूनहॉप्ट को दे दी गई। इस इलाके पर मंडराते हुए हमें दिखेगा कि एक माह तक अलग-अलग मोर्चों पर स्वीडन और रूस की सेना के बीच भयानक जंग हुई। मगर स्वीडन की सेना टिक नहीं पाई। 10,000 से ज्यादा सैनिक मारे गए या कैद कर लिए गए। स्वीडन के सम्राट चार्ल्स को दक्षिण में ओटोमन साम्राज्य के इलाके में शरण लेनी पड़ी। पोल्टावा की हार के साथ स्वीडन के साम्राज्य विस्तार की उम्मीद हमेशा के लिए खत्म हो गई। पीटर द ग्रेट काला सागर से लेकर बाल्टिक तट तक राज करने लगे। टाइम मशीन अब बाल्टिक तट पर सेंट पीटर्सबर्ग के ऊपर उड़ान भर रही है। स्वीडन हार तो गया, लेकिन पीटर द ग्रेट बाल्टिक सागर से उस पार नहीं जा सके। वह रूस के साम्राज्य को यूरेशियन सीमा से निकाल कर बाल्टिक के दूसरी ओर ले जाना चाहते थे। इसी कोशिश में उन्होंने 1703 में बाल्टिक तट पर सेंट पीटर्सबर्ग शहर बसाया था। बाल्टिक सागर में स्वीडन की ताकत अकूत थी, जिस पर रूस का जोर नहीं चला। ... और अब हम आ गए हैं गोटलैंड पर। स्टॉकहोम के तट से पूर्व की ओर स्थित गोटलैंड पहुंचने में करीब पांच घंटे लगते हैं। यह हिसाब 21वीं सदी का है। एक संप्रभु राष्ट्र के तौर पर अपनी शुरुआत करने वाले छोटे से गोटलैंड पर साम्राज्यवादियों के असंख्य निशान दर्ज हैं। टाइम मशीन अब और पीछे 14वीं सदी से 16वीं सदी की तरफ जा रही है, जब इस द्वीप पर प्रत्येक शताब्दी में किसी न किसी साम्राज्यवादी शासक ने कब्जा किया। कभी जर्मन, तो कभी डैनिश, तो कभी रूसी कब्जे से गुजरते हुए गोटलैंड स्वीडन का हुआ।

रूस व अमेरिका के लंबे शीतयुद्ध के दौरान स्वीडन तटस्थ रहा, मगर यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद यूरोप में खौफ पेसरा है। वर्ष 2022 की जनवरी की बात है, तब तक यूक्रेन पर रूस का कहर शुरू नहीं हुआ था। बाल्टिक सागर में रूस के छह जंगी जहाज गश्त करते नजर आए। लिथुआनिया और पोलैंड की सीमा पर कैलिनिनग्राद में रूस का नौसैनिक अड्डा है। ये जहाज यहीं से आए थे। स्वीडन की पुलिस को पता चला कि स्वीडन के नाभिकीय संयंत्रों के आसपास कई ड्रोन देखे गए हैं। चौबीस घंटे के भीतर ही स्वीडन ने गोटलैंड के द्वीप पर सैन्य तैनाती में जबर्दस्त बढ़ोतरी कर दी। गोटलैंड पर इस कदर सैन्य तैनाती शीतयुद्ध के दशकों में भी नहीं देखी गई थी। रूस और स्वीडन के रिश्तों का इतिहास ही लंबी शत्रुता का है।

आप का नजरीया

# कहीं आप अपनी प्राणशक्ति तो बर्बाद नहीं कर रहे

**आप** रोज सुबह उठने के बाद महसूस करते होंगे कि आप एक नई ऊर्जा से भरे हुए हैं। खासकर तब जबकि आप 7-8 घंटे की गहरी हेल्दी नींद लेकर सुबह उठते हैं। आप अपने रोम-रोम में एक ताजगी महसूस करते हैं। सुबह उठने के बाद हम अगर पूरी चेतना, जागृति और बोध के साथ सांस भरें, तो उस सांस के साथ हम शरीर में एक ऊर्जा के प्रवाह को भी महसूस कर सकते हैं। बहरहाल, यह जो रात की गहरी नींद पिछले दिन की पूरी थकान सोखकर आपको ताजगी से भर देती है और आप पूरे दिन का मुकाबला करने के लिए खुद को तैयार पाते हो, यह आपके भीतर बह रही प्राण ऊर्जा का कमाल होता है। प्राण ऊर्जा हमें तीन स्रोतों से मिलती है। सूर्य से, आकाश यानी हवा से और पृथ्वी यानी जमीन से। सूर्य अगर न हो तो पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं। सूर्य की किरणों में प्राण की ऊर्जा भरी हुई रहती है। इसलिए सुबह अगर आप जानबूझकर कुछ देर सूरज की किरणें शरीर पर पड़ने देंगे, तो आपके भीतर यह ऊर्जा थोड़ी अतिरिक्त रहेगी। आप सांस जब लेते हो तो हवा को ही भीतर खींचते हो। हवा में ही प्राणवायु रहती है। ऑक्सीजन। आपको कुछ देर तक यह प्राणवायु न मिले तो आप जीवित नहीं रह पाते। प्राण ऊर्जा या इसे प्राण शक्ति भी कह सकते हैं, का तीसरा स्रोत आपका भोजन है जो जमीन से पैदा होता है। जमीन भोजन में प्राणशक्ति डालती है और भोजन को ग्रहण कर उस शक्ति को अपने भीतर लेते हैं। जब हम सुबह उठते हैं तो हमारे भीतर रात का खाना पूरी तरह पच चुका होता है, रात को नींद ने अपना कारनामा दिखा हमारे शरीर के भीतर सब टूटफूट रिपेयर कर ली होती है। हमारी प्राणशक्ति अपने सबसे ऊंचे स्तर पर होती है। यह जो प्राणशक्ति आपके भीतर रहती है, यही आपके सारे काम करती है। शारीरिक और मानसिक काम तो करती ही है, शरीर के भीतर बीमारियों से लड़ने और आपके शरीर को उनसे बचाए रखने जिम्मेदारी भी इसी की होती है। न सिर्फ इतना बल्कि यह आपके भीतर बहुत सूक्ष्म स्तर पर काम करते हुए आपके मन में आने वाले संकल्पों को भी तय करती है कि वे कैसे रहें। जब आपके संकल्प अच्छे रहते हैं, तो वही आपकी आभा बनकर आपके चेहरे पर भी दिखने लगते हैं। आपने देखा होगा जो बड़े योगी होते हैं, सिर्फ कहने के नहीं बल्कि असली योगी, जो तप व साधना वाला जीवन जीते हैं, उनके चेहरे पर आपको ऐसा तेजोमंडल दिखाई देता है। सवाल यह है कि आप इतनी कीमती प्राणशक्ति को कैसे दिन भर अपने भीतर बनाए रख सकते हैं। अमूमन होता यह है कि सुबह की प्राणशक्ति हमारी दिनचर्या, हमारे सोचने और काम करने के गलत तरीकों और उथली सांस लेने व गरिष्ठ भोजन करने की वजह से बहुत जल्दी कम हो जाती है। शरीर के भीतर जब प्राणशक्ति शिथिल हो जाती है, तब वह हमारी रोगों से रक्षा नहीं कर पाता। घातक रोग भी हमारे शरीर में अपनी जड़े जमाने लगते हैं।

# दिव्यांगजनों के लिए सुगम एवं समावेशी मतदान हेतु प्रखंड स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** स्वीप कार्यक्रम के तहत दिव्यांग ब्रांड एंबेसडर कवि सुचित कुमार वियोगी द्वारा प्रखंड स्तरीय दिव्यांग मतदाताओं का जागरूकता कार्यक्रम रखा गया जिसमें सैकड़ो दिव्यांग जनों ने भाग लिया और मतदान करने की शपथ ली। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल कमान ने अपने संबोधन में कहा कि आसन्न लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर सभी पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) मतदाताओं को सभी आवश्यक जरुरी सुविधा मिलें यह सुनिश्चित किया जा रहा है एवं प्रत्येक मतदान केंद्र पर जन-सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। जिसमें दिव्यांग, गर्भवती माताओं एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए हरेक मतदान केंद्र पर रैंप, शेड, पेयजल, शौचालय एवं अलग से कतार की व्यवस्था रहेगी। सभी मतदान केंद्रों में दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधा। मतदान केंद्र में बूथ वॉलिंटियर मतदाताओं के सुविधा के लिए उपास्थित रहेंगे। मतदान के लिए तीन लाइन बनेगी जिसमें पुरुष/महिला/ रहेगा जिसमें दिव्यांग एवं 85+ मतदाता के लिए अलग लाइन रहेंगे जिससे दिव्यांग व 85 + मतदाता अपना मतदान कमसे कम समय में कर पाएंगे 7 सक्षम ऐप से सभी आवश्यक सेवाएं ली जा सकती है। दिव्यांग ब्रांड एंबेसडर कवि सुचित कुमार वियोगी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के सक्षम ऐप का उपयोग कर दिव्यांग मतदाता अपने लिए व्हील चेयर की व्यवस्था कर सकेंगे। मतदान के दिन इन मतदाताओं के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए फ्री पास की सुविधा रखी जानी है, जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट उपलब्ध नहीं रहेगा वहां इनके लिए मतदान केन्द्र तक आने जाने के लिए निजी वाहन भी भाड़े पर रखे जाएंगे। इसके साथ-साथ जो वाहन से भी मतदान केंद्र पर आने में असक्षम हैं उनके लिए घर पर ही मताधिकार के प्रयोग की व्यवस्था की जा रही है।

# मुखिया ने वार्ड सदस्यों के साथ मनाया होली मिलन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर पंचायत भवन में मुखिया निर्मला देवी व पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया के नेतृत्व में वार्ड सदस्यों सहित ग्रामीणों के साथ बैठक हुई। बैठक में सीओ राकेश सहाय मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित वार्ड सदस्य सहित ग्रामीणों को पंचायत में संचालित विकास योजनाओं पर विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। वहीं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान मुखिया निर्मला देवी ने वार्ड सदस्यों के साथ एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। बैठक में वार्ड सदस्य अमीर प्रसाद दांगी, संजय दांगी, प्रीति देवी, ममता देवी, उपेंद्र दांगी, कामदेव दांगी अजय यादव समेत कई उपस्थित थे।

## पत्थलगड़ा सुभाष चौक में होलसेल फुटवियर का हुआ उद्धघाटन



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र सुभाष चौक बाजार टांड़ सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के बगल में आर के, फुटवियर का उद्धघाटन जिला परिषद विधिवत फीता काट कर किया। इस उद्धघाटन समारोह को संबोधित करते हुवे सिंघानी पंचायत मुखिया राधिका देवी ने कहा कि पत्थलगड़ा में आर के फुटवियर, होलसेल दुकान खुलने से पत्थलगड़ा ग्राम वासियों को काफी मदद मिलेगी क्योंकि पत्थलगड़ा प्रखंड में जितने भी खुदरा विक्रेता है उन्हें कही दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वही आर के फुटवियर के प्रोपराइटर राजेश कुमार, पिता हरिलाल दांगी ने पत्थलगड़ा प्रखंड वासियों लिए कहा की पत्थलगड़ा में जितने भी खुदरा विक्रेता है उन सभी दुकानदार को हम यहीं से देंगे जो हजारीबाग,रांची, चतरा के भाव (मूल्य) पर पत्थलगड़ा में ही सभी डिजाइन सभी ब्रांड के जूते, चप्पल, सैंडल उपलब्ध है आप यहीं से ले सकते हैं। जिससे दुकानदार को समय की बचत के साथ पैसे की भी बचत होगी। इस उद्धघाटन समारोह में सिंघानी पंचायत मुखिया राधिका देवी, सिंघानी पंचायत सचिव श्वेता कुमारी, भगत जी, सिंघानी वार्ड सदस्य संतोष रजक, वार्ड सदस्य मीना देवी, दांगी समाज प्रखंड उपाध्यक्ष जगदीश दांगी, संजय दांगी, लालदेव दांगी, कामेश्वर दांगी, डोमन राणा, दीनदयाल राम, उपस्थित थे।

## चतरा कॉलेज में लोकसभा आम चुनाव-2024 के सफल संचालन हेतु ईवीएम संचालन से संबंधित कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के सफल संचालन हेतु आज गुरुवार को चतरा कॉलेज चतरा में टण्डवा प्रखण्ड का प्रथम एवं द्वितीय पाली में सीसीएल, एनटीपीस एवं अन्य कर्मियों को पी, पी-1, पी-2, पी-3 का प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रथम पाली में 10:00 से 01:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली में 02:00 से 05:00 बजे तक चतरा कॉलेज चतरा में आयोजित कर कर्मियों को मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# प्रज्ञा केंद्र संचालकों का करवाया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर पंचायत भवन में शुक्रवार को प्रज्ञा केंद्र संचालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण करवाया गया।जहां गिद्धौर एवं पत्थलगड़ा प्रखंड के लोग उपस्थित थे।प्रशिक्षण करवा रहे सीएससी जिला प्रबंधक अमित कुमार सिंह प्रेम प्रताप सिंह ने बतलाया कि मिशन कर्म योगी कुशल व्यवहार के तहत लोगों के साथ व्यवहारिक विचार कैसे बनाए रखेंगे। इससे संबंधित कइ जानकारियां बताई गई। मौके पर गिद्धौर पत्थलगड़ा प्रखंड के प्रज्ञा केंद्र के दर्जनों संचालक उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में होली पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में होली पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण हेतु समाहरणालय सभा कक्ष में जिले के पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर जिला व प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ विस्तार से समीक्षा करते हुए बारी-बारी से जानकारी प्राप्त की गई एवं कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी गणमान्य लोगों एवं पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित प्रस्ताव एवं सुझाव साझा करने हेतु आंमत्रित किया। जिसमें सदस्यों द्वारा बताया गया कि चतरा जिले में पूर्व से कोई भी त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाता रहा है। सभी धर्म के लोग आपस में भाईचारगी व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को मनाते है। प्रशासन को आश्वस्त करते है कि इस बार भी शांतिपूर्ण एवं भाईचारगी के साथ त्योहार मनाया जाएगा। उपायुक्त ने सभी गणमान्य सदस्यों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है। इस पर्व की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी का कर्तव्य होगा कि वे अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को सम्पन्न कराएं। साथ ही कहा थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक कर ली गई है, विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने से संबंधित अगर किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है तो नियमसंगत कार्रवाई करें। इसके अलावे उन्होने जिले के विभिन्न स्थानों पर दण्डाधिकारी के साथ-साथ पुलिस बल की तैनाती की जाय। साथ ही सभी थानों के थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर निगरानी करने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले पोस्ट को रोकने एवं ऐसा करने वालों के उपर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होने विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्ति को चिन्हित कर उनपर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-107 के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आगे कहा अवैध शराब व अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। उन्होने बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं गणमान्य लोगों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## विधायक आवास में मना होली मिलन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के आवास पर शुक्रवार को होली मिलन सह भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह होली मिलन समारोह में उपस्थित होकर, विधायक एवं कार्यकर्ताओं संग मनाया होली। इस समारोह को सुचारू रूप से सफल बनाने में विधायक पुत्र सह भाजपा युवा नेता पंकज राज एवं टंडवा भाजपा नेता विनय सिंह ने अहम भूमिका निभाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, वर्तमान जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, जिला महामंत्री मिथिलेश कुमार गुप्ता, विधायक जिला प्रतिनिधि अच्छेवट पांडे, जिला परिषद सदस्या देवंती देवी, कोयद पंचायत मुखिया किशून राम सहित भाजपा के बैजनाथ पांडे , सरोज पांडे सहित सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस मौके पर विधायक संघ उनके समर्थकों ने ढोलक झाल हारमोनियम पर कई प्रकार के होली का गीत प्रस्तुत कर आनंद उठाया।

# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी लोकतंत्र का काला अध्याय : दीपू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी पर आज पलामू के आम आदमी पार्टी प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव और कार्यकारी ज़िला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने एक संयुक्त प्रेस बयान ज़ारी कर इस पर अपना विरोध दर्ज कराया। सौरभ ने कहा कि देश के आम चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के बढ़ते प्रभाव से भाजपा घबरा गयी थी इसी लिए केंद्रीय एजेंसी का ग़लत इस्तेमाल कर उन्होंने पार्टी के मुखिया को गिरफ़्तार करवा दिया। यह भाजपा प्रायोजित गिरफ़्तारी है और इसकी पटकथा भाजपा मुख्यालय से लिखी जा रही है जिसके लेखक खुद प्रधानमंत्री हैं, लेकिन आने वाले चुनाव में भाजपा की यह फ़िल्म फ्लॉप होने वाली है और जनता इसका ज़बाब देगी। जब एक वर्ष से ज़्यादा समय से मनीष शिशोदिया को गिरफ़्तार कर के रखा गया और उनके ख़िलाफ़ आरोप पत्र तक दाखिल नहीं कर सकी ईडी तो फिर उसी मामले में एक चुने हुए मुख्यमंत्री को गिरफ़्तार करने का क्या औचित्य है। जेएमएम के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा ने कहा की देश अघोषित तानाशाही की और बढ़ गया है।कुछ दिनों बाद भाजपा शब्दकोश से विपक्ष शब्द को ही ख़त्म कर देगी। दीपू सिन्हा ने कहा की आचार संहिता लगने के बाद एक सोची समझी रणनीति के तहत अरविंद जी की गिरफ़्तारी हुई है इससे पूरे देश के पार्टी कार्यकर्ताओं और आम लोगों में रोष है। पार्टी में बैठकों का दौर ज़ारी है और रूपरेखा तैयार की जा रही है। जल्द ही अचार संहिता नियमावली के अनुरूप सभी विपक्षी दल इंडिया के बैनर तले लातेहार ज़िले में बड़े विरोधप्रदर्शन के लिये संबंधित अधिकारियों से इजाज़त माँगेगी और लोकतांत्रिक तरीक़े से अपना विरोध प्रदर्शित करेगी। संयुक्त प्रेस वार्ता मे राजद के रामप्रवेश यादव ने कहा कि देश में अघोषित तानाशाही आ चुका और यह देश लिए दुर्भाग्य है। कांग्रेस पार्टी के असग़र ख़ान ने कहा कि भाजपा के इस तानाशाही पूर्ण रवैये का ज़बाब जनता देगी। माकपा के अयूब ख़ान ने कहा कि यह चुनाव भाजपा की विदाई का चुनाव होगा और वोट की ताक़त सर्वोपरि साबित होगी। राजद के रामप्रवेश यादव और अजीत सिन्हा ने भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी को लोकतंत्र और विपक्ष पर हमला बताया। प्रेस वार्ता में अन्य विपक्षी दलों के नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।

## लातेहार के पूर्व डीसी ने चतरा लोकसभा क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी का किया ऐलान



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिला के पूर्व उपायुक्त राजीव कुमार ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता कर चतरा लोकसभा क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी का ऐलान किया। उन्होंने चतरा लोकसभा की क्षेत्र की जनता की जन भवानाओ की मांग पर इस क्षेत्र से चुनाव की लड़ने घोषणा की। उन्होंनें कहा कि चतरा लोकसभा अंतर्गत पड़ने वाले प्रत्येक प्रखंडों एवं पंचायतों में विकास की असीम सभवानाए हैं. फिर भी इस क्षेत्र के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। आज भी इस क्षेत्र के लोग गरीबी, अशिक्षा, चिकित्सा पलायन आदि समस्याओं से जुझ रहें रहे हैं प्रकृति ने इस संसदीय क्षेत्र के लोगों को प्रचुर मात्रा में संसाधन उपलब्ध करवाया है लेकिन इन संसाधनों को विकास के कार्य हेतू ठीक से आज तक कोई भी कार्य योजना नही बन पाई। जिसके फलस्वरूप आज यह संसदीय क्षेत्र प्राकृतिक संपदा से भरा-पूरा रहने के बावजूद भी विकास से कोसो दूर है। आज इस क्षेत्र के लोगों को लाइबीलीहुड संसाधनों के माध्यम से रोजगार से जोड़ने की जरूरत है। चूंकि वो स्वयं इस क्षेत्र में कार्य कर चुके है और यहाँ के भौगोलीक वातावरण एवं रोजगार की भौगोलीक संभावनाओं से भली-भाँत्ति वाकिफ है तथा अपने कार्यकाल के दौरान विकास की कई योजनाओं को कम लागत में ही अंजाम तक पहुंचा चुके है। और यही वजह है कि इस क्षेत्र की जनता इन्हें अपनी आवाज बनते हुए देखना चाहती है। जनता कि विशेष मांग है कि आपके जैसा व्यक्तिव इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करे ताकि वास्तविक में इस क्षेत्र का विकास हो सके। इन्ही जन भावनाओं का सम्मान करते हुए मैंने इस क्षेत्र का अपेक्षित विकास करने हेतु इस क्षेत्र के जनता के बीच जाने का मन बना लिया है। और अगर कोई पार्टी मुझे टिकट नहीं भी देती है तब भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में इस क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्प हूँ।

## प्रकृति के महापर्व सरहुल को लेकर की गई तैयारी बैठक



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के नचना ग्राम स्थित आदिवासी पड़हा भवन परिसर मे प्रकृति का महापर्व सरहुल को हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण वातावरण मे मनाने को लेकर की गई तैयारी बैठक। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षा सरना स्थल के मुख्य सेवक प्रधान उरांव ने किया। वही सभा का सफल संचालन महेंद्र भगत ने किया। इस बैठक मे सरहुल पुजा को विधिवत मनाए जाने वाले कार्यक्रम को लेकर परिचर्चा की गई। बैठक मे साल्वे मुखिया सह प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष राजीव भगत ने अपने संबोधन मे सरहुल पुजा को विधिवत संपन्न करने हेतु समिति गठन की बात कही ,वही सचु उरांव, ब्रहमदेव उरांव व जगदिश उरांव ने सरहुल पुजा के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यक्रमो पर चर्चा करते हुए, उसके विधिवत संचालन हेतु कई सुझाव दिये, धर्म अगुआ तेतर उरांव ने प्रकृति पर्व सरहुल व अपने धर्म संस्कृति व पहचान को बनाए रखने की बात कही. पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव ने सरहुल पुजा को लेकर वितिय व्यवस्था मजबुत करने पर बल दिया, कार्यक्रम के अंत में सर्वसम्मति से अगला बैठक 29 मार्च दिन शुक्रवार को होना तय किया गया। पुर्व शिबला मुखिया धनेश्वर उरांव, ,जयपाल उरांव, दिगम्बर टाना भगत, बिन्देश्वर उरांव, ब्रहमदेव उरांव, सरदुल उरांव, भरत उरांव, कालेश्वर उरांव, मान्ती भगत, राजमनी उरांव सहित भारी संख्या में सरना धर्मावलम्बीयों महिला पुरूष उपस्थित रहे।

# एडब्ल्यूपीएल नामक आयुर्वेदिक दुकान का फीता काटकर हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित दिवाकर नगर के समीप आयुर्वेद कंपनी एडब्ल्यूपीएल प्राइवेट लिमिटेड दुकान का उद्घाटन संस्था के डॉक्टर नरेश कुमार ने फीता काटकर किया। मौके पर बोलते हुए डॉक्टर नरेश कुमार ने कहा कि आजकल की भाग दौड़ की जिंदगी में मनुष्य अपना ध्यान नहीं रख पा रहा है। खान-पान की कमी के कारण बीमारियों से घिरता जा रहा है। साथ ही लंबे समय तक अंग्रेजी की दवाई के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से बचने के लिए आयुर्वेद एक बार फिर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा की आयुर्वेद ही है जो बीमारी को जड़ से खत्म करने का शक्ति रखता है ।कंपनी ने भारत में ही नही देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है। आज देशभर में एडब्ल्यूपीएल संस्था से जुड़कर देश में लाखों बेरोजगार और घरेलू महिलाएं अपना जीवन यापन कर रही हैं साथ ही साथ तंदुरुस्त जीवन भी जी रहे हैं। मौके पर डॉक्टर कृष्ण कुमार सिमरिया, दुकान संचालक ईश्वर लाल, विपिन लाल, विक्की श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, नारायण प्रजापति, तुलसी यादव, अमित कुमार, अनिल कुमार, गुड़िया देवी, राखी देवी, शकुंतला देवी, वैजनती देवी, संगीता देवी, रानी कुमारी, जूली देवी, अंजू देवी, सुनील राणा, सरिता देवी, जयराम तुरी, राजू उराँव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बारियातु पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ ब्रेजा वाहन किया जब्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना क्षेत्र के बालूभाँग निवासी अनूप कुमार केशरी को अपने ब्रेजा वाहन जेएच 01 इडब्लू 9228 से बालूभाँग के लिए ले जा रहें अबैध अंग्रेजी शराब के साथ बारियातु पुलिस ने पकड़ा व भारी मात्रा मे अबैध शराब जब्त किया.इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बारियातू बाजार सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान के विक्रेता मनोज प्रसाद एवं बनवारी उरांव के मिली भगत से अवैध रूप से बालूभांग के अनूप कुमार केशरी द्वारा ब्रेजा वाहन से अंग्रेजी शराब को बालूभांग ले जाकर मिलावट कर ऊंची कीमत में बेचा जाता है.इसी सिलसिले में अनूप कुमार केसरी उसे शराब दुकान से भारी मात्रा में ब्रेजा गाड़ी से लेकर बारियातू बाजार टांड होते बालूभांग के लिए निकला है.इसकी सूचना वरिये पदाधिकारी को दी गई. पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष सत्यम के निर्देशानुसार थाना प्रभारी राजा दिलावर द्वारा एक छापामारी टीम गठन किया गया.जिसमे स0अ0नि0 नीरज दुबे, जिला सशस्त्र बल के हवलदार भुनेश्वर राम ,त्रिपुरारी सिंह, वर्तमान थाना के आरक्षी रोहित कुमार गुप्ता व अमरजीत राम बालूभाँग पहुंचा तो देखा कि ब्रेजा गाड़ी बालूभांग की ओर जा रही है. सख्ती दिखाते हुए ओवरटेक कर ब्रेजा वाहन जेएच 01 इडब्लू 9228 वाहन को रोका.रोकते ही अनूप कुमार केसरी पिता विजय केशरी दौड़ कर भागने का प्रयास किया जिन्हे दौड़कर पुलिस ने पकड़ लिया. पूछताछ के बाद अपराध को स्वीकार किया. ब्रेजा वाहन व भारी मात्रा मे शराब जब्त कर बारियातू कांड संख्या 27/24 दिनांक 21.03.2024 धारा 272 /273 भदवि एवं 47 ए के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## आज आयोजित होगा रामनवमी महासमिति का होली मिलन समारोह



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री रामनवमी महासमिति रामगढ़ के पदाधिकारी शनिवार को संध्या 3 बजे लोहार टोला रामगढ़ स्थित किला मंदिर के प्रांगण में मनाएंगे होली मिलन समारोह। उक्त बातों की जानकारी महासमिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने एक विज्ञप्ति जारी कर मीडिया को दिया। उन्होंने मीडिया के माध्यम से जिले के सभी रामभक्तों को आमंत्रित करते हुए कहा की सभी इस समारोह में उपस्थित होकर इस बार भव्यता के साथ जुलूस और झांकी निकालने पर अपना विचार भी रखें।

## इनमोसा ने अरगड्डा में होली मिलन समारोह को लेकर की बैठक



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा के रेस्ट हाउस के प्रांगण में इनमोसा सिरका शाखा के द्वारा होली मिलन समारोह को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता रामध्यान यादव व संचालन विश्वनाथ सिंह ने किया। अवसर पर मुख्य अतिथि सिरका कोलयरी के वरीय ओवरमैन अपूर्व घोष उपस्थित हुए। तिथि निर्धारित करते हुए निर्णय लिया गया कि आगामी 23 मार्च को अरगड्डा रेस्ट हाउस के प्रांगण में इनमोसा की होली मिलन समारोह आयोजित होगी। बैठक में प्रशांत बेल्थरिया, अपूर्व कुमार घोष, विनोद कुमार पाल, विश्वनाथ सिंह, इंद्रनाथ महतो, मनमोहन प्रसाद, शिव शंकर चंद्रवंशी, सतीश दास, शांता पासवान, भास्कर यादव, विवेक राव आदि उपस्थित थे।

## सीसीएल सिरका परियोजना से 80 कर्मी चुनाव ड्यूटी में जाएंगे, रिलीज होने की प्रक्रिया चल रही




**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के सिरका परियोजना में कार्यरत करीब 80 कामगारों को लोकसभा चुनाव ड्यूटी में जाने संबंधी पत्र सूची आ चुका है। सूत्रों की माने तो चुनावी ड्यूटी में जाने से पूर्व ट्रेनिंग और रिलीज होने की प्रक्रियाए हो रही है, चुनाव ड्यूटी में ऑफिस, माईनिंग, सुरक्षा आदि विभागों के कर्मी, श्रमिक शामिल हैं। चुनावी ड्यूटी को लेकर प्रशासन रामगढ़ के द्वारा नियम और कागजी प्रक्रिया को लेकर पत्र भेजे गए हैं, जिसे लेकर स्थानीय सिरका प्रबंधन आगे की कार्रवाई में भी जुटा हुआ है।

## कोयलांचल में रमजान के दूसरे जुम्मे की नमाज हुई अदा



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस बुध बाजार, गांव चपरी, हेसला, मनुवा, फुलसराय के क्षेत्रो में रमजान महीने के दूसरे जुम्मे की नमाज शुक्रवार को मुकर्रर वक्त पर अदा की गई, इसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मा लंबियों ने भाग लिया, सभी ने रमजान की एक दूसरे को मुबारकबाद दी, तय समय में संध्या रोजेदारों ने अपना रोजा खोला, सभी ने अपने और पूरी दुनिया के लिए अमन चैन की दुआएं मांगी, लोगों ने बताया कि रमजान का महीना बहुत ही लाजवाब होता है, इस महीने में खुदा की इबादत करने का हर एक बंदे को मौका मिलता है, साथ ही रमजान के महीने में जरूरतमंदों की मदद जरूर करनी चाहिए, इससे सबाब मिलता है।

## राजेश बनें युवा आजसू के प्रदेश संयोजक



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की बैठक गुरुवार को रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के सुप्रीमो आदरणीय सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति रही। आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के पर्यवेक्षण में युवा आजसू नामक पार्टी की अनुषांगिक इकाई का गठन किया गया। युवा आजसू मोर्चा की विस्तृत को लेकर संयोजक मंडली व जिला प्रभारियों का मनोनयन किया गया। रामगढ़ विधानसभा के वार्ड नं 26 कैथा निवासी राजेश महतो को संयोजक मंडली का सदस्य सह रामगढ़ और हजारीबाग जिला का प्रभारी मनोनीत किया गया। मनोनयन को लेकर राजेश महतो ने आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, केंद्रीय सचिव हरीश सिंह, आजसू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष गौतम सिंह सहित पार्टी के वरीय पदाधिकारियों, सहयोगियों व कार्यक्षेत्र के देवतुल्य जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए निष्ठापूर्वक दायित्वों का निर्वहन करने की बात कही।

## कटिय में एकल अभियान संच का होली मिलन समारोह आयोजित

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कटिया शिव मंदिर प्रांगण में एकल अभियान संच का एक दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जंहा सभी ने एक-दूसरे को अबीर लगा कर मिठाई खिलाकर होली की बधाई और शुभकामनाए दिये। मौके पर मुखिया किशोर कुमार महतो,रमेश सिन्हं,जय नंदन शर्मा,निर्मल जैन,अनीता जैन दीदी सपना देवी लीलावती देवी ललिता कुमारी पियासो कुमारी ममता कुमारी कविता देवी अनिशा कुमारी प्रियंका कुमारी और संगीता देवी सहित दर्जनों आचार्य उपस्थित थे।

## बीएस पब्लिक स्कूल अरगड्डा में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** बीएस पब्लिक स्कूल अरगड्डा में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रंजीत पासवान, धीरज पांडे, किशोर कुमार, पूर्ण राम एवं सिक्की पासवान उपस्थित हुए। इस अवसर पर सभी ने बच्चों को अबीर लगाकर स्वागत किया। किशोर कुमार के द्वारा एक-एक जलेबी सभी बच्चों को दिया गया। होली मिलन समारोह में 85 बच्चों भाग लिया था। बच्चें उत्साह से उत्प्रोत थे। बहुत ही अच्छे ढंग से विद्यालय परिवेश में होली मिलन समारोह आयोजन किया गया। सभी अतिथियों ने बच्चों को एक-एक करके रंग व अबीर लगाया। इस मौके पर शिक्षक गण एवं अन्य कई लोग उपस्थित थे।


पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं: (1), ई–निविदा सं०– पूमरे–मुप्रअ–नि–द– ईटीएन–64–23–24, कार्य का नाम :** नवलसाही स्टेशन पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण, प्रदूषण नियंत्रण के लिए स्क्रीन प्रोटेक्शन के रूप में बाउंड्री वॉल, बगीचा जल निकासी, तीन परत वृक्षारोपण, धूल दमन के लिए निश्चित प्रकार के स्प्रिंकलर, वर्षा जल संचयन का कार्य और केक्यूआर–जीआरडी अनुभाग में अन्य विविध कार्य। **अंकलित मूल्य (रू०) :** 5,65,78,478.19, **निविदा प्रपत्र का लागत (रू.) :** 0.00, **अग्रधन राशि (रू.) :** 4,32,900/–, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 (बारह) माह, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 08.04.2024 at 15.30 बजे अपराह्न। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार का कार्य नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ **IREPS** वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएगें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/2613/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/23-24/44


## गोला थाना परिसर में होली पर्व के मद्देनजर शांति समिति की हुई बैठक, हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** होली पर्व के मद्देनजर थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख गीता देवी ने की। बैठक के दौरान प्रमुख ने कहा कि होली पर्व को परम्परागत तरीके से आपसी भाईचारे के साथ मनाए। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के गणमान्य व्यक्तियों की भी जिम्मेवारी है कि इस पर्व को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने में प्रशासन की मदद करें। इस दौरान अंचलाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी ने लोगों से अपील की कि आपसी भाईचारे को बनाए रखने में समाज के जिम्मेवार नागरिक भी सहयोग करें। इंस्पेक्टर पंकज कुमार ने लोगों से किसी भी असंवैधानिक कार्यों के विरुद्ध प्रशासन की हर हालत में मदद करने की अपील की। मौके थाना प्रभारी हरिपद टुडू ने कहा कि प्रशासन और समाज के गणमान्य नागरिकों के आपसी सामंजस्य से ही किसी भी आयोजन तथा पर्वो को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा सकता है। लोग त्यौहार में किसी तरह का हुड़दंग न करे।आज की इस बैठक में पर्व के साथ साथ चुनाव -2024 के आदर्श आचार संहिता का भी बखूबी पालन करना के संबंध में जानकारी दी गई। मौके पर पंचम चौधरी, बजरंग महथा, कमाल शहजादा, मुखिया नुरुल्लाह अंसारी, जनार्दन पाठक, संतोष सोनी, घनेनाथ चौधरी, बिनू कुमार महतो, प्रदीप सिंह, दिनेश महतो, अमीत महतो, बबलू साव, गोविंद मुंडा, सुनील कुशवाहा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पतरातू थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** होली को लेकर पतरातू थाना परिसर में शांति-समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता एवं संचालन थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। इस बैठक में होली त्योहार के मद्देनजर क्षेत्र के लोगों से होली पर्व आपसी भाई-चारगी एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। वहीं उपस्थित पतरातू अंचलाधिकारी अमित भगत ने लोगो से किसी अफवाह पर ध्यान नहीं देने और ना ही कोई अफवाह फैलाने की बात कही है। वहीं थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता ने बताया कि होली के अवसर पर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुड़दंगियों और शराबियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर एसडीपीओ वीरेन्द्र कुमार राम के अलावा प्रखंड कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, मुखिया किशोर कुमार महतो, रवि रंजन, विनोद करमाली, जय किसन पाठक, मोहम्मद मनसुसब अंसारी, शौकत खान, रीझन देवी,पंकज कुमार, नयुम अंसारी, संजू सिंह सहित क्षेत्र के समाजसेवी व क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## इमरान रजा खान के यहां दसवें दिन तरावीह खत्म किया गया

**रामगढ़ :** कारी इम्तियाज अंबर साहब के द्वारा रामगढ़ पूर्णी मंडप तोहिद रजा खान साहब इमरान राजा खान कामरान राजा खान के यहां दसवें दिन तरावीह मुकम्मल किया, हर साल की तरह इस साल भी 10 दिनों की तरावीह मुकम्मल किया गया। तारी इम्तियाज अम्बर साहब ने तरावीह पढ़ाया पढ़ने वालों में आरिफ कुरैशी, इमरान राजा खान, कामरान राजा खान, अरमान कुरैशी,अली रजा कुरैशी,समीर अहमद अंसारी, भोला कुरैशी, मोहम्मद गुड्डू दिलशाद अंसारी दर्जनों लोगों ने तरावीह पढ़ी खत्म तरावीह के बाद मिलाद शरीफ का प्रोग्राम हुआ जिसमें गोलपार जमा मस्जिद के इमाम मौलाना साहुद साहब, हाफिज दानिश राजा खान साहब हाफिज अंसारी ने शिरकत की।

## रामगढ महाविद्यालय में व्याख्यान श्रृंखला का दूसरा चरण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** महाविद्यालय के सेमिनार हाल में व्याख्यान श्रृंखला के दूसरा चरण आपदा-प्रबंधन पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।रामगढ महाविद्यालय के प्राध्यापकगण अपने व्याख्यानों के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पाठयक्रम के अनुसार परीक्षा की तैयारी में विद्यार्थियों की मदद करने का प्रयास कर रहे हैं।व्याख्यान श्रृंखला के समन्वयक की भूमिका निभा रही डॉ. प्रीति कमल ने विषय प्रवेश करते हुए कहा कि युवाओं के कौशल विकास के उद्देश्य से नए सिलेबस में आपदा प्रबंधन का विषय के रूप में समावेश किया गया है, जिसका उद्देश्य किसी भी आपदा से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करते हुए कुशल प्रबंधन की स्थिति सुनिश्चित करने के विषय में युवाओं को जानकारी देना है ताकि अत्यंत महत्वपूर्ण इस विषय पर विद्यार्थी अपनी अच्छी समझ विकसित कर सकें। महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने व्याख्यान श्रृंखला के इस चरण में आपदा-प्रबंधन से संबंधित विभिन्न इकाई पर अपना-अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्राध्यापकों में अर्थशास्त्र विभाग की डा. मालिनी डीन ने आपदा प्रबंधन की अवधारणा, वर्गीकरण और वितरण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उर्दू विभाग के डॉ शाहनवाज खान ने महामारी का अर्थ, कारण और बचाव के बारे बताया और उदाहरण स्वरूप हालिया कोविड-19 महामारी के संदर्भ को प्रस्तुत किया। इस दौरान डिजिटल स्मार्ट बोर्ड पर भारत में घटित अविस्मरणीय आपदाओं पर छात्रोपयोगी वृत्त चित्रों का भी प्रदर्शन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन इतिहास विभाग की डॉ. कामना राय द्वारा किया गया। विद्यार्थियों के कौशल संवर्धन और पाठ्यक्रम की अध्यापन के उद्देश्य से आयोजित व्याख्यान श्रृंखला के इस चरण में बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण उपस्थित हुए।

## होली पर्व के मद्देनजर खाद्य प्रतिष्ठानों में चलाया गया जांच अभियान





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी होली पर्व के मद्देनजर शुक्रवार को मिलावटी खाद्य पदार्थो के विरुद्ध अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ए के रामा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा प्राधिकारी दीप श्री एवं अन्य सदस्यों के द्वारा गोला प्रखंड अंतर्गत डीवीसी चौक के समीप होटल, मिठाई दुकानों, राशन दुकानों आदि में जांच अभियान चलाया गया। मौके पर आम जनों को मिलावटी खाद्य सामग्रियों से बचाने एवं पर्व के दौरान मिलावटी खाद्य सामग्रियों की बिक्री की संभावना को देखते हुए कृष्णा स्वीट्स, रुचिका स्वीट्स, होटल बजरंग, महाराजा स्वीट्स, गौरव भंडार, शुभम स्वीट्स आदि दुकानों का निरीक्षण किया गया वहीं दुकानों से खाद्य पदार्थ के सैंपल भी इकट्ठा किए गए। मौके पर अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा लोगों से पर्व के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों से सावधान रहने, किसी भी पदार्थ को खरीदने के दौरान एक्सपायरी डेट आदि एवं विभिन्न तरीकों से खाद्य पदार्थों की पहचान को लेकर आवश्यक जानकारियां दी गई व लोगों को जागरूक किया गया।

## महिला जनाधिकार मंच के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** महिला जनाधिकार मंच की अध्यक्ष मधु गुप्ता की अध्यक्षता में ब्रह्मऋषि धर्मशाला, बिजुलिया तालाब रोड में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया द्य इस कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व में दिनांक 10/03/24 में हुये कार्यक्रम में सम्मिलित सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया गया एवं संगठन को मजबूत व विस्तारित करने पर विचार विमर्श भी किया गया । ताकि संगठन महिलाओं की समस्याओं का निदान करने में सक्षम रहे। इस मौके पर मधु गुप्ता ने कहा कि आज हर क्षेत्र महिलाओं की उपलब्धियों से भरा हुआ है। यहां तक की अब आर्मी, नेवी और इंडियन एयरफोर्स की हर ब्रांच में महिलाओं की तैनाती हो रही है। इसके अलावा इस आयोजन का मकसद महिलाओं के अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाना भी है ताकि उन्हें उनका हक मिल सके और वह पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें। हमारे शास्त्रों में कहा गया है यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमन्ते तत्र देवताः । यानी कि जहां नारियों का सम्मान होता वहीं सभी देवता विराजते हैं।ज्यादातर स्त्रियों को परिवार में फैसले लेने का अधिकार और आजादी नहीं मिल पाई है। ऐसे में हमारा यह कत्तर्व्य है हम महिलाओं की स्थिति समाज में बेहतर बनाने को लेकर प्रयासरत रहने का संकल्प लें।इस कार्यक्रम में अतिथि कमल बगड़िया, रवि साहू, निलेश गुप्ता, संतोष वर्णवाल एवं अन्य मौजूद थे।इस कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह के द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन नूतन ठाकुर के द्वारा दिया गया 7 इस कार्यक्रम में मौजूद रीना चौधरी, श्वेता लाकड़ा, वुनेश्वरी देवी, नीलम चौधरी, सुमन गुप्ता पूनम शर्मा सपना देवी नीलम गुप्ता सीमा देवी संगीता कुमारी पार्वती देवी आरती देवी बेबी देवी बबीता सिंह ममता देवी लक्ष्मी देवी गुड़िया देवी सविता देवी बबीता देवी पूनम देवी रिंकू संगीता नीलम रीना देवी पिंकी देवी संध्या देवी गीता देवी इत्यादि उपस्थित थी।

## सीसीएल डायरेक्टर जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी आफताब अहमद भुरकुंडा पहुंचे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** सीसीएल डायरेक्टर जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी आफताब अहमद शुक्रवार को भुरकुंडा पहुंचे। जहां उन्होंने सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय चिकित्सालय भुरकुंडा का जायजा लिया। इस दौरान किया डीडीएमएस माइनिंग हनुमंता राव, सीएमएस सुमन सिंह भी शामिल रहे। अवसर पर सीसीएल बरकासयाल के महाप्रबंधक ने बुके देकर अधिकारियों का स्वागत किया। इसके पश्चात डीजीएमएस सहित अन्य अधिकारियों ने ड्रेसिंग रूम, किचन, एक्स-रे, वार्ड रूम का बारी- बारी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने एम्बुलेंस वाहन और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में कर्मचारियों से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में सीएमओ अनुप कुमार टोपो, डॉ. नदीम आलम, फारूक रजा, ललन प्रसाद, सहित हॉस्पिटल के कर्मचारी महजूद रहे।आफताब अहमद ने कहा कि अस्पताल में मेडिकल स्टाफ और टेक्नीशियन की कमी है। कई उपकरणों की भी कमी है। इससे स्थानीय प्रबंधन को अवगत कराते हुए कमियों को दूर कराने का प्रयास किया जाएगा। जल्द ही अस्पताल का कायाकल्प होता दिखेगा। अस्पताल से अधिकारी सीसीएल की बलकुदरा खुली खदान पहुंचे। खदान का निरीक्षण करते हुए उन्होंने भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार पाठक से सेफ्टी, ओबी और कोयला उत्पादन से संबंधित कई जानकारियां ली। साथ ही कई दिशानिर्देश दिए।

## रफ्तार का कहर दो किशोर युवक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ ्रकुंडा मार्ग पर भादानी नगर ओपी क्षेत्र के बनगड्डा गांव के समीप तेज रफ्तार के कारण दो किशोर ने दम तोड़ दिया, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। जिन्हे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया है जहां उनकी इलाज चल रही है। मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को दोपहर केटीम बाईक छ्01श्च स्7319 पर तीन लोग सवार होकर रामगढ़ की ओर जा रहे बनगड्डा के समीप इनकी बाईक आसंतुलित हो कर पास के दीवार से जा टकराई जिससे बाईक पर सवार तीनों युवक गिर पड़े जिससे बाईक पर सवार एक शख्स दक्ष बेदिया पिता राजेश बेदिया उम्र 16 साल चिकोर निवासी के रूप में की गई है की मौत हो गई जबकि वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल कॉल कंपनी निवासी सावन करमाली , नितेश बेदिया हो गए जिन्हे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेजा गया जहां सावन करमाली पिता राजू करमाली की भी रिम्स में मौत हो गई।

## रामगढ़ महाविद्यालय में शोक सभा हुई आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ के राजनीतिक शास्त्र विभाग के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ दिनेश प्रसाद यादव का निधन शुक्रवार 22 मार्च 2024 को हो गई। उनकी आत्मा की शान्ति के लिए महाविद्यालय में एक शोक सभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रखा गया। शोक सभा में डॉ राजेश कुमार उपाध्याय ने कहा कि डॉ दिनेश प्रसाद यादव के निधन से बौद्धिक समाज और शिक्षा जगत को होनेवाली क्षति की पूर्ति होना असंभव है। वह ऐसे व्यक्ति थे जिनका किसी से बैर नहीं था बड़े ही मृदुभासी, मेहनती और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि उन्हें अपने चरणों में स्थान दे और उनके परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दे। शोक सभा में डॉ रणविजय प्रसाद देव, डॉ सतीश कुमार सिंह, डा. बक्शी ओमप्रकाश, डा. कामना राय, डा. मालिनी डीन, डॉ. बलवंती मिंज, डा. राहुल गुप्ता, डॉ. प्रीति कमल, डा. नीतु मिंज, डॉ. शालिनी प्रकाश, डॉ. शहनवाज खान, प्रो. बीरबल महतो, प्रो. प्रेमचंद महतो, प्रो. गोपाल कुमार, अजिता किन्डो, अजिता किंडो, किसुन महतो, वासुदेव प्रसाद, किसुन महतो, सरयू महतो, वीरेन्द्र उरांव, सुंदर लाल, पुष्पा महतो, इंद्रमणि सिंह , सुरेश महतो, दसरथ महतो, भुवनेश्वर राम, शिवानंद, मनोज नायक, चंदन कुमार, सुमंत महली, दीपाश्री दयाल, विष्णु उरांव, पंचम महतो, मो. उस्मान, गौरव प्रधान, रामकरण महतो, लेखा देवी आदि उपस्थित थे।

## पीटीपीएस महाविद्यालय शहादत दिवस को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पीटीपीएस महाविद्यालय में शहीदे आजम भगत सिंह,शहीद राजगुरू, शहिद सुखदेव की शहादत दिवस को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता छात्रा नेत्री रिया कुमारी व संचालन पूनम सिंह के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता सुजीत पटेल,प्रोफेसर ललन राम,प्रोफेसर नंद कुमार व युवा नेता लोकेश आनंद व महिला नेत्री सीमा राय उपस्थित हुए।कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया व उसके उपरांत सभा का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने बताया कि आज शहीदए आजम भगत सिंह व तमाम युवा आंदोलनकारी शहीदों के बलिदान को याद करने की जरूरत है।और शहीद ए आजम भगत सिंह के सोचे हुए आजाद भारत का सपना पूरा करने का समय है।इस संगोष्ठी पर छात्र नेता विशाल कुमार छात्र नेता उज्जवल सिंह साथ ही साथ अन्य छात्र-छात्राओं ने अपनी अपनी बातें रखीं।मौके पर छात्र नंदनी कुमारी, सलोनी कुमारी, पूजा साहू, वृंदा कुमारी, दिव्या कुमारी, निशा कुमारी, लवली कुमारी, स्नेहा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अमेरिका कुमारी, सुहाना परवीन, अंकिता कुमारी, मोनिका कुमारी, स्वाति कुमारी, मैनेजर कुमार, अभिषेक कुमार, प्रेम सागर, ऋषिकेश कुमार , रवि मुंडा, राहुल कुमार, राहुल कुमार, नरेश गंजू, हेमंत कुमार आदि सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

## राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा में विश्व जल दिवस कार्यक्रम का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** पूर्व घोषित कार्यक्रम के निमित्त ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा में विश्व जल दिवस कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाध्यापक रवीश कुमार की अध्यक्षता में आम चुनाव की आचार संहिता लगने के कारण सादगी पूर्वक मनाया गया ।कार्यक्रम में पीरामल फाउंडेशन के कार्यकर्ता कल्याणी रावत के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के द्वारा रद्दी ( स्क्रैप ) वस्तुओं से उपयोगी सामग्री बनाने की प्रतियोगिता तथा निबंध चित्रांकन एवं स्लोगन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई ! जिसमें सफल प्रथम द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को मुखिया द्वारा सम्मानित किया गया ।इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने अपने प्रोत्साहन भाषण में कहा कि मनुष्य सहित सभी प्राणियों के लिए जल ही जीवन है जल के बिना किसी भी प्राणी के लिए जीवन की कल्पना करना व्यर्थ है , इसलिए जल का दुरुपयोग किसी भी हालत में नहीं करना चाहिए।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षिकाएं ने प्रमुख भूमिका निभाई ।

# माह-ए-रमजान के दुसरे जुम्मे पर उमड़ी नमाजियों की भीड़, लोगों ने की दुआएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : इस्लाम धर्म का पवित्र माह रमजान चल रहा है। वहीं इस माह के दुसरे शुक्रवार को सुबह से ही मुस्लिम बाहुल क्षेत्रों मे उत्सव का माहौल बना रहा। चारो ओर चहल पहल देखने को मिली। वहीं जुमा की नमाज को लेकर मस्जिदों मे नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी मस्जिद नमाजियों से खचाखच भरा रहा। लोगों ने जुमा की नमाज अदा की एवं अपने सहित देश व दुनिया की भलाई के लिये अल्लाह से दुआएं मांगी। लोगों ने रोजा रखा, नमाजें अदा की एवं पवित्र कुरान शरीफ की तिलावत कर, अपनी इबादतों से अल्लाह को राजी करने का प्रयास किया। जुमा की नमाज के बाद कब्रिस्तान मे भी नमाजियों की भीड़ देखने को मिली। सभी लोग अपने पूर्वजों की कब्र पर जाकर उनके लिये अल्लाह से दुआएं करते देखे गए। शाम होते ही बाज़ार व चौक चौराहे पर भीड़ भाड़ बना रहा। लोग अफ्तार की खरीदारी करने मे व्यस्त रहे। विशेष कर फलों की दुकान पर काफी भीड़ रही। वहीं दुसरी ओर घरों पर महिलायें भी तरह तरह के पकवान बनाने मे व्यस्त रहीं। मगरीब की आजान होते ही सभी ने रोजा खोला और नमाज अदा की। तत्पश्चात रात मे पढ़ी जाने वाली तराबी की नमाज की तय्यारी मे सभी जुट गए।



- अपनी इबादतों से अल्लाह को राजी करने का एक सुनहरा मौका रमज़ान के रूप मे हमारे बीच मौजूद है। इस माह का हम सभी को बड़ी बेशब्री से इन्तजार रहता है। माह ए रमजान की अनगिनत खूबियाँ हैं जिसे अपने लफ्जों मे बयां करना मुश्किल है। हमें चाहिये की ज्यादातर अपने वक़्त को नेक कामों मे गुज़ारें और सभी के लिये खूब दुआएं करें।

**तनत खान उर्फ सोनू**



- देखते ही देखते रहमतों से भरा माह ए रमजान का पहला अशरा खत्म और दुसरा अशरा मगफिरत का शुरु हो गया। इस दौरान हमें चाहिये की अपनी गुनाहों से तौबा करें और अल्लाह से माफी मांगे। अल्लाह माफी मांगने वाले बंदे को पसंद करते हैं और बेशक वही माफ फरमाने वाले हैं। सभी को मैं रमजान की मुबारकबाद पेश करता हुं।

**मुख्तार खान**



- रहमतों व बरकतों से भरा रमज़ान का महीना चल रहा है। घरों मे खुशियों का माहौल है। इस माह का एक एक लम्हा बहुत ही कीमती है। अल्लाह से दुआ है की इस माह के दौरान हम सभी को खूब इबादत कर ढेरों नेकियां इकठ्ठा करने की तौफीक दे और हमारे गुनाह बख्शें जाएं। सभी को मैं रमज़ान की मुबारकबाद पेश करती हुं।

**अनवरी खातून**



- हम सभी पर रहमतों की बारिश लुटा कर रमजान का पहला अशरा विदा हो गया। वहीं मगफिरत का अशरा शुरु हो चला जो इंसान के लिये गुनाहों से बरी होने का आसान सा ज़रिया है। इस दौरान हमें अल्लाह से अपनी गलतियों की माफी मांग उन्हें राजी करने की कोशिश करनी चाहिये।

**जुली परवीन**

## मंदिर के छत ढ़लाई कार्य में पहुंचे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ज्ञान रंजन सिन्हा



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : गोविन्दपुर गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित धधकीटांड गांव में आज शुक्रवार को शिव मंदिर के छत ढ़लाई कार्य में पहुंचे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ज्ञान रंजन सिन्हा और पहला कड़ाई अपने नाम किया और श्रमदान कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया । मंदिर कमिटि के सदस्यों को संबोधित करते सिन्हा ने कहा कि धधकीटांड गांव के लिए आज का दिन गर्व का दिन है अब सभी तरह के लोग आसानी से कुछ ही दुरी तय कर भगवान् शिव की आराधना कर सकेंगे। मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बाबूलाल गोप, निरंजन पाण्डेय, भीखलाल कुम्हार, सुधीर कुम्हार, झाबुशंकर यादव, गणेश कुम्हार, पार्वती चरण पाण्डेय, हिमांशु पाण्डेय, अर्जून यादव, फैनीलाल यादव, बसंत पाण्डेय, दिलीप कुम्हार समेत बड़ी संख्या में मंदिर कमिटि के सदस्य उपस्थित थे।

## सिमराढाब पंचायत मुखिया आवास पर होली मिलन समारोह संपन्न



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : शुक्रवार को प्रखण्ड क्षेत्र के सिमराढाब पंचायत के ग्राम गोंगरा में मुखिया दिलीप दास के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंकज हिंदुस्तानी ने किया। इस बीच कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि सह जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गोंगरा, जुरपा, पथलडीहा, सिमराढाब, बनपुरा समेत पूरे पंचायत से सैकड़ों लोग शामिल हुए । इस दौरान होली के मद्देनजर रखते हुए पकवान का भी लोगों ने आनन्द लिया तथा आगामी लोस चुनाव पर भी चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल-अबीर लगाकर शुभकामनाएं दी। वहीं जिप सदस्य छोटेलाल यादव ने कहा कि होली एक ऐसा त्योहार है जिसमें दुश्मन को भी रंग-गुलाल लगाया जाता है ताकि आपस में प्रेम बना रहे। वहीं मुखिया दिलीप रविदास ने कहा यह रंगोंउत्सव बड़े ही श्रद्धा के साथ लोग मानते हैं और बुराई की समाप्ति कर अच्छी को अपनाते हैं।

## छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता हुआ आयोजन




**बगोदर/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तिरला मे बनवासी विकास आश्रम, बगोदर, गिरिडीह के द्वारा तथा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के आर्थिक सहयोग से बाल विवाह विषयक क्विज प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता कि शुरुआत करते हुवे भागीरथी जी ने कहा कि पुरे भारत मे बाल विवाह मुक्त करने का एक आंदोलन चल रहा है इसी कड़ी मे प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को जागरूकता लाना है वहीं भाषण प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार चंदा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार नेहा कुमारी, तृतीय पुरस्कार पंकज कुमार तथा नारा लेखन प्रतियोगिता मे प्रथम सुमन कुमारी द्वितीय आँचल कुमारी, तृतीय चंदा कुमारी क्विज प्रतियोगिता मे 50 बच्चों को सही उत्तर देने वाले पुरसस्कृत किया गया उक्त प्रतियोगिता मे विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार शर्मा, सहायक शिक्षक बीरेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार, अजय कुमार, रामेश्वर महतो, सुरेंद्र प्रसाद, गिरिधरी ठाकुर, अनीता प्रसाद सिन्हा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डेगलाल महतो, बनवासी विकास आश्रम के यशोदा देवी, राजकुमार दास, तथा विद्यालय के छात्र छात्राएं संजीत कुमार पंकज कुमार आफरीन निशा, सुमन कुमारी, रोहित कुमार रानी कुमारी, खुशी कुमारी कि सराहनीय भूमिका रही अंत मे बीरेंद्र कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम समापन कि घोषणा कि गयी।

## गिरिडीह बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं ने मनाया होली



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : गिरिडीह ज़िले में बार एसोसिएशन में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ होली का त्यौहार मनाया । होली के गीतों पर झूमते हुए अधिवक्ताओं ने जमकर लुफ्त उठाया । एक दूसरे को आमिर लगाकर आपसी प्रेम शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए गले मिले। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रकाश सहाय ने कहा कि होली भाई चारा और प्रेम एवं शांति का त्योहार है। उपाध्यक्ष मंटू सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अधिवक्ताओं के साथ होली मनाया और आगे भी इसी तरह मनाते रहेंगे यही कामना करते हैं। संयुक्त सचिव दशरथ प्रसाद ने कहा कि होली खुशी का त्योहार है।यह त्यौहार बुराई को भुलाकर अच्छे रास्ते पर चलने का त्योहार है।

### दिल्ली के सीएम अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ गिरिडीह में नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन

# लोकतंत्र की हत्या कर रही है मोदी सरकार : आप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह** : आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी के द्वारा गिरफ्तारी के खिलाफ गिरिडीह में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा और माले नेता राजेश सिन्हा के नेतृत्व में सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया गया और नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया गया। मौके पर आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि एक चुने हुए मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करना लोकतंत्र की हत्या है। देश में अघोषित आपातकाल चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अरविन्द केजरीवाल से डर गए हैं। इसलिए लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है। लोकसभा चुनाव में देश की जनता इसका जवाब देगी। तानाशाह का अंत होगा।




आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा गिरिडीह के जिला अध्यक्ष गौरी शंकर यादव ने कहा कि जब सरकारी स्कूल की स्थिति खराब थी लोगों का ध्यान प्राइवेट स्कूल की ओर ज्यादा था उस वक्त आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली में सरकारी स्कूल को प्राइवेट स्कूल से अच्छा बनाया और गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई। आज प्राइवेट स्कूल के बच्चे दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने को लालायित रहते हैं। केवल गरीब ही नहीं दिल्ली के हर व्यक्ति का सौ फीसदी मुफ्त इलाज की जैसी क्रांतिकारी व्यवस्था जो अरविन्द केजरीवाल की सरकार ने किया है। ये काम धर्म की राजनीति करने वाली पार्टी को पच नहीं रहा है। माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। छात्र नौजवानों किसानों की उम्मीद इस सरकार से खत्म हो गई है। माले नेता उज्जवल साव ने कहा कि अब जब दस साल का हिसाब देने का समय आया तो सरकार तानाशाही पर उतर आई है। ये भारत के लोकतंत्र और संविधान को खत्म करके एक एक करके विपक्ष के सभी नेताओं को जेल में डाल रहे हैं। भारत के इतिहास में पहली बार एक राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को जेल में डाल दिया गया। मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया। प्रीति भास्कर ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल चल रहा है। इस तानाशाही को खत्म अब पूरे देश में करने घर घर से जनता निकलेगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में तानाशाही का अंत होगा।

## मनरेगाकर्मियों के त्योहारों का रंग पड़ा फिका कई महीनों से नही मिला मानदेय




**गिरिडीह/बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बगोदर प्रखण्ड में मनरेगा योजना को धरातल पहुंचाने वाले कर्मियों को बीते लगभग नौ माह से मानदेय नहीं मिला है। मानदेय नहीं मिलने के कारण कर्मियों के सामने आर्थिक संकट बना हुआ है। कर्मियों ने कहा कि वे लंबे समय से मानदेय भुगतान की मांग कर रहे हैं, वहीं होली और रमज़ान जैसे प्रमुख त्योहार में भी इन्हें मानदेय नही मिल पाने से कर्मियों में मायूसी छाई हुई है, मनरेगा संघ के बगोदर प्रखण्ड अध्यक्ष रामचंद्र राणा ने कहा की मनरेगा कर्मी अल्प मानदेय पर अपनी सेवाएं देकर सरकार की योजना का लाभ ग्रामीण तक पहुंचा रहे हैं, वहीं लंबे समय से मानदेय नही मिल पाने से कर्मियों और उनके परिवार को होली और रमजान जैसे त्योहार में भी आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, बगोदर प्रखण्ड में लगभग 30 मनरेगा कर्मी कार्यरत हैं जिनमे बीपीओ, जेई, एई, कम्प्यूटर असिस्टेंट, लेखा सहायक और ग्राम रोजगार सेवक शामिल हैं, इनका मासिक मानदेय 10 हजार से 23 हज़ार के बीच है,इन कर्मियों को यह आशा थी कि कम से कम त्योहारों के मौसम में मानदेय भुगतान हो जाएगा, पर अब इन कर्मियों के त्योहारों का रंग फीका पड़ रहा है।

## बालू तस्करो का बढ़ा हौसला, चौकीदार पर हमला कर जब्त ट्रैक्टर ले भागे



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सरिया थाना क्षेत्र में इन दिनों लगातार बालू तस्करो का हौंसला इस कदर बढ़ा हुवा है की अंचल अधिकारी के द्वारा अवैध खनन और तस्करी मे संलिप्त ट्रैक्टर को छुड़ाने के लीये सरिया अंचल अधिकारी के साथ झड़प कर चौकीदार के साथ मारपीट करने से भी नहीं चुके, इस बाबत सरिया अंचल अधिकारी संतोष कुमार ने बताया की अवैध खनन की सुचना पर सरिया पुलिस के साथ कार्यवाई करते हुवे तीन ट्रैक्टर को पकड़ा था जिसे सरिया लाने के क्रम मे करीब सौ लोगो के द्वारा केशवारी चौक पर चौकीदार के साथ मारपीट करते हुवे मेरे साथ बदतमीजी की साथ ही जबरदस्ती दो ट्रैक्टर ले भागने मे कामयाब हो गये, इस घटना मे चालक छोटेलाल घायल है, हमने इसकी जानकारी उपायुक्त गिरिडीह और अनुमंडल अधिकारी को दिया पुलिस इस मामले मे जाँच पड़ताल कर आगे की कार्यवाई करने मे जुट गई है।

# उप विकास आयुक्त ने की कार्मिक कोषांग की समीक्षा

## त्रुटि रहित डाटाबेस तैयार करने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने आज कार्मिक कोषांग की समीक्षा की। इसमें उन्होंने विगत दिनों डाटा एंट्री में मिली गलतियां में किए गए सुधार के प्रगति की समीक्षा की। वैसे कर्मी जिन्हें प्रीसाइडिंग में जाना था परंतु वे पोलिंग ऑफिसर 1 वन या पोलिंग ऑफिसर 2 हो गए थे, उसमें सुधार किया गया। साथ ही वैसे कर्मी जिनके फोन नंबर डाटा एंट्री में नहीं थे उनके अपडेट की समीक्षा की। उप विकास आयुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को अच्छे से संपन्न कराने के लिए सभी कर्मियों का त्रुटि रहित डाटाबेस तैयार करना है। साथ ही कहा कि जिन विभागों ने अब तक अपने कर्मियों का पूरा डेटाबेस कार्मिक कोषांग को उपलब्ध नहीं कराया है वे आज संध्या 5:00 बजे तक उपलब्ध करा दे। अन्यथा विभाग के कंट्रोलिंग पदाधिकारी पर रिप्रेजेंटेशन ऑफ दी पीपल एक्ट 1951 के तहत कार्रवाई की जाएगी। उप विकास आयुक्त ने बताया कि शनिवार को दोपहर 3:00 बजे न्यू टाउन हॉल में उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की ब्रीफिंग की जाएगी। बैठक की सूचना सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी तथा रिजर्व सेक्टर पदाधिकारी को फोन से देने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एलआरडीसी संतोष गुप्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलको, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# महुदा में गिरिडीह सांसद की उपस्थिति में मनाया गया होली मिलन समारोह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा** : धनबाद जिला के बाघमारा अंर्तगत महुदा के राधानगर में नागरिक मंच ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और भाजपा महुदा मंडल के अध्यक्ष शेखर सिंह के अलावा क्षेत्र के लोगो उपस्थित थे।समारोह में अंग वस्त्र देकर सांसद को सम्मानित करते हुए सभी ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर होली खेल किया। मौके पर जिप धनबाद अध्यक्ष शारदा सिंह मटुक मिश्रा, संपद घोषाल कमल महतो राजीव सिंह, कोशल महतो, उगा कुमारी, रमाशंकर तिवारी के अलावा सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित हुए।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी**

चाईबासा रोड, खूँटी, पिन- 835210 फोन नं0- 06528–299928

(Email Id – eedwsd.khunti@gmail.com)

एतद द्वारा आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आगामी आसन्न ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो सुबह 08:00 बजे से संध्या 08:00 बजे तक कार्यरत रहेगा जिसका दूरभाष संख्या–06528–299928 है। जिस पर संपर्क कर नलकूपों के साधारण मरम्मति/पाईप जलापूर्ति योजनाओं से नियमित पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सूचना दर्ज कराई जा सकती है। साथ ही साथ विभागीय Toll Free No.-1800-3456-502 एवं अंचल कार्यालय, राँची के दूरभाष संख्या–0651–2482900 पर भी संपर्क किया जा सकता है। प्रमंडलीय नियंत्रण कक्ष के नोडल पदाधिकारी, श्री राम सुन्दर राम सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, खूँटी (श0/ग्रा0), मो0–7991135236 एवं श्री हरिनाथ महतो, निम्न वर्गीय लिपिक (लेखा) मो0–7677550447 रहेंगे एवं इनके सहयोगी श्री नकुल मुण्डा, निम्नवर्गीय लिपिक मो0–8507124577 है। अवर प्रमंडल तोरपा के अधीन श्री राजेश मुण्डा मो0–9304500296 है। प्राप्त शिकायतों का निराकरण एवं निराकरण प्रतिवेदन दैनिक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

शिकायत कर्ता प्रखंड में पदस्थापित सहायक अभियंता/कनीय अभियंता के व्यक्तिगत मोबाईल संख्या पर नलकूपों/पाईप जलापूर्ति योजनाओं के साधारण मरम्मति हेतु सीधे संपर्क किया जा सकता है जो निम्न रूपेण है:–

| क्र0 सं0 | प्रखंड का नाम | कनीय अभियंता का नाम एवं मोबाईल संख्या | सहायक अभियंता/नोडल पदाधिकारी का नाम एवं मो0 संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी | श्री पंडित कुमार महतो, मो0–9934173014 | श्री राम सुन्दर राम, नोडल पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, खूँटी (ग्रा0) मो0 नं0–7991135236 श्री नकुल मुण्डा, उच्च वर्गीय लिपिक मो0 नं0–9631880244 |
| 2 | मुरहू | श्री ऋषि राज, मो0–9163606099 | |
| 3 | अड़की | श्री ओंकार नाथ मो0–9709276333 | |
| 4 | तोरपा | श्री रावेल होरो, मो0–9661143768 | श्री सुनील खलखो नोडल पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, तोरपा मो0 नं0–8084784990 श्री राजेष मुण्डा, निम्न वर्गीय लिपिक मो0 नं0–9304500296 |
| 5 | रनियां | श्री विजय कुमार मण्डल, मो0–9431948355 | |
| 6 | कर्रा | श्री राकेष कुमार यादव, मो0–9546268147 | |

शिकायत कर्ता नियंत्रण कक्ष को निम्न सूचना के साथ शिकायत देना चाहेंगे ताकि साधारण मरम्मति कर चालू करने के उपरांत आपके मोबाईल पर सूचना दी जा सके:–

1. प्रखंड का नाम........................................
2. पंचायत का नाम........................................
3. ग्राम का नाम........................................
4. टोला/निकटवर्ती व्यक्ति का नाम........................................
5. ग्रामीण जलापूर्ति योजना का नाम........................................
6. शिकायत कर्ता का नाम........................................
7. मोबाईल नं0/दूरभाष नं0 (यदि हो)........................................

सभी नोडल पदाधिकारी नलकूप की मरम्मति शिकायत मिलने के उपरांत शिकायत पंजी में संधारण करते हुए यथाशीघ्र मरम्मति कराना सुनिश्चित करेंगें।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 323324 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D


# 04 जोड़ी एवं 04 वन-वे होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर** : होली के अवसर पर पूर्व में घोषित ट्रेनों के अलावा और 04 जोड़ी होली स्पेषल एवं 04 वन-वे होली स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 07647 /07648 हैदराबाद-दानापुर-हैदराबाद होली स्पेषल (नागपुर-जबलपुर-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू के रास्ते) - गाड़ी सं. 07647 हैदराबाद-दानापुर होली स्पेषल से हैदराबाद से 23.03.2024 (षनिवार) को 20.20 बजे प्रस्थान कर सोमवार को 05.50 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 07648 दानापुर-हैदराबाद होली स्पेषल दानापुर से 26.03.2024 (मंगलवार) को 18.10 बजे खुलकर गुरूवार को 04.30 बजे हैदराबाद पहुंचेगी ।

2. गाड़ी सं. 01151/01152 सीएसएमटी,मुंबई-पटना-सीएसएमटी,मुंबई होली स्पेषल (जबलपुर-प्रयागराज छिवकी के रास्ते) - गाड़ी सं. 01151 सीएसएमटी,मुंबई -पटना होली स्पेषल से मुंबई से 23.03.2024 (षनिवार) को 11.05 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 13.50 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 01152 पटना-सीएसएमटी,मुंबई होली स्पेषल पटना से 24.03.2024 (रविवार) को 17.00 बजे खुलकर मंगलवार को 06.00 बजे सीएसएमटी,मुंबई पहुंचेगी ।

3. गाड़ी सं. 06093/06094 कोयम्बत्तूर-पटना-कोयम्बत्तूर सुपरफास्ट स्पेषल (मोकामा-झाझा-आसनसोल-भुवनेष्वर-पेरम्बूर/चैन्नई के रास्ते) - गाड़ी सं. 06093 कोयम्बत्तूर-पटना सुपरफास्ट स्पेषल से कोयम्बत्तूर से 22.03.2024 (षुक्रवार) को 21.45 बजे खुलकर रविवार को 02.00 बजे भुवनेष्वर, 13.00 बजे आसनसोल रूकते हुए 20.00 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 06094 पटना-कोयम्बत्तूर सुपरफास्ट स्पेषल पटना जं. से 27.03.2024 (बुधवार) को 14.00 बजे खुलकर गुरूवार को 06.30 बजे भुवनेष्वर एवं शुक्रवार को 03.20 बजे पेरम्बूर रूकते हुए 11.00 बजे कोयम्बत्तूर पहुंचेगी ।

4. गाड़ी सं. 03281 /03282 दानापुर-खातीपुरा(जयपुर)-दानापुर होली स्पेषल (डीडीयू-प्रयागराज-आगरा फोर्ट के रास्ते) - गाड़ी सं. 03281 दानापुर- खातीपुरा होली स्पेषल से दानापुर से 07 एवं 13 अप्रैल, 2024 को 21.45 बजे खुलकर अगले दिन 17.00 बजे खातीपुरा/जयपुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03282 खातीपुरा-दानापुर होली स्पेषल से खातीपुरा से 08 एवं 14 अप्रैल, 2024 को 23.30 बजे खुलकर अगले दिन 21.15 बजे दानापुर पहुंचेगी ।

5. गाड़ी सं. 03135 सियालदह-पटना वन-वे होली स्पेषल (आसनसोल-झाझा- मोकामा के रास्ते) - यह स्पेषल सियालदह से 23.03.2024 को 23.55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 10.00 बजे पटना पहुंचेगी ।

## संक्षिप्त खबरें

### होली पर प्रशासन की होगी पैनी नजर, नशे के साथ अपतिजनक गानों पर भी पाबंदी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** होली को लेकर बाजार पूरी तरह से रंग-बिरंगे रंगों और गुललों तथा पिचकारियों से सजी पड़ी है वहीं जिला प्रशासन ने जिले भर के विभिन्न हिस्सों में होली को लेकर गस्त कर रही। जिले भर के अन्य हिस्सों में होली को लेकर कई बड़ी तैयारी की जाती है तथा इस दौरान कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। जिसको लेकर प्रशासन द्वारा जगह-जगह शांति समिति की बैठक कराई गई। जिसमे होली शांति और सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर निर्देश दिए गए है।होली या फिर अन्य त्योहारों में कुछ चंद शरारती तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जाता है वैसे लोगो पर भी प्रशासन की सख्त नजर होगी।वही जिला प्रशासन ने लोगो से अपील की है की इस समय आचार संहिता लगा है किसी भी सोसल मीडिया में आपत्ति जनक पोस्ट या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की कोशिश करने वाले पर शख्त कार्रवाई की जाएगी।

## उपायुक्त ने थाना प्रभारियों को क्लस्टर से बूथ तक के पथ को दुरुस्त करने का दिया निर्देश




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त इंटरमीडिएट स्ट्रॉंग रूम, हैलीपैड, रूटचार्ट एवं अन्य विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में सभी थाना प्रभारियों के साथ क्लस्टर से बूथ तक की स्थिति, बूथ में मतदाता हेतु सुविधाएं, मतदान केंद्रों तक पहुंच पथ, कनेक्टिविटी, सुरक्षा, क्लस्टर में मतदान कर्मियों के लिए सुविधाएं समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, सीआरपीएफ कमाण्डेंट राहुल कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, प्रशिक्षु आईपीएस, अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी हेडक्कार्टर, पेशरार एवं किस्को प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी, पेशरार, जोबांग, सेरेंगदाग एवं किस्को थाना के थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## नहीं थम रहा हाथियों का आतंक, रोज टूट रहा एक घर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा ज़िला अन्तर्गत ठेठईटाँगर प्रखंड के जोराम पंचायत में हाथियों का क़हर लगातार जारी है। ओडील टेटे पति स्व बिनोद टेटे राईबहार पहार टोली, टीमा गोंड़ जोराम पतरा टोली और देवकी तिवारी जोराम पतरा टोली के घर को लगातार तीसरी बार फिर ध्वस्त किया एवम् साथ ही घर में रखे अनाज को खा गये एवं घर में रखे कई सामान घर के मलवा गिरने से दबकर बर्बाद हो गया। भुग्तभोगी परिवार को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है एवं विभाग से इस अकेला जंगली हाथी को कहीं अन्यत्र ले जाने की मांग कर रहे हैं क्योंकि इस हाथी के द्वारा रोज एक या दो घर को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है।

## मध्याह्न भोजन के 16 बोरा चावल विद्यालय से चोरी की घटना को अज्ञात चोरो ने दिया अंजाम




**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के गजनी पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गाराडीह गजनी कैरो मे विद्यालय के छात्र-छात्राओ की मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत विद्यालय मे रखे गए 16 बोरा चावल वजन लगभग 08 क्विंटल की चोरी की घटना को अज्ञात चोरों ने दिया अंजाम। उक्त संबंध मे राजकीय उत्क्मीत उर्दू उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य देवनंदन नायक और विद्यालय प्रवंधन समिति के अध्यक्ष डहरू उराँव ने कैरो थाना को दिये गये शिकायत आवेदन के माध्यम से बताया कि नियमित दिनो के तरह ही जब हमने 21 मार्च गुरुवार को विद्यालय समयावधि मे जब विद्यालय आया तो देखा कि मध्याह्न भोजन योजना के तह्त चावल स्टाक रूम का दरवाजा खुला हूआ है, उसमे रखे योजना के 16 बोरा चावल वजन लगभग 08 क्विंटल चावल गायब है। मामले पर कैरो थाना प्रभारी नीरज झा ने कहा कि विद्यालय प्रवंधन द्वारा आवेदन के माध्यम से घटना की जानकारी कैरो थाना को दी गई है, घटना की जाँच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विश्व जल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा के बीएड और डी एल एड के प्रशिक्षुओं द्वारा विश्व जल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रशिक्षुओ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वर्तमान में द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु जो सरकारी विद्यालयों में शिक्षण अभ्यास हेतु गए है उन्होंने वहा भी जल संरक्षण के लिए गढ्ढों का निर्माण किया और जागरूकता कार्यक्रम चलाया,इसी प्रकार प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओ द्वारा गड्ढों का निर्माण कर नेवी, अर्चना, आंचल, दिलेश्वर, स्वीटी, सुसारी, शैम, विकास,ओनोल,किरण आदि ने जागरूकता अभियान चलाया और जल का क्या महत्व है इसके संरक्षण, जल स्तर बढ़ाने के उपायों आदि पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्वयं भी संकल्प। लिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, रेणुका, शिव, अजॉय, पंकज, ऋतु, ममता, कुंदन, गिद्ध चिनीबास, शशि, जंगबहादुर, मनु आदि उपस्थित रहे।

## बिजली चोरी मामले में तीन नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के सेन्हा में विद्युत ऊर्जा चोरी रोकने को लेकर विधुत विभाग के सहायक अभियंता अजू कच्छप की अगुवाई में छापा मारी अभियान चलाया गया तथा उन्होंने सेन्हा थाना में आवेदन कर तीन नामजद के विरुद्ध बिजली चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। साथ ही उन्होंने बताया की गुरुवार को विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ एक छापामारी दल का गठन कर सघन छापामारी अभियान चलाया गया। वही छापामारी दल में सहायक विधुत अभियंता अजु कचछप, सारिणी पुरुष सुबोध कुमार सिन्हा, उपेन्द्र सिंह, फिरोज अखतर, मानव दिवस कर्मी भोला साहू शामिल थे। छापामारी के क्रम में सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा निवासी जगरनाथ प्रसाद का पुत्र नितेश कुमार, हजारी प्रसाद साहु का पुत्र विकाश साहु और सेराज अंसारी का पुत्र इम्तियाज अंसारी के विरुद्ध विधुत अधिनियम की धारा के अन्तर्गत कांड संख्या 19/24 दर्ज किया गया है।

### रमजान माह पर इबादत में गुजारे वक्त हाफिज गुलाम मुस्तफा

## रमजान महिना के दूसरे जुम्मा पर शुक्रवार को नमाजियो ने पढ़ा नमाज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** रमजान माह के दूसरे जुम्मे पर मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में रमजान माह का दूसरे जुम्मा की नमाज पढ़ी और क्षेत्र के लिये अम्न चैन की दुआ मांगे। वही सेन्हा जमा मस्जिद के इमाम हाफिज गुलाम मुस्तफा ने मुस्लिम धर्मावलम्बियों को नमाज से पहले संबोधित करते हुए कहा की रमजान माह में इबादत कर जीवन गुजारे और रोजा रखें, रोजेदार को सीधा खोदा देखता है। अल्लाह जानता है.की कौन व्यक्ती रोजा रखा है। या नही इस लिये रमजान के पर सभी मुसलमान ईमान के साथ रोजा रखें और साथ ही कहा कि पड़ोसी या अन्य लोगो से हर मामले में बेहतर व्यवहार करें तथा खुशी और गम में सभी का साथ दें रोजेदारों की दुआ बहुत जल्द काबुल होती है। वही मुस्लिम धर्मानुसार बताया कि हर दौर में अंबियाओ ने अपने अपने तरीके से रोजा रखा है। प्रखंड क्षेत्र के उगरा, सेरेंगहातु, कल्हेपाट,अरु, सेन्हा, बुटी, झखरा, भड़गाँव, अरु बाँधटोली, भंगाडी, तोड़ार सहित सभी जगहों के मस्जिद में रमजान महीने का दूसरे जुम्मे पर शुक्रवार को एक साथ नमाज अदा की गई। और रोजेदारों द्वारा क्षेत्र की खुशहाली अमन चैन की दुवाएं मांगी गई।

## मरहूम हिफिजुर रहमान मेरे प्रिय थे उनके निधन से हम सभी के लिए अपूर्ण छती हुई है : रामेश्वर उरांव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** शुक्रवार को विधायक लोहरदगा सह झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव आज कुडू ब्लॉक निवासी एवं रोजगार सेवक, पुराने कांग्रेसी नेता स्वर्गीय हिफजुर्रहमान साहब के आवास हमीद नगर पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार से मिले और अपनी संवेदना व्यक्त की। मंत्री जी ने कहा कि हिफजूर रहमान साहब बहुत ही मिलनसार और दिलदार आदमी थे। इनकी जितनी तारीफ की जाए कम है। 2004 से ही हमारे संपर्क में थे। इन्होंने बहुत लोगों का काम मेरे द्वारा कराया था। व्यस्तता के कारण मै मिट्टी में शामिल नहीं हो सका लेकिन मृत्यु की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ मैं सच्चे मन से उनको अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं और कांग्रेस पार्टी एक सच्चे और अच्छे आदमी को खोया है जिसकी क्षतिपूर्ति में समय लगेगा। ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि हिफजुर रहमान साहब को स्वर्ग में ऊंचा स्थान दें। मंत्री जी ने उपायुक्त लोहरदगा से मोबाइल पर बात करके परिवार पर विशेष ध्यान देने की बात कही और कुडू बीडीओ से पारिवारिक लाभ देने की बात की। साथ ही बच्चों से उनकी शिक्षा और रोजगार के संबंध में बात की मौके पर सरकारी लाभ देने की बात कही उपायुक्त महोदय से बात कर जल्द ही आउटसोर्स के माध्यम से रोजगार देने की बात के। इस मौके कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद,विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल,मंत्री के आप्त सचिव संजय कुमार, लोहरदगा कांग्रेस के जिला सचिव इकबाल खान, जिला महासचिव सामुल अंसारी, सचिव हाजी सदरुल अंसारी, रविंदर सिंह, असलम अंसारी, संजय नायक, रंजीत महली, पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद इकबाल, मुफ्ती आहार साहब, हिफजुल रहमान सब के तीनों बेटे कैफ अहमद, फैज अहमद, रजी अहमद, मो जुनैद, एजाज अंसारी अन्य लोग उपस्थित थे ।

## बीडीओ ने बैठक कर प्रखंड कर्मियों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीडीओ ने बैठक आयोजित कर प्रखंड कर्मियों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू द्वारा प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक कर प्रखंड कर्मियों को बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदताओं तथा मतदान कर्मियों के लिये मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय सहित अन्य सुविधाओं होनी चाहिये जिसे मतदाता और मतदान कर्मियों को परेसानी न हो जिस पर चर्चा करते हुए प्रखंड कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही बीडीओ श्री मुर्मू ने प्रखंड कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिस भी मतदान केंद्र में बिजली, पानी, दिव्यांग मतदाता के लिये रैम्प और शौचालय का व्यवस्था नही है। वैसे मतदान केंद्र को चिन्हित कर यथाशीघ्र रिपोर्ट देने की बात कही गई। जिसे की चुनाव से पूर्व वैसे मतदान केंद्रों में आवश्यक सभी सुविधा मुहैया कराया जायेगा। मौके पर सुजीत उराँव, ओमप्रकाश साहु, नागमणी उराँव, रिजवान अख्तर, डॉली तिर्की, आरती चेरमाको, गुहा उराँव, अजय वर्मा, संदीप रजक सहित अन्य सभी प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के कण्डरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा चुनाव आयोग के निर्देश पर दण्डाधिकारी की मौजूदगी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आर्दश अचार संहिता लागू होने के कारण चुनाव आयोग के निर्देशानुसार स्टेटिक सर्विलांस टीम के द्वारा एस आई मनोज कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के क्रम में किसी राजनीति पार्टी का चुनावी पोस्टर, झंडा, अवैध हथियार, गंजा, ब्राउन शुगर, चरस, शराब या अन्य नशिला पदार्थ तथा पैसा का जांच किया गया। वही वाहन जांच के दौरान जानकारी देते हुए एस आई मनोज कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 50 हजार रुपैया नगद या उसे अधिक पैसा साथ लेकर चलना चुनाव आयोग द्वारा सख्त मना है। यदि कोई बि व्यक्ति ऐसा करते हुए या नगद पैसा के साथ पकड़े जाते हैं। तो उन्हें इसकी पूरी जानकारी देना होगा। मौके पर दण्डाधिकारी निरल धान व एस आई मनोज कुमार दल बल के साथ मौजूद थे।

## भाजपा नगर मंडल हटिया मुहल्ला में वार्ड नं 18 शक्ति केंद्र में हुआ आवश्यक बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के हटिया मुहल्ला में वार्ड नं 18 शक्ति केंद्र का आवश्यक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर उपाध्यक्ष संगीता कुमारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष श्री अमरेश भारती उपस्थित रहे। संयोजक श्री राजेश महतो ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी के रूप में श्री समीर उरांव का घोषणा हो चुका है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए श्री समीर उरांव जी को हर हाल में जीताना होगा।ताकि धर्म, संस्कृति और देश का विकास निर्बाध रूप से होता रहे।जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक लाभार्थियों के घर घर जा कर लोगों से आग्रह करना होगा। नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी का 370 भाजपा और एनडीए 400 पार के नारा को साकार करना होगा। इसके लिए हमलोगों को लगातार बिना थके काम करने की आवश्यकता है। जिससे मोदी जी का मिशन 2047 का विकसित भारत और भारतीयों का सपना साकार हो सकेगा। बैठक में श्री रामावतार वर्मन, विक्की कुमार, अशोक कांस्यकार, मुरलीधर अग्रवाल, गीता देवी अभिनव कुमार, अनुप कांश्यकार, संगीता कुमारी, ज्योति देवी, लक्ष्मी देवी, रेखा देवी, सुधा देवी, प्रभा देवी, सुनैना देवी, सुनैना देवी आदि मौजूद रहे।

## झामुमों के पुर्व जिला उपाध्यक्ष एवं पुर्व केन्द्रीय समिति सदस्य ने थामा भाजपा का दामन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में शुक्रवार 22 मार्च को झामुमों के पुर्व लोहरदगा जिला उपाध्यक्ष एवं पुर्व झामुमों केन्द्रीय समिति सदस्य लाल बैधनाथ नाथ शहादेव ने भाजपा का दामन थाम लिया। उन्हें भाजपा के दामन थामने पर कुडू मंडल भाजयुमों अध्यक्ष सरजू कुमार साहू एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नवीन कुमार चुन्नू ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर बैधनाथ लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यों से प्रभावित होकर आज भाजपा का दामन थामा है। इस लोकसभा चुनावों में मोदी जी का जो संकल्प है अबकी बार 400 पार इसको साकार करना है और लोहरदगा लोकसभा से भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी को जिताना है। इसके लिए आज से ही मैं अपने कार्यों में लग जाऊंगा और क्षेत्र में भाजपा को और भी मजबूत बनाने का कोशिश करूंगा। वहीं भाजयुमों मंडल अध्यक्ष सरजू कुमार साहू ने कहा कि बैधनाथ जी का भाजपा में आने से भाजपा की जमीनी स्तर पर और भी पकड़ मजबूत होगी। तथा आने वाले चुनाव में इसका फायदा देखने को मिलेगा। इस मौके पर भाजपा महामंत्री यदुनंदन तिवारी, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री दुबराज वर्मा, ओबीसी मोर्चा कुडू मंडल अध्यक्ष नवीन कुमार चुन्नू, सांसद प्रतिनिधि भुषण प्रसाद, अमोद पाठक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा सिमडेगा ने मनाया होली मिलन समारोह

## खूंटी लोकसभा में लहरेगा भाजपा का परचम : बबन गुप्ता




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला कार्यालय में भाजपा कार्य समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि आपसी गिले शिकवे को भुलाते हुए सभी कार्यकर्ताओं को खूंटी लोकसभा के प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की जीत सुनिश्चित करनी है, आज पूरे विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का डंका बज रहा है खूंटी लोकसभा से भी भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीत कर अबकी बार 400 पर का नारा को बुलंद करना है। कार्य समिति बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर नवनियुक्त जिला प्रभारी बबन गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की सिमडेगा भाजपा के कार्यकर्ताओं में जुनून है जिस तरह से कार्यकर्ताओं ने संगठन के सभी कार्यों को सुगमिता पूर्वक किया है हम सबों को लोकसभा चुनाव में जी जान से जुट जाना है सभी लाभार्थियों से संपर्क कर केंद्र सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंच कर मोदी जी के प्रणाम को पहुंचना है एवं खूंटी लोकसभा से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को जीत कर पुनः झारखंड का परचम लहराना है, आज देश ही नहीं विदेशों में भारत देश का नाम इज्जत के साथ लिया जाता है यह आपके वोट के बदौलत है हम सभी कार्यकर्ता आज संकल्प में की खूंटी लोकसभा से प्रचंड बहुमत से भाजपा प्रत्याशियों को जीत कर मोदी जी के अबकी बार 400 पर के नारा को बुलंद करेंगे, कार्यकर्ता बैठक के बाद सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को रंग अभी लगाकर होली की शुभकामनाएं दी एवं आपसी गीले शिकवे भुलाकर चुनाव में मजबूत रूप से कार्य करने का प्रण लिया मौके पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान एवं पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा ने भी संबोधित किया मंच संचालन महामंत्री दीपक पुरी ने किया मौके पर सभी भारतीय जनता पार्टी के जिला सहित प्रखंड स्तर के सभी कार्यकर्ता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सेन्हा थाना परिसर में होली को लेकर अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना परिसर में रंगों का त्यौहार होली को लेकर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुआ। वही सीओ राकेश कुमार तिवारी ने शांति समिति के सदस्य व आम जनों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार में एक-दूसरे की आस्था का सम्मान करें और सभी लोग आपस मे मिलजुलकर खुशी के साथ पर्व मनाये आपस मे मिल जुल कर पर्व त्यौहार मनाने से खुशी दोगुनी हो जाती है। वही प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेंदात शंकर ने कहा कि आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोग शांति भंग करने के उद्देश्य से अफवाह न फैलाये तथा होली के दौरान डीजे व साउंड पर नियंत्रण रखें बस आपत्तिजनक गाना न बजाएं। साथ ही कहा कि नशापान पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। असमाजिक तत्वों पर प्रखंड प्रशासन और पुलिस प्रशासन पैनी नजर है?। मौके पर सीओ राकेश कुमार तिवारी, प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेंदात शंकर, प्रमुख फुलझरी देवी, पुअनि मनोज कुमार, अविनाश राम, मनीष कुमार, सअनि रामचंद्र मांझी के अलावे मिथलेश मिश्रा, रामलखन प्रसाद, गुजरात खान, अजय साहू, इम्तियाज अंसारी, मुख्तार अंसारी, त्रिलोकी सिंह, बालेश्वर उरांव, सौकत अंसारी, मुनेश्वर साहू, दिलीप उरांव सहित शान्ति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## होली व रमजान का त्योहार को लेकर प्रखंड प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से होली व रमजान का त्योहार संपन्न कराने के लिए प्रखंड प्रशासन सजग है। क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को सीओ दुर्गा कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान सीओ दुर्गा कुमार व भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह की अगुवाई में भंडरा प्रखंड कार्यालय से फ्लैग मार्च शुरु कर कुंबाटोली,नौडीहा बस्ती होते हुए पूरे प्रखंड बस्ती का भ्रमण कर लोगों से शांतिपूर्ण त्योहार मनाने को लेकर अपील किया गया। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि भंडरा प्रखंड के सभी गांव में प्रखंड प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। त्योहार के दौरान किसी भी शरारती तत्वों द्वारा आपसी सौहार्द खराब करने की कोशिश किया जाता है, तो दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई तय है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए पुलिस प्रशासन सजग है। कोई भी व्यक्ति किसी धर्म को लेकर आपसी सौहार्द खराब करने की कोशिश करता है, तो वैसे व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन क्षेत्र के सभी इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर निगरानी बनाएं हुए है। मौके पर पुलिस के जवान व अधिकारी मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### लोकतंत्र की हत्या है अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार करना : सौरभ श्रीवास्तव



**अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी लोकतंत्र का काला अध्याय : राकेश तिवारी**

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी पर पलामू के आम आदमी पार्टी प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव और कार्यकारी ज़िला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने एक संयुक्त प्रेस बयान ज़ारी कर इस पर अपना विरोध दर्ज कराया। सौरभ ने कहा कि देश के आम चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के बढ़ते प्रभाव से भाजपा घबरा गयी थी इसी लिए केंद्रीय एजेंसी का ग़लत इस्तेमाल कर उन्होंने पार्टी के मुखिया को गिरफ़्तार करवा दिया। यह भाजपा प्रायोजित गिरफ़्तारी है और इसकी पटकथा भाजपा मुख्यालय से लिखी जा रही है जिसके लेखक खुद प्रधानमंत्री हैं। लेकिन आने वाले चुनाव में भाजपा की यह फ़िल्म फ्लॉप होने वाली है और जनता इसका ज़बाब देगी। जब एक वर्ष से ज़्यादा समय से मनीष शिशोदिया को गिरफ़्तार कर के रखा गया और उनके ख़िलाफ़ आरोप पत्र तक दाखिल नहीं कर सकी ईडी तो फिर उसी मामले में एक चुने हुए मुख्यमंत्री को गिरफ़्तार करने का क्या औचित्य है। पलामू के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा की देश अघोषित तानाशाही की ओर बढ़ गया है और कुछ दिनों बाद भाजपा शब्दकोश से विपक्ष शब्द को ही ख़त्म कर देगी। राकेश ने कहा की आचारसंहिता लगने के बाद एक सोची समझी रणनीति के तहत अरविंद जी की गिरफ़्तारी हुई है इससे पूरे देश के पार्टी कार्यकर्ताओं और आम लोगों में रोष है। पार्टी में बैठकों का दौर ज़ारी है और रूपरेखा तैयार की जा रही है। जल्द ही अचार संहिता नियमावली के अनुरूप आप पलामू बड़े विरोधप्रदर्शन के लिये संबंधित अधिकारियों से इजाज़त माँगेगी और लोकतांत्रिक तरीक़े से अपना विरोध प्रदर्शित करेगी।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश के लिए 90 फीसदी आवेदकों ने दी परीक्षा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के 80 जिलास्तरीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए आज प्रवेश परीक्षा हुई। इसमें कुल आवेदक के 90 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 36,230 विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र जारी किया गया था। प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण रही। प्रवेश परीक्षा देने आये विद्यार्थी और उनके अभिभावक दोनों उत्साहित दिखे। परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गए थे। 30 मार्च को प्रवेश से संबंधित पहली मेधा सूची का प्रकाशन किया जाएगा। एक अप्रैल से सात अप्रैल तक चयनित विद्यार्थियों का नामांकन होगा। आठ अप्रैल नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो जायेगी। इस वर्ष मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए रिकॉर्ड आवेदन आये थे। आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्राप्त किये गए थे। उत्कृष्ट विद्यालयों की 8,984 सीटों के विरुद्ध 36,230 आवेदन प्राप्त हुए थे।

# मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले मांडू विधायक जयप्रकाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से दिल्ली में मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया।



उन्होंने कहा कि पार्टी में एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में शामिल हुआ हूं। पार्टी जिस काम में लगाएगी उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पूरा करूंगा।मुलाकात के संवाददाताओं से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि नदी की धारा में हमेशा मरी हुई मछलियां बहती हैं, जिन्दा लोग तो धारा के विपरीत चलते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार सुरक्षा की गारंटी होती है। जब सरकारें भय का कारण बन जाती हैं तो नौजवान कार्यकर्ताओं को हिम्मत के साथ मुकाबला करना पड़ता है।ठाकुर ने कहा कि वर्तमान में देश में ऐसे हालात बन गए हैं कि सरकारी ताकत के बूते आम आदमी की आवाज को दबाने की प्रवृति लोकतंत्र के लिए चुनौती बन गई है। ऐसे में जयप्रकाश भाई पटेल जैसे लोग अब इन चुनौतियों को डटकर मुकाबला करने के लिए तैयार हैं और अब इनकी आवाज जो भाजपा में कुंड थी अब प्रखरता के साथ जनता में गुंजेगी।यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने दी।

## उपायुक्त ने किया मतदान सामग्री और इवीएम मशीन वितरण केंद्र का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित फुटबॉल मैदान में मतदान सामग्री और इवीएम मशीन वितरण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने सम्बंधित सभी अधिकारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने बताया कि 13 मई को होने वाले मतदान के लिए मांडर और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के लिए सामग्री एवं ईवीएम का वितरण मोरहाबादी स्थित फुटबॉल मैदान से किया जाएगा। रांची लोकसभा के होने वालें मतदान के लिए 24 मई को भी चुनाव सामग्री एवं ईवीएम का वितरण यहीं से किया जाएगा। सभी चुनाव सामग्री एवं ईवीएम लेकर मतदान कर्मी मोरहाबादी स्थित फुटबॉल मैदान से लेकर अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए प्रस्थान करेंगे। उपायुक्त ने मतदान सामग्री एवं इवीएम मशीन वितरण केंद्र के पूरे परिसर की साफ-सफाई कराने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया ।

## भाजपा ने निर्वाचन आयोग को सौंपा कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय का कथित ऑडियो क्लिप



**एजेंसी**

**रांची :** प्रदेश भाजपा ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार को महगामा की कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह का एक कथित ऑडियो क्लिप सौंपा है। भाजपा ने दावा किया कि ऑडियो क्लिप में विधायक की आवाज है और वह किसी मुखिया रफीक भाई के साथ बातचीत कर रही हैं। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन भी सौंपा और मामले की जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस बातचीत में आचार संहिता का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन हो रहा है और भ्रष्टाचार से संबंधित बड़ा रैकेट के होने की भी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

भाजपा ने कहा कि ऑडियो क्लिप में हुई बातचीत में जिस बुलबुल का जिक्र हुआ है, वह कौन है, जिसे विधायक 25 लाख रुपये देने की बात कह रही हैं।

# होली एवं रमजान पर्व के मद्देनजर जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित

**डीसी व एसपी ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने का किया अपील**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली एवं रमजान पर्व सम्पन्न कराने को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय समेत जिला के अन्य वरीय पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यों के रूप में विभिन्न प्रखंडों से आए जन प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।



बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला में सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व संपन्न कराने की बात कहते हुए उपस्थित शांति समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गई। बैठक में सदस्यों ने पूर्व के दिनों में मनाए गए त्योहारों की जानकारी दिया। उन्होंने जिला प्रशासन को भरोसा दिलाया कि पूर्व के दिनों में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना गढ़वा जिला में घटित नहीं हुई है एवं किसी भी त्योहार में हम सभी जाति धर्म के लोग आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द माहौल में हंसी खुशी हर पर्व को मनाते आ रहे हैं। उपायुक्त ने खुशी व्यक्त करते हुए शांति समिति के सदस्य से आगे भी इसी प्रकार प्रेम और भाईचारा का संदेश देते हुए राज्य में गढ़वा जिले का उदाहरण प्रस्तुत करने की बात कहीं। बैठक में उपायुक्त द्वारा त्योहारों के दौरान विद्युत आपूर्ति एवं पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने हेतु संबंधित कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी से सहयोग की अपेक्षा की बात कही। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान प्रशासन के साइबर सेल द्वारा लगातार सोशल मीडिया पर किए जा रहे पोस्ट पर पैनी नजर रखी जाएगी। शांति समिति के सदस्यों के माध्यम से उन्होंने आमजनों से अपील किया कि त्यौहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर टोल फ्री नंबर 100 डायल कर पुलिस प्रशासन को सूचना जरूर दें। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जन प्रतिनिधि एवं विभिन्न प्रखंडों के शांति समिति के सदस्य, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतीयश विजय टोप्पो, अनुमण्डल पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

**संत मरियम विद्यालय में जमकर उड़ा अबीर-गुलाल**

# आपसी भाईचारा को बढ़ाता है होली : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय के आवासीय परिसर में गुरुवार की संध्या होलिकोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श उपप्राचार्य एस.वी. साहा व अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने इस कार्यक्रम में आए कलाकारों को लाल चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में संगीत के धुन और अबीर, गुलाल व नृत्य के धूम में बच्चें झूमते नजर आए। वही इस संध्या को रंगीन एवं संगीतमय बनाने के लिए आए कलाकारों का प्रदर्शन व छात्रावास परिसर के बच्चों के हाथों से उड़ रहे अबीर व गुलाल एवं उनके खिलखिलाते चेहरे पर लगी हुई रंग-बिरंगे गुलाल, संगीत पर झूमते हुए नन्हे मुन्ने बच्चें वाकई मे परिसर के सुंदरता मे चार चांद लग रहा था। साथ ही इस विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं समस्त कर्मचारी एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर आपसी प्रेम, भाईचारा व सद्भावना का परिचय दिया।



मौके पर उपस्थित विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने शिक्षक, शिक्षिकाएं समस्त कर्मचारी समेत सभी बच्चों को रंगोत्सव होली की शुभकामनाएं दिया। साथ ही इन्होंने होली पर्व के धार्मिक मान्यताओं के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारा प्रेम व सद्भावना का त्यौहार है, सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना एवं आपसी गिले- शिकवे दूर करके पर्व को मनाना चाहिए, साथ ही साथ इन्होंने रंगों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि होली में हम एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाते हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि हम सब उनके चेहरे या बदन को रंगीन करना चाहते हैं बल्कि लोग एक दूसरे को गुलाल लगाकर यह कामना करते हैं की जिस तरह से इस पर्व में आपके चेहरे रंगीन है, इसी तरह आपका जीवन भी कभी रंगहीन ना हो हमेशा रंगीन रहे खुशी और संपन्न रहें। मौके पर इस परिसर को मंत्रमुग्ध व संगीतमय बनाने में अपना योगदान दे रहें गायक पंकज निराला जी, श्याम सर छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, एडवोकेट ओंकार नाथ तिवारी, प्रवीण दुबे सभी समन्वयक समस्त कर्मचारी गण के साथ-साथ सैकड़ो बच्चे मौजूद थे।

# अरविंद केजरीवाल को मिला उनके कर्मों का फल : अन्ना हजारे



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया। उनकी गिरफ्तारी के बाद इंडी गठबंधन के नेताओं ने केंद्र सरकार को घेरा है, जबकि सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा कि उनके कर्मों के के कारण ही उनकी गिरफ्तारी हुई है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए अन्ना हजारे ने कहा,मैं बहुत दुखी हूं कि अरविंद केजरीवाल जो कभी मेरे साथ काम करते थे, उन्होंने शराब के खिलाफ अपनी आवाज उठाई थी। अब वह खुद शराब नीतियां बना रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी उनके कर्मों के कारण ही हुई है।अन्ना हजारे ने मीडिया को बताया कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल को इस तरह की नीति लागू नहीं करने की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा, ÷मैंने बोला था कि हमारा काम शराब नीति बनाना नहीं है। एक छोटा बच्चा भी यह जानता है कि शराब बुरी चीज है। लेकिन उन्होंने नीति बनाई। उन्हें लगा कि वह इससे ज्यादा पैसे कमा लेंगे, इस वजह से उन्होंने इस नीति को लागू किया। मैंने उन्हें दो बार चिट्ठी भी लिखी। बता दें कि शराब घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के अलावा विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, समीर महेंद्रू, पी सरथ चंद्रा, बिनोय बाबू, अमित अरोड़ा, गौतम मल्होत्रा, राघव मंगुटा, राजेश जोशी, अमन ढाल, अरुण पिल्लई, मनीष सिसोदिया, दिनेश अरोड़ा, संजय सिंह, के. कविता को गिरफ्तार किया गया है। जनलोकपाल बिल आंदोलन के दौरान अन्ना हजारे की कोर टीम में शामिल अरविंद केजरीवाल का नाम जनता के सामने आया था। 2011 में शुरू हुई इस आंदोलन में केजरीवाल एक प्रमुख चेहरा थे, जिन्होंने अन्ना हजारे के साथ मिलकर जन लोकपाल विधेयक को लागू करने की मांग की थी। अन्ना हजारे ने नई दिल्ली में जंतर मंतर पर भूख हड़ताल शुरू की। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने किरण बेदी के साथ मिलकर विदेशों से काले धन को वापस लाने के लिए तत्कालीन सरकार को घेरा था।

## हेमंत सोरेन और केजरीवाल में बहुत सारी समानताएं : प्रतुल

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को सत्ताधारी गठबंधन पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड और दिल्ली में बहुत सारी समानताएं हैं। प्रतुल ने कहा कि जहां हेमंत सोरेन ने ईडी के 10 समन को नजरअंदाज किया था, वहीं अरविंद केजरीवाल ने भी नौ समन को नजरअंदाज किया। वह भी तब जब इन्होंने कानून के प्रति आस्था की शपथ ली थी। प्रतुल ने कहा कि केजरीवाल ने दवा से दारू और मोहल्ला क्लीनिक से महल तक का लंबा राजनीतिक सफर तय कर लिया। ऐसा लगता है केजरीवाल ने शराब के बोतल पर लिखा लेवल ही नहीं पढ़ा, जिसमें साफ लिखा है कि शराब स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। शराब नीति में बड़ा परिवर्तन करके अरबों रुपये का राज्य सरकार को नुकसान पहुंचाने के आरोप के कारण आज वह गिरफ्तार हो गए हैं।


झारखण्ड सरकार

GOVERNMENT OF JHARKHAND

**संदेश**

प्रतिवर्ष मार्च माह के अंतिम शनिवार को 'अर्थ ऑवर' मनाया जाता है। यह वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड फॉर नेचर (WWF) की एक प्रभावी पहल है, जिसका आरंभ 2007 में किया गया था। इसका उद्देश्य प्रकृति की रक्षा, जलवायु संरक्षण से निपटने व मानव जीवन के उज्जवल भविष्य को बेहतर दिशा देने हेतु मिलकर काम करने के लिए जागरूकता को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना है।

वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड फॉर नेचर-भारत प्राकृतिक वातावरण के संरक्षण हेतु समर्पित है। हर वर्ष अर्थ ऑवर 'पर एक घंटा के लिए स्वेच्छा से गैर जरूरी रोशनी बंद कर इस अभियान में लोग प्रतिबद्धता से भाग लेते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए इस प्रतीकात्मक आह्वान में ऊर्जा बचाने हेतु गैर आवश्यक प्रकाश के उपयोग को कम करना है। इस वर्ष अर्थ ऑवर 'शनिवार 23 मार्च, 2024 को रात्रि 08:30 से 09:30 तक मनाया जा रहा है।

अतः सभी राज्यवासियों से आह्वान है कि वे इस अवधि में अपने-अपने घरों में अनावश्यक प्रकाश को बंद रखकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करना चाहेंगे। इस अवधि में सभी कार्यालयों/प्रतिष्ठानों में भी अनावश्यक प्रकाश बंद करने की दिशा में समुचित कार्य किया जाय।

(सी०पी० राधाकृष्णन)
राज्यपाल, झारखण्ड

PR NO-323333 (Governor) 23-24 सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार